ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 27 मई 2024
वर्ष 34, अंक 120, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युवाओं को देंगे अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा 16
मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही 15

## हाईकोर्ट ने पूछा : बताएं, किस कानून के तहत चलाया जा रहा था गेम जोन

- हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात हाईकोर्ट की विशेष पीठ ने रविवार को राजकोट के गेम जोन में आग लगने की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे प्रथम दृष्टया मानव निर्मित आपदा बताया है। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे गेमिंग जोन और मनोरंजक सुविधाएं सक्षम अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी के बिना बनाए गए हैं। पीठ ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वे सोमवार को इस निर्देश के साथ उपस्थित हों कि कानून के किन प्रावधानों के तहत अधिकारियों ने इन इकाइयों को अपने अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया या संचालित करना जारी रखा।

राजकोट में शनिवार शाम लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 12 साल से कम उम्र के चार बच्चे भी शामिल थे। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। ये सभी यहां गेम जोन में गर्मियों की छुट्टियों का आनंद ले रहे थे।

### शवों की पहचान को लिए डीएनए नमूने

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में गेम जोन हादसा मामले में एसआईटी ने रविवार तड़के स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक की। अधिकारियों ने बताया कि जले हुए शवों की पहचान के लिए लोगों के परिजनों के डीएनए के नमूने एकत्र किए गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने घटनास्थल और एक अस्पताल का दौरा किया जहां घायलों को भर्ती कराया गया है। गेम जोन के मालिक और प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच के लिए एसआईटी शनिवार राजकोट पहुंची।

## कोलकाता नाइट राइडर्स बना आईपीएल-2024 का चैंपियन



- 52 रनों की नाबाद पारी खेलकर वेंकटेश ने दिलाई आसान जीत
- 3 विकेट चटकाकर आंद्रे रसल ने तोड़ी सनराइजर्स की कमर

चेन्नई, एजेंसी

आंद्रे रसल और स्टार्क के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर नाबाद 52 और रहमानउल्लाह गुरबाज 39 रनों की तूफानी पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को एकतरफा अंदाज में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर 10 साल के इंतजार के बाद एक बार फिर ट्रॉफी पर कब्जा कर आईपीएल 2024 सत्र का चैंपियन बन गया। कोलकाता चार बार फाइनल में पहुंची है और तीन बार उन्हें जीत हासिल हुई है। 114 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में नारायण (6) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उसके बाद वेंकटेश ने नाबाद 52 रनों की पारी खेली। वहीं रहमानउल्लाह गुरबाज 39 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता ने 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर खिताबी मुकाबला जीत लिया। इस जीत में गेंदबाज आंद्रे रसल को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए। वैभव अरोड़ा , सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## सपा सरकार में लोग डर से कांपते थे, अब थर-थर कांपता है माफिया

### मिर्जापुर में बोले प्रधानमंत्री, योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार माफिया की सफाई अभियान को बड़ी बहादुरी के साथ पूरा कर रही है। योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट हैं। कहा कि सपा सरकार में जनता थर-थर कांपती थी, मगर भाजपा सरकार में माफिया थर-थर कांप रहे हैं। मोदी रविवार को मिर्जापुर जिले के मझवां में मिर्जापुर लोकसभा सीट से अपना दल की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल, रॉबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल और दुद्धी (सोनभद्र) विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी श्रवण कुमार गौड़ के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी है। ये लोग धार्मिक आधार पर आरक्षण लागू करके बाबा साहब की पीठ में छुरा भोंकना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के एक-एक वोट की ताकत से जहां एक तरफ अयोध्या में श्रीराम मंदिर बना है तो वहीं दूसरी ओर मां विंध्यवासिनी का नव्य-भव्य धाम भी तेजी से बन रहा है।

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को देश अच्छी तरह से जान गया है। सपा ने अपने परिवार के अलावा किसी अन्य यादव को टिकट नहीं दिया। कहा कि कानून व्यवस्था और सपा का छत्तीस का आंकड़ा रहा है। जीवन और जमीन कब छिन जाए कोई नहीं जानता था। सपा में माफिया को भी वोट बैंक के हिसाब से देखा जाता था। मगर, अब ऐसा नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब इनके निशाने पर हमारे देश का पवित्र संविधान है। ये दलित, पिछड़ों और आदिवासियों का हक लूटना चाहते हैं। संविधान साफ-साफ कहता है कि धर्म के आधार पर आरक्षण हो ही नहीं सकता। 2012 में उप्र. विधानसभा चुनाव के समय जनवरी में सपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया था। तब उसमें कहा था कि जैसे दलितों, पिछड़ों को आरक्षण मिला है वैसे ही मुसलमानों को आरक्षण दिया जाएगा। यहां मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, संजीव गौड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, राज्यसभा सांसद राम सकल सहित अन्य मौजूद रहे।



- मोदी ने कहा-सपा का कानून व्यवस्था से छत्तीस का आंकड़ा

### हम घर का मिस्त्री नहीं बदलते ये पीएम बदलेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा हम जब अपना घर बनाते हैं तो हर महीने नया मिस्त्री नहीं लगाते। इंडी गठबंधन कह रहा है कि पांच साल में पांच प्रधानमंत्री होंगे। जब हम एक घर बनाने के लिए पांच बार मिस्त्री नहीं बदलते तो पांच प्रधानमंत्री कैसे रखेंगे। कोई प्रधानमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में ही लगा रहेगा तो वो देश को मजबूत कैसे बनाएगा, इसलिए मजबूत देश के लिए प्रधानमंत्री भी मजबूत होना चाहिए।

### मेरा बचपन कप-प्लेट धोते धोते बीता

अपना दल के चुनाव चिह्न कप-प्लेट की ओर इशारा करते हुए मोदी ने मिर्जापुर की उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल की सराहना करते हुए कहा, मैं बचपन में कप प्लेट धोते-धोते बड़ा हुआ हूं। चाय पिलाते-पिलाते बड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रहे कि आप सिर्फ एमपी नहीं, पीएम भी चुन रहे हैं।

### एक नजर

#### बीएसएफ ने ड्रोन व 11 किलो हेरोइन पकड़ा

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमा पार से संचालित नार्को-सिंडिकेट्स को ध्वस्त करते हुए पंजाब के गुरदासपुर और अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों से एक ड्रोन और 11 किग्रा हेरोइन बरामद किया। शनिवार रात को बीएसएफ जवानों ने गुरदासपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन की गतिविधि पर नज़र रखी और संदिग्ध स्थानों पर जवानों को तैनात किया।

#### मणिपुर में बांध के पास मिले तीन आईईडी

**इंफाल।** मणिपुर में सेना ने रविवार को इंफाल पूर्वी जिले के मफौ बांध के पास तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि माफौ बांध के पास नोंगडैम तांगखुल और एतम तांगखुल गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर ये आईईडी बरामद किए गए।

## पूर्वी दिल्ली के बच्चा अस्पताल में लगी आग, सात शिशुओं की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी



घटनास्थल की जांच के लिए पहुंची पुलिस, एकत्र किए नमूने। ● एजेंसी

- ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद लगी आग, जांच के आदेश
- आसपास की कई इमारतें, वाहन और एम्बुलेंस हुई क्षतिग्रस्त

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 'बेबी केयर न्यू बॉर्न' अस्पताल में शनिवार रात करीब 11:30 बजे आग लग गई और जल्द ही यह दो अन्य इमारतों में भी फैल गई। संभागीय अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र अटवाल ने कहा कि दो मंजिला इमारत में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिससे आसपास की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

घटना में दो बुटीक, बगल की इमारत में संचालित इंडसइंड बैंक का एक हिस्सा और भूतल पर स्थित एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। इमारत के बाहर खड़ी एक एम्बुलेंस और एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हुई है।

डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को अस्पताल से निकाला गया लेकिन उनमें से सात की मौत हो गई। पांच शिशुओं का एक अन्य अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उनमें से कुछ मामूली रूप से झुलसे हैं। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि अस्पताल के मालिक नवीन किची के खिलाफ विवेक विहार पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को अस्पताल में आग लगने की घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। रविवार को एक्स पर शोकसंतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा है कि घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार देर रात चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 66 वर्षीय परमिला शाद नाम की महिला का जला हुआ शव इमारत की पहली मंजिल पर मिला। 18 वर्षीय केशव शर्मा एवं 34 वर्षीय अंजू शर्मा की अस्पताल में मौत हो गई। आग से पार्किंग में खड़े 11 दोपहिया वाहन भी राख हो गए।

## माफिया की नई श्रेणी में पशु और शिक्षा माफिया

- शिक्षा माफिया अभी एक, पशु माफिया में 30 नाम
- पहले खनन, शराब व भूमाफिया की बनती थी श्रेणी

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस ने माफिया को चिन्हित करने की कड़ी में दो अन्य तरह के माफिया के लिए अलग से श्रेणी बनाई है। ये दो नई श्रेणियां हैं, शिक्षा माफिया और पशु माफिया। अब पशु और शिक्षा के क्षेत्र में गैरकानूनी कार्य करने वालों को सामान्य माफिया की श्रेणी में न रखकर अलग से बनाई गई श्रेणी में रखा गया है। लखनऊ जोन के दोनों परिक्षेत्रों को मिलाकर शिक्षा माफिया की श्रेणी में अभी एक ही नाम दर्ज हुआ है। जबकि पशु माफिया 30 की संख्या में हैं।

राज्य सरकार माफिया उन्मूलन को लेकर सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने लखनऊ जोन के घोषित पांच माफिया का तंत्र ध्वस्त कर दिया है। पुलिस खनन, शराब और जमीनों को लेकर गैरकानूनी कार्य करने वालों पर भी कार्रवाई कर रही है। खनन, शराब और जमीनों से जुड़े मामलों में माफिया को पुलिस पहले भी चिन्हित करके कार्रवाई करती रही है, लेकिन परीक्षाओं आदि में पेपर लीक कराने, परीक्षा सेंटर आवंटित कराने वाले व सामूहिक नकल कराने वाले माफिया और प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी आदि करने वाले माफिया की अलग से श्रेणी नहीं बनी थी।

### सर्वाधिक पशु-शराब माफिया बाराबंकी में

लखनऊ जोन में सर्वाधिक पशु माफिया बाराबंकी में हैं। यहां 10 पशु माफिया घोषित हैं। इस जिले में सर्वाधिक 11 शराब माफिया भी सक्रिय हैं। अमेठी में खनन, पशु, जमीन और शिक्षा की श्रेणी में एक भी माफिया नहीं है।

### जोन में किस श्रेणी के कितने माफिया हैं

लखनऊ जोन के माफिया की सूची में खनन माफिया की संख्या दो है। जबकि शराब माफिया की संख्या 45 है। भू-माफिया की संख्या 10 और पशु माफिया की संख्या 30 है। अन्य तरह के कुल 49 माफिया भी सूची में दर्ज हैं।

### शिक्षा माफिया की श्रेणी में अभी एक ही नाम

पुलिस ने शिक्षा माफिया की श्रेणी बनाने के बाद नाम भी दर्ज करना शुरू कर दिया है। अभी इस श्रेणी में केवल एक ही नाम दर्ज है। अंबेडकरनगर जिले के लखमीपुर थाना आलापुर निवासी मनोज गोस्वामी को लखनऊ जोन में घोषित शिक्षा माफिया की श्रेणी में रखा गया है। मनोज पर जिले के आलापुर और टांडा थाने में छह मामले दर्ज हैं। यहीं से गैंगेस्टर लगाया गया है। इसके अलावा आजमगढ़ के मुबारकपुर में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

## रोडवेज बस-मैजिक में भीषण टक्कर, 5 की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



पीलीभीत हाईवे पर हादसे में क्षतिग्रस्त मैजिक व घटना स्थल पर लगी भीड़।

- तीन की हालत गंभीर, जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर
- बस्ती हाईवे पर थाना खीरी क्षेत्र के चहमलपुर के पास हुआ हादसा

**अमृत विचारः** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर थाना खीरी क्षेत्र के गांव चहमलपुर के पास लखीमपुर डिपो की अनुबंधित बस और मैजिक में भीषण टक्कर होने से पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि आठ लोग घायल हो गए। तीन यात्रियों को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। हादसा दोपहर डेढ़ बजे के करीब हुआ।

लखीमपुर डिपो की अनुबंधित बस लखीमपुर से सवारियां भरकर सिसैया की तरफ जा रही थी, जबकि सिसैया से सवारियां भरकर एक मैजिक लखीमपुर आ रही थी। थाना खीरी क्षेत्र के चहमलपुर गांव के निकट मैजिक के ओवरटेक करने के दौरान मैजिक और रोडवेज बस में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि मोनिस (30) पुत्र अच्छन बेग निवासी इब्राहिमपुर थाना ईसानगर, अमन (7)पुत्र जितेंद्र निवासी जसवंतनगर थाना खमरिया, रिजवान(30)पुत्र सुहान निवासी सिसैया थाना धौरहरा, बुधराम(35) पुत्र रामधन निवासी राजापुर बनकटा थाना मोतीपुर की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक यात्री ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, जिसकी पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी है।

हादसे में संदीप (15), आकाश (20), रमेश (30), शशिकला (25), पंकज (20), अभिनंदन (22), शत्रोहन व आकाश सहित कुल आठ लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत अधिक गंभीर होने पर डॉक्टर ने रमेश (30) पुत्र काले निवासी राजापुर जिला बहराइच, शत्रोहन पुत्र अज्ञात निवासी लखनऊ व आकाश पता अज्ञात को लखनऊ रेफर किया है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बचाव एवं राहत कार्य देखा। हादसे के बाद हाईवे पर भीषण जाम लग गया। तीन घंटे बाद जाम खुल सका। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रशासन की ओर से सभी घायलों की हर संभव मदद की जा रही है। वहीं एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि ओवरटेक के कारण हादसा होने की बात सामने आ रही है।

## मोदी के अगले कार्यकाल में लागू होगा यूसीसी : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



- एक राष्ट्र-एक चुनाव को भी लागू करेगी अगली मोदी सरकार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा के सत्ता में आने पर सभी पक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद अगले पांच वर्ष के भीतर पूरे देश के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। शाह ने एक न्यूज एजेंसी से साक्षात्कार में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगली सरकार अपने अगले कार्यकाल में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लागू करेगी क्योंकि देश में एक साथ चुनाव कराने का समय आ गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से खर्च भी कम होगा। चुनाव को सर्दियों या साल के किसी अन्य समय में आयोजित करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि इस पर विचार किया जा सकता है। यदि हम कोई एक चुनाव प्रीपोन (निर्धारित समय से पूर्व) कराते हैं तो यह किया जा सकता है। यह किया भी जाना चाहिए। यह छात्रों की छुट्टी का समय भी होता है। यह बहुत सारी समस्याएं भी पैदा करता है।

## सेना प्रमुख जनरल पांडे का कार्यकाल एक माह बढ़ा



**नई दिल्ली।** सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत होने वाले थे लेकिन अब वह 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने सेना नियमों 1954 के नियम 16ए (4) के तहत यह निर्णय लिया है। जनरल पांडे को दिसंबर 1982 में सेना की इंजीनियर कोर में कमीशन मिला था।

### बांग्लादेश और प. बंगाल के समुद्र तटों से टकराएगा तूफान, एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया

## चक्रवात रेमल : प्रधानमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी



दक्षिण 24 परगना में लोगों को सतर्क करते एनडीआरएफकर्मी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चक्रवाती तूफान रेमल से निपटने को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार को बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें चक्रवाती तूफान रेमल से निपटने के उपायों पर चर्चा के साथ निर्देश दिए गए। तूफान के बांग्लादेश व पश्चिम बंगाल के बीच के समुद्र तटों पर आधी रात को दस्तक देने की आशंका है। चक्रवात से पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों और कोलकाता में भारी बारिश हुई है।

मौसम कार्यालय के अनुसार, रेमल के रविवार आधी रात तक भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में सागर द्वीप और खेपुपाड़ा के बीच बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटों पर दस्तक देने की आशंका है। इससे प्रभावित तटवर्ती इलाकों में 110-120 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलेगी और यह गति 135 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। कोलकाता हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर से 21 घंटे के लिए उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। पूर्वी और दक्षिण पूर्वी रेलवे ने कई ट्रेन का परिचालन रद कर दिया है। तटीय क्षेत्रों से लगभग 1.10 लाख लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थलों में पहुंचाया है।

### ओडिशा के 4 जिलों में बारिश की चेतावनी

**भुवनेश्वर।** चक्रवाती तूफान 'रेमल' के तेज गति से तट की तरफ बढ़ने के मद्देनजर मौसम विभाग ने ओडिशा के चार जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। चक्रवात के प्रभाव से भद्रक, बालासोर, केंद्रपाड़ा और मयूरभंज जिलों में सात से 11 सेंटीमीटर तक भारी बारिश का अनुमान है।

### त्रिपुरा में चार जिलों में जारी किया रेड अलर्ट

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने रविवार को चार जिलों-दक्षिण, धलाई, खोवाई और पश्चिम में रेड अलर्ट जारी किया। इन जिलों में बिजली चमकने के साथ तूफान आने, 60 से 70 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने और बहुत भारी बारिश होने की आशंका है, इसलिए यहां रेड अलर्ट जबकि शेष जिलों में ऑरेंज, येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## एक नजर

### अमित शाह आज कुशीनगर बलिया और वाराणसी में

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार 27 मई को कुशीनगर, बलिया और वाराणसी में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान अमित शाह के साथ तमाम जनसभाओं में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की भी भागीदारी रहेगी।

### गेट-वे पोर्टल में बदलाव दोबारा करेंगे इंस्टाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राम पंचायतों में भुगतान व अन्य ऑनलाइन कार्यों के लिए लागू गेट-वे पोर्टल में बदलाव किया गया है। इसमें हाजिरी, क्यूआर कोड, जीओ टैगिंग समेत कई नवाचार किए गए हैं। निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को नई व्यवस्था से अवगत कराते हुए दोबारा पोर्टल इंस्टाल करने के निर्देश दिए हैं।

# तकनीकी विशेषज्ञ एवं बैंक कर्मी के बिना कैसे होगी साइबर सुरक्षा

## पुलिस कार्मिकों की होने वाली भर्ती में इन दोनों पदों का नहीं किया गया जिक्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिना बैंक कर्मी समय से कैसे होगी फ्रॉड की विवेचना

**अमृत विचारः** साइबर अपराधों से प्रदेश को मुक्ति दिलाने की तैयारी तो शुरू कर दी गई है, लेकिन आधारभूत संरचना में कई बिंदुओं पर गौर ही नहीं किया गया है। प्रदेश के थानों में होने वाली 1,425 कार्मिकों की भर्ती में कार्मिकों की तकनीकी विशेषज्ञता का जिक्र ही नहीं किया गया है। यही नहीं फ्राड का बैंक डिटेल मिलने में महीनों लग जाते हैं, ऐसे में बिना बैंकर्स को साथ लिए समय से विवेचना कैसे संभव होगी। हालांकि उक्त दोनों चुनौतियों के प्रति पुलिस विभाग अवगत तो है, लेकिन कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।



सरकार ने प्रदेश को साइबर अपराध से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाएं हैं। इसी क्रम में प्रत्येक जिले में थाने खुल रहे हैं और आधारभूत संसाधन थानों में भेजे जा रहे हैं। विभाग को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अलग से कार्मिकों की भर्ती भी होने जा रही हैं। इन सबके बीच साइबर अपराध रोकने के सबसे महत्वपूर्ण घटक पर अभी चर्चा तक नहीं हुई है। वह है तकनीकि विशेषज्ञ एवं बैंक कर्मी। जिन कार्मिकों की भर्ती होने जा रही है उनके लिए तकनीकी से जुड़ी किसी भी अर्हता का जिक्र नहीं है। साइबर अपराध का खुलासा बिना तकनीकी विशेषज्ञ के संभव नहीं हो पाता।

वहीं बिना बैंक कर्मी के साइबर थाने चलाने में भी दिक्कत आएगी। लगभग सभी तरह के साइबर अपराध रुपयों के लिए ही होते हैं। फ्राड की शिकायत होने के बाद बैंक डिटेल आने में ही कई-कई महीने लग जाते हैं। बैंक पूरी जानकारी भी नहीं देते। ऐसे में बिना बैंक कर्मी के ससमय विवेचना भी नहीं हो पाएगी। साइबर अपराध रोकने से जुड़ी पूरी संरचना में दोनों का जिक्र न होना चर्चा का विषय है।

### दंडात्मक नहीं मानी जाएगी पोस्टिंग

एसएचओ के पद से साइबर सेल में तबादले को दंडात्मक पोस्टिंग के तौर पर गिना जाता था। लेकिन अब यह पोस्टिंग महत्वपूर्ण पोस्टिंग मानी जाएगी। जिले का पुलिस अधीक्षक ही साइबर थानों को नियंत्रित करेगा। थानों में पोस्टिंग के बाद अब दंडात्मक पोस्टिंग का भ्रम भी दूर हो जाएगा।

# प्रश्नपत्र लीक मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नोएडा एसटीएफ ने की कार्रवाई, दोनों पर था 25-25 हजार का इनाम
- हाथरस के रोडवेज वर्कशाप के पास से गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी

**अमृत विचारः** 17 एवं 18 फरवरी को उप्र. आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में एसटीएफ नोएडा की टीम ने हाथरस से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम भी रखा गया था।

गिरफ्त में आया पहला आरोपी बिट्टू उर्फ विनोद कुमार शर्मा लोधा अलीगढ़ का निवासी है। बिट्टू एम्स ऋषिकेश में विद्युतकर्मी की नौकरी करता है। पेपर लीक कांड में बिट्टू की संलिप्तता का पहले ही खुलासा हो चुका था। जबकि दूसरे आरोपी कुशलपाल उर्फ राजा को भी गिरफ्तार किया गया है। राजा पांचवीं पास है और टैक्सी चलाने का काम करता है। राजा पर भी पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि दोनों की गिरफ्तारी हाथरस के रोडवेज वर्कशाप के पास से हुई है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है जल्द उनको भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** एसटीएफ ने रविवार को अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले व्यक्ति को एमिटी विश्वविद्यालय के पास से गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपी के पास से पांच पिस्टल भी बरामद हुआ है।

एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि आरोपी नितेश भारती बलिया का रहने वाला है। सूचना मिली कि नितेश बिहार व मध्यप्रदेश से अवैध असलहा लेकर राजधानी पहुंचा है और इस समय मल्हौर क्षेत्र में एमिटी विश्वविद्यालय के पास मौजूद है। इस दौरान उपनिरीक्षक अतुल चतुर्वेदी, की टीम ने नितेश भारती को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ चल रही है, जल्द ही उसके सहयोगियों का भी पकड़ लिया जएगा।

# आखिरी चरण के चुनाव प्रचार में सत्तापक्ष और विपक्ष में तेज हुई जंग

## मुख्यमंत्री योगी ने इंडी गठबंधन के नेताओं पर साधा निशाना



गोरखपुर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करता भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने मीरजापुर, रॉबर्ट्सगंज, चंदौली, गाजीपुर और गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित
- बोले, काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान का परिवार बताता है माफिया

**अमृत विचारः** हम रामभक्त हैं, तबतक चैन की सांस नहीं लेंगे, जबतक पापियों का अंत नहीं कर देते। आज बेटी और व्यापारी की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता और अगर ये दुःसाहस करने की किसी ने कोशिश की तो अगले ही चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते हुए मिलेंगे। जो मफिया कभी कानून की धज्जियां उड़ाया करते थे आज बुलडोजर उनकी छाती को रौंद रहा है। गाजीपुर का एक माफिया अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार का बताता है। जबकि ये कोरा झूठ है और उसका ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार से कोई नाता नहीं है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गाजीपुर में रखने के साथ मीरजापुर, रॉबर्ट्सगंज, चंदौली और गोरखपुर लोकसभा सीट के लिए भी प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने पांचों लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की। इस दौरान योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस समस्या हैं। इनके गठबंधन का मतलब आतंकवाद को आमंत्रित करना। जिन्होंने एक-एक बूंद पानी के लिए तरसाया, अब उन्हें एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये।

### पिछली सरकारों की सोच संकुचित थी

मुख्यमंत्री ने मीरजापुर और रॉबर्ट्सगंज लोस. में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज बन कर तैयार हो गया है। कमिश्नरी में जल्द ही विश्वविद्यालय बनकर तैयार हो जाएगा। पिछली सरकारों की सोच संकुचित थी, इसलिए वे विकास के बारे में नहीं सोचती थीं।

### पुश्तैनी प्रॉपर्टी जबर्दस्ती ले लेंगे

मुख्यमंत्री ने चंदौली की जनसभा में कहा, कांग्रेस व सपा गठबंधन विरासत टैक्स लगाने की बात करती है। यह टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। संपत्ति का सर्वे कराकर यह लोग पुश्तैनी प्रॉपर्टी जबर्दस्ती ले लेंगे, फिर उसे घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों को दे देंगे। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है।

### पहले पैसा कब्रिस्तान में खर्च होता था

योगी ने रविवार को गोरखपुर पहुंचकर कहा कि पहले पैसा कब्रिस्तान में खर्च होता था, अब मठ-मंदिरों के जीर्णोद्धार में खर्च होता है। एक तरफ भाजपा आपको सुरक्षा-सम्मान देती है तो दूसरी तरफ बसपा को मौलाना के अलावा कोई उम्मीदवार ही नहीं मिल पाया। सपा और कांग्रेस तालिबानी शासन लागू करना चाहते हैं।

## सपा प्रमुख अखिलेश ने भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला



जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश ने सलेमपुर और बलिया के प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को किया सम्बोधित
- भाजपा की लोकसभा चुनाव में होगी बुरी तरह हार, सपा इस बार जीत के अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ देगी

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सलेमपुर से पार्टी प्रत्याशी रमाशंकर राजभर और बलिया के प्रत्याशी सनातन पाण्डेय के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। इस दौरान भीषण गर्मी और तपती दोपहरी में आयी भारी भीड़ को देखकर उत्साहित अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बलिया का बल समाजवादी पार्टी को जिताने जा रहा है। अखिलेश ने कहा, उप्र. में सपा इस बार जीत के अपने पुराने रिकार्ड को तोड़ देगी।

सपा प्रमुख के मुताबिक, पश्चिम से पहले चरण के चुनाव में जो जीत की शुरूआत हुई है पूर्वांचल में सातवें चरण में उससे ज्यादा उत्साह और जोश है। उन्होंने दावा किया कि छठवें चरण में इंडी गठबंधन के पक्ष में हुई बम्पर वोटिंग से भाजपा का सफाया हो गया है। भाजपा के लोग चार सौ पार का नारा दे रहे थे, वे सातवें चरण में चार सौ सीट हार कर जाएंगे।

सपा मुख्यालय से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा बुरी तरह हारने जा रही है। इसीलिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की जुबान लड़खड़ाने लगी है। जुबान उसी की लड़खड़ाती है जिसका आत्मविश्वास लड़खड़ा जाता है। इनको हार का एहसास हो गया है।

### संविधान को बचाने के लिए इंडी गठबंधन को दें वोट

सपा प्रमुख ने बहुजन समाज के लोगों से भी अपील की है कि बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए इंडी गठबंधन को वोट दें। भाजपा सत्ता से हटेगी, इनका मित्रमण्डल बदलेगा, मंत्रिमंडल भी बदलेगा। किसानों, नौजवानों और देश के लिए खुशियों के दिन आयेंगे। एक बार फिर जनता राज की वापसी होगी।

### इन्होंने भी किया संबोधित

सलेमपुर की चुनावी जनसभा को समाजवादी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रमाशंकर राजभर, राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री राम अचल राजभर समेत अन्य नेता शामिल रहे। वहीं, बलिया की जनसभा को पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविन्द चौधरी, पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी, नारद राय, शादाब फातिमा आदि ने भी संबोधित किया।

### अखिलेश आज गाजीपुर और चंदौली में करेंगे जनसभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सोमवार 27 मई को गाजीपुर सीट से सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे तो वहीं वह चन्दौली लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी वीरेन्द्र सिंह के लिए भी एक चुनावी जनसभा में वोट की अपील करेंगे।

# इंडी गठबंधन को 272 सीटों पर मिल चुकी हैं विजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने पत्रकारों से किया दावा

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने दावा किया है कि इंडिया गठबंधन को 6 चरणों के चुनाव में 272 सीट पर विजय मिल चुकी हैं अब इसके ऊपर जितनी सीट मिले वह बोनस होगी। पवन खेड़ा रविवार को वाराणसी में कांग्रेस के लोस. प्रत्याशी अजय राय के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी अनुसार, पवन खेड़ा ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री हार की हताशा में इतना ज्यादा अपने स्तर और गरिमा को घटा रहे है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। कांग्रेस का इतिहास वाराणसी में बड़ा स्वर्णिम रहा है, पंडित कमलापति त्रिपाठी के नाम और उनकी सिद्धांत की कहानियां सुनते सुनते हम बड़े हुए लेकिन देश के किसी प्रधानमंत्री का स्तर इतना गिरते हुए नहीं सुना जिसमें विपक्ष के लिए मुजरा जैसे शब्द का इस्तेमाल हो।

# कैबिनेट मंत्री के नाम पर मैसेज करने वाला एडमिन गिरफ्तार

संवाददाता, प्रयागराज

- मंत्री ने दर्ज कराया था मुकदमा मैसेज भेजने वाले आरोपी की हुई पहचान

**अमृत विचारः** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री के नाम पर मैसेज करने वाले व्हाट्सएप एडमिन रविवार को कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस उसके एक साथी की तलाश कर रही है।

मामले में मंत्री ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। लोकसभा चुनाव के ठीक 1 दिन पहले 24 मई को सोशल मीडिया व्हाट्सएप के ग्रुप में शंकरगढ़ नारीबारी (चाकघाट न्यूज़) पर एक मैसेज भेजा गया था। मैसेज में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता (नंदी) और उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता की राजनीतिक उपेक्षा की बात कहते हुए जवाब देने की बात कही गई थी। इसका संज्ञान लेकर ग्रुप के एडमिन प्रमोद बाबू झा और मैसेज भेजने वाले संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर कराई गयी है।

मामले में पुलिस ने ग्रुप के एडमिन प्रमोद बाबू झा को देर रात गिरफ्तार के लिए लिया है। विवेचना के दौरान पोस्ट करने वाले व्यक्ति की पहचान पप्पू के रूप में हुई है। पता चला है कि पप्पू शंकरगढ़ के कांग्रेस नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख यज्ञ नारायण मिश्रा के कारोबार को संभालता है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# बड़े पैमाने पर उपलब्ध है सस्ती बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** वर्तमान में इंडियन एनर्जी एक्सचेंज पर बड़े पैमाने पर सस्ती बिजली उपलब्ध है लेकिन प्रदेश में खराब सिस्टम के लिए उपभोक्ताओं को लाभ नहीं मिल रहा है। सस्ती बिजली उपलब्ध होते हुए भी सिस्टम की नाकामी के चलते प्रदेश में अनवरत बिजली नहीं मिल रही है। सभी बिजली कंपनियों को अपने सिस्टम को दुरुस्त करना होगा। यह बात उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कही।

उन्होंने, रविवार को विज्ञप्ति के माध्यम से बिजली संकट के लिए सिस्टम को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि प्रदेश में पीक आवर में 2200 से 2500 मेगावाट तक सस्ते दर पर बिजली खरीद की गयी, 29215 मेगावाट विद्युत आपूर्ति करने का नया रिकॉर्ड बना लेकिन बड़े पैमाने पर ब्रेकडाउन व रोस्टिंग के चलते उपभोक्ताओं को लाभ नहीं मिल पा रहा है।



- बिजली कंपनियां सिस्टम सुधारे तो उपभोक्ताओं को मिले अनवरत बिजली
- ब्रेकडाउन व रोस्टिंग के चलते उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है लाभ

परिषद अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में तीन करोड़ 45 लाख विद्युत उपभोक्ताओं ने लगभग 7 करोड़ 38 लाख किलोवाट विद्युत भार ले रखा है जबकि पावर कारपोरेशन के 132 केवी सब स्टेशनों की क्षमता 5 करोड़ 68 लाख किलोवाट के बराबर है। इसके अलावा बिजली चोरी का लोड भी इसी सिस्टम पर आता है ऐसे में सुचारु रूप से बिजली की आपूर्ति किया जाना संभव नहीं है इसलिए सिस्टम पर युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है। सिस्टम में सुधार के बाद ही बिजली उपभोक्ताओं को लाभ मिल सकेगा। इसके प्रति अधिकारियों को गंभीर होना पड़ेगा।

# एंबुलेंस ड्राइवर की भूमिका अहम



कार्यक्रम में एंबुलेंस ड्राइवर को सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पायलट दिवस पर 108 एवं 102 एंबुलेंस के पायलट को किया गया सम्मानित

**अमृत विचारः** एंबुलेंस 108 एवं 102 में कार्यरत पायलट बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त लोगों को अस्पतालों तक शीघ्र ले जाते हैं। गोल्डन आवर में मरीजों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह बात ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने कही।

उप्र. में 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा प्रदाता संस्था की ओर से रविवार को आशियाना स्थित कार्यालय में पायलट दिवस मनाया गया। लखनऊ सहित विभिन्न जिलों के पायलट (एंबुलेंस ड्राइवर) के बेहतर कार्यों के लिए सर्टिफिकेट व चेक देकर सम्मानित किया गया।

# महिलाओं को सक्रिय भागीदारी का दें अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** एक लंबे समय से नारी विमर्श सुनते चले आ रहे हैं पर महिलाओं की सामाजिक, राजनैतिक तथा आर्थिक स्थिति जस की तस बनी हुई है इसलिए आज आवश्यकता है कि हम गांव किसान के साथ शहरी लोगों को ख़ासतौर पर महिलाओं को पार्टी से जोड़ें व उनकी सक्रिय भागीदारी को समाज के हर क्षेत्र में बढ़ावा दें और उनके विचारों को सुनने समझे तत्पश्चात क्रियान्वयन करें। यह बात रविवार को रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र ने कही।

वह, काकोरी क्षेत्र में रालोद की महिला शाखा नारी संगठन द्वारा संपन्न महिला सशक्तीकरण -वर्तमान राजनीति में उनकी भूमिका विषय पर सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव शालिनी सिंह ने महिलाओं की सहभागिता पर प्रकाश डाला। नारी शक्ति संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत ने कहा आधी आबादी को पार्टी से अधिक संख्या में जोड़ा जाए साथ ही महिलाओं के हितों -अधिकारों के लिए सतत् संघर्ष करते रहने की बात कही। रुचि शर्मा ने कहा कि आज के राजनैतिक परिदृश्य में महिलाओं की बहुत आवश्यकता है राजनैतिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करने होंगे।





काकोरी में आयोजित महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम में उपस्थित रालोद के पदाधिकारी।

इस मौके पर विकास सिंह, सुशील शर्मा, मनीष, गिरिजा शंकर तिवारी, रमा देवी, सरोज कुमारी, नीलम यादव, प्रभा पटेल, तनवीर, शबनम आदि मौजूद रहे।

# आम की फसल कमजोर जरूर पर स्वाद और गुणवत्ता में पहले से बेहतर

नीरज मिश्र/ फहीम उल्ला खान, लखनऊ

**अमृत विचारः** फलों के राजा दशहरी के शौकीनों को इस बार बेहतरीन आम चखने को मिलेगा। न केवल स्वाद बेहतर होगा बल्कि इसकी गुणवत्ता भी अच्छी होगी। वजह यह है कि बागवान आम की फसल के लिए मौसम को अनुकूल मान रहे हैं। लेकिन इस बार फसल कमजोर है इससे लोगों को आम का स्वाद लेने के लिए जेब ज्यादा ढीली करनी पडे़गी। बागवानों के मुताबिक महज 30 से 35 फीसद फसल ही बाग से उतरेगी।

**बैग वाला कच्चा आम बिका 70 रुपये किलोः** कारोबारी सुनील गुप्ता के मुताबिक बाग से उतारा गया बैग वाला कच्चे आम की कीमत काफी अच्छी दिल्ली मंडी में मिली है। इसकी प्रति किलो कीमत करीब 70 रुपये मिली है। दस किलो आम 700 रुपये में बिका जो काफी अच्छी कीमत है।

**रोगमुक्त है इस बरस आम, रंग और आकार बेहतरीन :** आम बागवान व आढ़ती अहमद उल्ला बताते हैं कि इस बरस आम रोग मुक्त है। आम का रंग और आकार निखर रहा है। स्वाद की बात बाद में देखने में ही इसका रंग काफी अच्छा दिखाई दे रहा है। जो अच्छा लाभ दिलाएगा।

**आम के मिलेंगे अच्छे दामः** वर्तमान में आम की फसल बहुत कम है। बागों में 30 से 35 प्रतिशत ही आम पेड़ों में लगा है। आम व्यापार से जुडे. पप्पू प्रधान व निर्मल वर्मा के मुताबिक मंडी में आम की आमद कम है लेकिन टेस्ट अच्छा होगा। व्यापारियों को लोकल में अच्छे दाम मिलेंगे।

**पाल वाले आम के स्वाद में रहती है कमीः** फल मंडी विक्रेता समिति अध्यक्ष नसीम बेग का कहना है समय से पहले मुनाफे के लिए भेजा गया आम मंडियों में पाल लगाकर बेचा जाता है। इस कारण आम में सिकुड़न आ जाती है और स्वाद में कमी आ जाती है। दस दिन में आम पक जाएगा।

### फ्रूट बैगिंग लगा किसानों ने बेहतर की दशहरी की गुणवत्ता

इस बार करीब बीस प्रतिशत किसानों ने फ्रूट बैगिंग का उपयोग किया। यह एक प्रकार का आवरण होता है जिसे आम के आकार लेने के बाद पेड़ों में इसे आम पर चढ़ा दिया जाता है या यूं कहें कि इस नए आवरण से आम को ढक दिया जाता है। फ्रूट बैगिंग लगने के बाद निकलने वाला आम काला नहीं पड़ता है और कीड़ा नहीं लगता है। फसल जब उतारी जाती है तो आम बेदाग निकलता है। आढ़ती एवं किसान सुनील गुप्ता कहते हैं कि इससे काफी राहत मिली है।

### मलिहाबाद में अस्थायी मंडी बनना शुरू, 1 जून से बिकेगा आम

लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर मलिहाबाद चौराहे के आगे पुलिस चौकी के पास अस्थायी आम मंडी बनाने का काम शुरू हो गया है। एक जून से यह चालू हो जाएगी। यहां विभिन्न प्रदेशों से व्यापारी कच्ची दशहरी खरीदने के लिए जुटेंगे। आढ़तियों और नर्सरी वालों ने फल पट्टी क्षेत्र में निर्माण कार्य शुरू कर दिए हैं। पूर्व में यह अस्थायी मंडी मिर्जागंज चौराहे के आगे दोनों तरफ करीब एक किलोमीटर सड़क पर लगाई जाती थी।

> बारिश कम होने से बागों में फ्रूट ड्रापिंग की समस्या जरूर हो रही है। लेकिन जिन बागों में किसानों द्वारा पानी लगा दिया गया है। वहां पर यह समस्या कम है। कीट थिप्स की समस्या में भी कमी आई है। किसानों को फ्रूट बैगिंग के लिए प्रेरित किया गया। करीब 20 प्रतिशत जागरूक बागवानों ने बैग का इस्तेमाल किया है। इससे आम के आकार और रंग में निखार आया है। इसकी उन्हें बाजार में अच्छी कीमत मिलेगी। **-टी दामोदरन, कृषि निदेशक**



फ्रूट बैगिंग दिखते आम के आढ़ती सुनील गुप्ता। अमृत विचार

## डॉक्टर को सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में फंसाने की धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में डॉक्टर के क्लीनिक में युवक व युवती द्वारा घुसकर वीडियो बनाकर सैक्स रैकेट में फंसाने की धमकी दे रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित डॉक्टर ने प्रार्थना-पत्र देकर दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, बारा बिरवा निवासी डॉक्टर क्लीनिक चलाते हैं। 21 मई को वह क्लीनिक में नहीं थे। इस बीच महिला और एक युवक आया और वीडियो बनाने लगा। कर्मचारियों के रोकने पर आरोपी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर क्लीनिक की आड़ में सेक्स रैकेट चलाने का आरोप लगा धमकी देते हुए चले गए। इसके बाद आरोपियों ने अनजान नंबर से डॉक्टर को काल कर रंगदारी का दबाव बनाने लगे। मांग पूरी नहीं करने पर सेक्स रैकेट संचालन का आरोप लगा कर जेल भिजवाने की धमकी दी।

# रेलवे स्टेशन परिसर में ई-रिक्शा चालकों के कब्जे से लगा रहता जाम

## स्टेशन पर ट्रेन के आते ही ई-रिक्शा चालकों में यात्रियों को बिठाने की लगी रहती है होड़, लोगों के आवागमन में होती है परेशानी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर के रेलवे स्टेशन परिसर में ई-रिक्शा चालकों की भीड़भाड़ से आए दिन जाम की स्थित बनी रहती है। जाम की वजह से स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को कठिनाइयों से होकर गुजरना पड़ता है। लेकिन मनबढ़ ई-रिक्शा चालक स्टेशन परिसर के अंदर तक सीढ़ियों के पास अपने ई-रिक्शा खड़े कर देते हैं।

कई बार शिकायतें हुई लेकिन न तो रेलवे पुलिस न ही जीआरपी ने इन ई-रिक्शा चालकों पर कोई कार्यवाही की। शहर के दुर्गेश, संदीप, रोहिणी व आशुतोष ने बताया कि वह लोग प्रतिदिन स्टेशन से होकर ट्रेन का सफर करते हैं। सुबह और शाम के समय स्टेशन के बाहर सीढ़ियों से सटाकर ई-रिक्शा चालक अपने वाहन खड़े कर देते हैं जिसकी वजह से आवागमन में परेशानी होती है। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक जबरन अपने वाहन में बैठाने की कोशिश करते हैं, अगर वह इसका विरोध करते हैं तो ई-रिक्शा चालक उनके साथ अभद्रता करने पर उतारू हो जाते हैं। स्टेशन



रेलवे स्टेशन के सीढ़ियों तक झुंड लगाकर खड़े ई-रिक्शा। अमृत विचार

के प्लेट फार्म जैसे ही कोई ट्रेन आती है तो उसी दौरान स्टेशन के बाहर यह ई-रिक्शा चालक अपने वाहनों को बिल्कुल गेट से सटाकर खड़े कर देते हैं, जिससे निकलने वाले यात्रियों के सामने स्टेशन के अंदर और बाहर जाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। हालात यह हो जाते हैं कि कभी-कभी यात्रियों की ट्रेन छूटने तक की नौबत आ जाती है, लेकिन यह सब तमाशा रेलवे पुलिस और जीआरपी की देखरेख में होता है, फिर भी इन ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाती। स्टेशन के बाहर भीड़भाड़ रोकने के लिए कोई पुलिस कर्मी नजर नहीं आता है। अगर कोई रेलवे का अधिकारी आना होता है तभी जीआरपी और आरपीएफ के सुरक्षा कर्मी स्टेशन के बाहर नजर आते है, इससे पहले इन ई-रिक्शा चालकों को रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जाता है। ई-रिक्शा चालक इतने मनबढ़ होते हैं कि स्टेशन आने जाने वाली महिलाओं और युवतियों पर फब्तियां भी कसते हैं।

> स्टेशन पर रूटीन में चेकिंग कराई जाती है। ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जाती है। आरपीएफ के सिपाही लगातार चेकिंग करते हैं। यात्री को किसी भी प्रकार की असुविधा होती है तो उस पर कार्यवाही की जाती है।
>
> -आलोक मौर्य, इंस्पेक्टर, आरपीएफ, रायबरेली

# फार्मेसिस्ट फेडरेशन रायबरेली के अध्यक्ष बने गंगाधर शुक्ला

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** फार्मेसिस्ट फेडरेशन ऑफ उत्तर प्रदेश ने जिले में संगठन को मजबूत करने व विस्तार करने के लिए कार्यकारिणी की घोषणा की है।

कार्यकारिणी में महराजगंज सीएचसी के चीफ फार्मेसिस्ट गंगाधर शुक्ला को अध्यक्ष, आयुर्वेदिक चिकित्सालय सलेथू महराजगंज के आयुर्वेदिक फार्मेसिस्ट शिव कुमार वर्मा को मंत्री बनाया गया है। इसी के साथ जिला पशु चिकित्सालय रायबरेली के वेटरनरी फार्मेसिस्ट अशोक कुमार दुबे को उपाध्यक्ष, जिला होम्योपैथिक कार्यालय रायबरेली के होम्योपैथिक फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत सिंह को संगठन मंत्री बनाया गया है। इसी के साथ सेवानिवृत्त फार्मेसिस्ट फेडरेशन रायबरेली में सेवानिवृत्त चीफ फार्मेसिस्ट सतीश दीक्षित को अध्यक्ष, आयुर्वेदिक चीफ फार्मेसिस्ट दृगपाल वर्मा, होम्योपैथिक चीफ फार्मेसिस्ट बेनी बहादुर सिंह को संगठन मंत्री बनाया गया है।

# जिला अस्पताल में पानी की मोटर खराब मरीजों और तीमारदारों में मचा हाहाकार

## नगर पालिका परिषद से पानी का टैंकर मंगवाकर कॉलोनीवासियों को मुहैया कराया पानी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बीते दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से आम जन जीवन बेहाल है। वही इतनी गर्मी के बीच जिला अस्पताल का मोटर जल जाने से जलापूर्ति ठप हो गई है। इससे मरीजों और तीमारदारों के साथ आवासीय परिसर में बनी कालोनी में रह रहे कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं जलापूर्ति न होने से अस्पताल में सफाई व्यवस्था पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। तीन दिन पहले मोटर के जल जाने से जलापूर्ति ठप हो गई थी जो रविवार तक नहीं बन सकी है। इससे जाहिर है कि जिला अस्पताल के आलाकमान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अपनी जिम्मेदारियों के प्रति कितना संजीदा है। क्योंकि तीन दिनों से मोटर खराब होने के कारण जिला अस्पताल में पेयजल को लेकर त्राहि माम मचा हुआ है। लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर घूमते नजर आते हैं, लेकिन संवेदनाहीनता की पराकाष्ठा



अस्पताल परिसर की कॉलोनी में खड़े टैंकर से पानी भरते कॉलोनीवासी।



जिला चिकित्सालय में टंकी से पानी निकालने का प्रयास करता तीमारदार।

**लापरवाही**

- अस्पताल प्रशासन की संवेदनहीनता मरीजों पर पड़ रही है भारी
- तीन दिन से मोटर खराब होने से जिला अस्पताल में पेयजल का संकट गहराया

को पार करते हुए अस्पताल प्रशासन इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रहा है और अभी यह भी नहीं पता है कि यह समस्या अगले कितने दिनों तक रहेगी। जिला अस्पताल में आए लोगों को प्यास बुझाने के लिए दो बूंद पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। अस्पताल मे हर दिन ओपीडी में लगभग हजारों मरीज आते हैं। जो भीषण गर्मी में पानी न मिलने से परेशान हो रहे है।

रविवार को अपने रिश्तेदार को देखने जिला अस्पताल आए सचिन, डलमऊ से आये राजाराम लालगंज से आये सोनू व दीपिका ने ने बताया कि वह लोग 2 दिन से लगातार जिला अस्पताल आ रहे हैं, क्योंकि उनके रिश्तेदार जिला अस्पताल में इस समय भर्ती हैं। जिला अस्पताल में तीन दिनों से मोटर फुंकने के कारण पेयजल की भारी समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्यास बुझाने के लिए लोगों को बाहर की दुकानों से या तो खरीद कर पानी लाना पड़ रहा है या फिर बाहर लगे हैंड पंपों से पानी लाना पड़ रहा है। हालत यह है कि एक आदमी सिर्फ बाहर से पानी ही लाता नजर आ रहा। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है इतनी भीषण गर्मी के बीच तीन दिन से फुंकी मोटर अब तक नहीं बन सकी है जिससे कि लगातार पेयजल संकट गहराता जा रहा है। यह पेयजल संकट अस्पताल आने वाले मरीजों और आने वाले तीमारदारों के साथ ही नहीं कर्मचारियों के ऊपर भी है। रविवार को कॉलोनी में टैंकर भेज कर लोगों को पेयजल व्यवस्था मुहैया कराई गई। इस संबंध में सीएमएस महेंद्र मौर्य ने बताया कि मोटर खराब है। जल्द ही बनवाकर पेयजल आपूर्ति बहाल करवाई जाएगी।

### बाल संस्कार शाला आज से

**लालगंज, रायबरेली।** श्री बालेश्वर सेवा समिति के व्यवस्थापक अनुज अवस्थी ने बताया कि बच्चों में संस्कार देने के लिए श्री बाल्हेश्वर धाम परिसर में 27 मई से 3 जून तक निशुल्क बाल संस्कार शाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि अपने बच्चों को संस्कार युक्त बनाने के लिए बाल संस्कारशाला में भेजने का कष्ट करें। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल महाराज ने बताया कि संस्कार विहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिक विहीन व्यापार समाज के लिए बिष के समान है। अगर बचपन से ही बच्चों में अच्छे संस्कार डाले जाए तो निश्चित रूप से राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की उन्नत संभव है। अतुल मिश्रा ने कहा कि संस्कारी, सदाचारी एवं स्वस्थ बनाना ही ग्रीष्मकालीन संस्कारशाला का उद्देश्य है। कार्यक्रम में राजेंद्र तिवारी और मनोज पांडे का भी सहयोग रहेगा।

### गैंगस्टर का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेजा है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि मुराई का बाग डलमऊ निवासी विशाल रावत पुत्र राजेश कुमार के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा पंजीकृत था। उसके खिलाफ नकली नोट छापने का भी मुकदमा पंजीकृत है। गिरोह बनाकर अपराध करता है जिसके कारण उसे गैंगस्टर एक्ट के तहत जेल भेजा गया है।

# गर्मी का सितम जारी, 43 डिग्री पहुंचा शहर का तापमान

## झुलसाने वाली गर्मी से हर ओर हाहाकार, राहत मिलने की उम्मीदें कम

संवाददाता,रायबरेली

**अमृत विचार।** सुबह से हो रही तेज धूप और भीषण गर्मी से समाज का हर तबका परेशान नजर आ रहा है। आसमान से बरस रहे आग के गोलों की गर्मी से लोगों का शरीर झुलस रहा है। प्रचंड गर्मी से राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के जतन कर रहे हैं, लेकिन राहत नहीं मिल पा रही है। लोगों का दिन और रात का चैन सुकून छिन गया है। शहर की गलियों में जहां सन्नाटा नजर आता है तो वही जरूरतमंद लोग ही सड़कों पर नजर आ रहे हैं। ऐसी दशा में शहर के बस अड्डे पर यात्रा करने वालों मुसाफिरों की भी संख्या घट गई है। जो भी बाहर निकल रहा है वह दिन भर पसीने से तरबतर रहता है। आज कल बाहर करने वाले लोगो की खाने की दुकानों में कम, पानी खरीदने के लिए दुकानों पर ज्यादा भीड़ रहती है। नवतपा के दूसरे दिन रविवार को भी जिले का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहा जिससे सभी व्याकुल रहे। रविवार का दिन होने के कारण अधिकांश



बस अड्डे पर दिखे कम लोग, रहा सन्नाटा। अमृत विचार



रविवार दोपहर को शहर के जेल रोड पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

चौराहों पर सन्नाटा रहा। लोग भीषण गर्मी से बचने के लिए अपने घरों में कूलर और ऐसी में रहे। बीते दिनों से पड़ रही शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी अब लोगो के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। इस गर्मी की वजह से सफर करने वाले लोग भी पीछे हट गए है आलम यह है कि बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ कम हो रही है। इतना ही नही प्राइवेट वाहन स्टैंडों पर मुसाफिर कम आ रहे है। मुसाफिरों की कम आवाजाही की वजह से रोडवेज के राजस्व का भी घाटा हो रहा है। मिनटों में भरने वाले वाहन अब घण्टों सवारियों का इंतजार करते है तब वाहन भर पा रहे है। दोपहर के समय बस अड्डे पर सन्नाटा रहा।

# एक माह पूर्व बनी सड़क ध्वस्त

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** एक माह पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई क्षेत्र के नजनपुर गांव से नेवादा गांव की सड़क खत्म हो गई है। गंगा एक्सप्रेस-वे के मिट्टी का खनन कर रहे ठेकेदार के डंपरों ने इस सड़क को नष्ट कर डाला है। इसी के साथ रेलवे के अंडर पास को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है।

क्षेत्र के ऊंचाहार-कानपुर मार्ग में गुलरिहा चौराहा से नजनपुर गांव होते हुए नेवादा गांव तक करीब दो किमी सड़क की मरम्मत का काम लोक निर्माण विभाग ने अप्रैल महीने में किया था। सड़क बनते ही पूरे भोज गांव के पास मेंहदी तालाब में गंगा एक्सप्रेस-वे के ठेकेदार ने मिट्टी का खनन शुरू कर दिया। खनन में लगे दर्जनों डंपर रात दिन इसी नवनिर्मित सड़क को बेतहाशा रौंदने लगे। जिसका परिणाम यह हुआ कि पूरी सड़क जगह-जगह पर उखड़ने लगी और देखते ही देखते गुलरिहा चौराहा से कानपुर रेलवे लाइन तक पूरी सड़क नष्ट हो गई। एक माह पहले बनी सड़क की गिटिट्यां बाहर निकल आई है और सड़क फैलकर बिखर गई है, जिससे बरसात होते ही यह सड़क राहगीरों के लिए और मुसीबत खड़ी कर देगी।



गंगा एक्सप्रेस वे के लिए मिट्टी ढो रहे डंपरों द्वारा नष्ट की गई एक माह पूर्व बनाई गई नजनपुर गांव से नवादा को जाने वाली सड़क। अमृत विचार

**दर्जनों गांव के लोगों का है आवागमन**

गुलरिहा चौराहा से नेवादा तक जाने वाली जिस सड़क को गंगा एक्सप्रेस वे के ठेकेदार ने नष्ट किया है, वह सड़क क्षेत्र की बहुत उपयोगी सड़क है। इस सड़क से मुंडीपुर, किरवाहार, नेवादा, लाला का पुरवा, भट्ठी का पुरवा, पचखरा, मकवापुर, होरैसा समेत करीब एक दर्जन से अधिक गांव की हजारों की आबादी का आवागमन होता है। यही नहीं इसी सड़क मार्ग से बाहर से गंगा स्नान करने आने श्रद्धालु भी आवागमन करते है।

**तालाब को बना दिया विशाल कुआं**

गंगा एक्सप्रेस-वे के जिस मेंहदी तालाब में खनन किया जा रहा है, उसमे भी मानकों को दरकिनार कर दिया गया है। तीन फिट गहरी खोदाई करने की अनुमति जिला प्रशासन ने दी थी, किंतु ठेकेदार ने पूरे तालाब को करीब बीस फिट गहरा खोद डाला गया है जिससे पूरा तालाब कुंए में तब्दील हो चुका है।

### ब्यूटी पार्लर में पैसे को लेकर हुआ विवाद

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। लालगंज कस्बे के मेन रोड स्थित एक ब्यूटी पार्लर में मारपीट की घटना हुई है। लालगंज पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों का मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ब्यूटी पार्लर की संचालक मोहिनी वाजपेई ने शिकायत करते हुए पुलिस से बताया कि सोहाई बाग आलमपुर की महिला सोनम पत्नी छोटे उसके यहां हेयर कलर कराने आई थी। हेयर कलर करने के बाद पैसा देने में आनाकानी करने लगी जिससे वह विवाद हो गया। महिला और उसके पति ने उसे मारा पीटा और दलित एक्ट में फंसाने की धमकी दी। दूसरी ओर से महिला सोनम ने भी ब्यूटी पार्लर चलाने वालों के खिलाफ दलित एक्ट सहित मारपीट का मामला दर्ज कराया है।

# पक्का संपर्क मार्ग बनाने को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता,शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** तख्त बदल गए, ताज बदल गए। सरकारें आती रही, सरकारें जाती रही किन्तु आधा दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने वाले 3.5 किलोमीटर लम्बे हिन्दूगंज-अलीपुर सम्पर्क मार्ग पर न तो आज तक खडण्जा लगवाया गया और न ही किसी जनप्रतिनिधि अथवा विभाग ने इसे पक्का बनवाना मुनासिब समझा। वर्षों से इस कच्चे सम्पर्क मार्ग को पक्का मार्ग बनाए जाने की आस में बैठे ग्रामीणों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा।

आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए पक्का सम्पर्क मार्ग बनाए जाने की



संपर्क मार्ग बनाने को लेकर प्रदर्शन करते आक्रोशित ग्रामीण। अमृत विचार

मांग की है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण का कहना था कि यदि जल्द ही इस 3.5 किलोमीटर लम्बे कच्चे सम्पर्क मार्ग की जगह पर पक्का सम्पर्क मार्ग नहीं बनाया गया तो आन्दोलन किया जाएगा। प्रदर्शन कर रहे नागेंद्र कुमार, राम यादव, शिवम आदि ग्रामीणों ने बताया कि अड़ारुगंज वाया अलीपुर सम्पर्क मार्ग अड़ारुगंज से हिन्दूगंज तक तो पक्का बना हुआ है वहीं गांव के किनारे थोड़े में खडण्जा लगा हुआ है शेष करीब 3.5 किलोमीटर सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से कच्चा है। गर्मी और बरसात के दिनों में इस सम्पर्क मार्ग से गुजरना मुश्किल हो जाता है। गर्मी में जहां धूल उड़ा करती है तो वहीं बरसात में बड़े-बड़े गड्ढे और कचड़ा हो जाता है जिससे साधन से चलना तो दूर पैदल चलना भी दुश्वार हो जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस सम्पर्क मार्ग से करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों के छात्र-छात्राएं अलीपुर और हलोर पढ़ने जाते हैं। बारिश के दिनों में छात्र-छात्राओं एवं राहगीरों को मजबूरी में जूते चप्पल उतार कर हाथ में लेकर पैदल जाना पड़ता है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के समय नेता और वोट के ठेकेदार आते हैं और इसे पक्का सम्पर्क मार्ग बनवाने का वादा करते हैं किन्तु चुनाव जीतने के बाद दोबारा वापस दिखाई नहीं देते।

# प्रेमी के साथ भागी प्रेमिका ने माता-पिता पर लगाए आरोप

संवाददाता,सलोन, रायबरेली।

**अमृत विचार।** घर से भागकर प्रेमी के साथ शादी रचाने वाली एक युवती ने माता पिता द्वारा प्रताड़ित किये जाने का आरोप लगाकर सनसनी मचा दी है। पिता द्वारा नाबालिग बेटी को भगा ले जाने की शिकायत के आधार पर पुलिस प्रेमी लड़के के घर जांच करने पहुंची तो युवती ने पुलिस को भी कटघरे में खड़ा कर एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को दिया है। हालांकि दोनों प्रेमी युगल अभी उच्चाधिकारियो के समक्ष प्रस्तुत नही हुए है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी तेजी लाल 25 मई को स्थानीय पुलिस से शिकायत की थी कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को कमालापुर गांव का रहने वाला युवक धर्मेंद्र पुत्र छेदीलाल 13 मई को बहला फुसला कर भगा ले गया है। घटना की शिकायत पर शनिवार देर शाम पुलिस आरोपी लड़के के घर जांच करने पहुंची तो बवाल मच गया। पुलिस के दबिश देने के बाद प्रेमी प्रेमिका का वैवाहिक अनुबन्ध पत्र फोटो सहित सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। कोतवाली इंचार्ज कृष्ण चन्द्र ने बताया कि लड़की के पिता ने नाबालिग बेटी को भगा ले जाने की शिकायत आरोपी युवक के विरुद्ध दी थी। पुलिस उसी प्रकरण में लड़के के घर जांच के लिए गई हुई थी। सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट पूरी तरह से गलत है।

**प्रेमी युगल ने डीएम से की शिकायत**

प्रेमी के साथ फरार हुई एक लड़की ने पुलिस के साथ साथ पिता पर गम्भीर आरोप जड़े है। साथ ही ये भी कहा कि वो बालिग है। लड़की की तरफ से जिलाधिकारी को भेजे गए एक शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया कि उसके माता-पिता द्वारा उसे प्रताडित किया जा रहा था। आरोप है की वह माता-पिता की इन बातों से परेशान हो चुकी थी। वह पूर्ण रूप से बालिग है अपना अच्छा व बुरा खूब जानती हूं। वह धर्मेन्द्र पुत्र छेदी लाल निवासी ग्राम कमालापुर थाना सलोन जिला रायबरेली से प्रेम करती हूं।

**शर्मनाक** विभाग ने फिर रखा लाखों पौध लगाने का लक्ष्य

# लापरवाही में सूखे लाखों के पेड़, शोपीस बने ट्री-गार्ड

संवाददाता,महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बीते पांच जुलाई को वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया गया। सरकारी आंकड़ों में इस दिन वन विभाग ने तकरीबन एक लाख से अधिक व अन्य विभागों ने 2 लाख 18 हजार पौधे रोपे। रोपाई के बाद किसी ने भी इन पौधों की तरफ मुड़कर नहीं देखा जिससे यह पौधे देखरेख के आभाव में सूख गए।

फिलहाल इस बार भी क्षेत्र में लाखों पौधे रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है। महराजगंज से बछरांवा रोड, हरचंदपुर रोड व अन्य मुख्य



सड़क किनारे शोपीस बने ट्री-गार्ड। अमृत विचार

मार्ग के किनारे वन विभाग द्वारा भारी मात्रा में पौधे रोपे गए। रोपे गए पौधों को जानवरों से बचाने के लिए लाखों रुपए के बजट से उनमें ट्री गार्ड भी लगवाए गए, लेकिन देखरेख व वक्त पर सिंचाई के अभाव में पौधे ट्री गार्ड के अंदर ही सूख गए। कागजों पर ये भले ही जिम्मेदारों को हरे भरे दिख रहे हों, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। अमृत विचार के पड़ताल में रोपे गए सभी पौधे मुरझाए और सूखे मिले, जिससे इलाके को हरा-भरा रखने की कवायद औंधे मुंह गिर गई है। जबकि पौधरोपण के दौरान इन्हें बचाने व देखरेख करने का संकल्प भी दिलाया गया था।

**लाखों का बजट खर्च कर पर्यावरण में हुई हेराफेरी**

महराजगंज विकास खण्ड क्षेत्र में वन विभाग के अलावा मनरेगा से भी वर्ष 2023-24 में लगभग 1 लाख 17 हजार पौधे विभिन्न ग्राम सभाओं में पड़ी खाली सरकारी भूमि पर 23 लाख 3 हजार 47 रुपए की लागत से बृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी का नतीजा रहा कि 80 फीसदी से अधिक पौधे सूख गए है। हर वर्ष सभी विभागों द्वारा पौधरोपण का अभियान चलाकर खूब वाहवाही बटोरी गई, लेकिन इसके बाद आज तक किसी भी जिम्मेदार ने इस ओर पलट कर नही देखा। इसका नतीजा यह है कि हर वर्ष लाखों रुपए का बजट पर्यावरण बचाने के नाम पर बंदरबांट किया जाता है।

### संगीत मय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** आधुनिक रेलकोच कारखाने के आवासीय परिसर स्थित टाइप 4 कॉलोनी में अविनाश कुमार सिंह और डॉक्टर भूमिका के द्वारा धार्मिक विधि विधान से सुंदरकांड मानस पाठ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संगीत मय सुंदरकांड मानस पाठ किया गया। भगवान श्रीराम के दूत बजरंगबली के लंका पहुंचने और मां सीता से मिलकर धीरज बंधाने सहित लंका जलाने की गाथा को लोगों ने बड़े ही भावपूर्ण ढंग से सुना। सुंदरकांड मानस पाठ के आयोजन के कार्यक्रम में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने जहां मानस पाठ का श्रवण पान किया। वहीं प्रसाद भी ग्रहण किया।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग फायर कर्मियों ने बुझाया

संवाददाता,बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रयागराज हाईवे पर हसनगंज के निकट ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। शनिवार रात 11 बजे की है। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर स्थित हसनगंज थाना क्षेत्र बछरावां में हाईवे के किनारे तथा बस्ती के नजदीक एक ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। जिसमें अचानक आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटो ने अगल-बगल की झाड़ियां भी जलने लगी। जिसे देख



ट्रांसफार्मर में लगी आग। अमृत विचार

ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बस्ती की तरफ आग पहुंचने की आशंका पर ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मियों के द्वारा एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# एम्स अधीक्षक एक्शन में, फार्मेसी संचालक टेंशन में

## अमृत फार्मेसी के कर्मचारियों की मनमानी से मरीज व तीमारदार परेशान, दवा के लिए करना पडता है घंटों इंतजार

संवाददाता, रायबरेली



एम्स की अमृत फार्मेसी में दवा के लिए लगी मरीज व तीमारदारों की लाइन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में संचालित अमृत फार्मेसी के कर्मचारियों की मनमानी से मरीज व तीमारदार परेशान हैं।

मरीजों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध केंद्र सरकार की योजना के तहत खुली अमृत फार्मेसी की मनमानी सरकार के दावो को खोखला कर रही है। केंद्र सरकार को बदनाम करने वाले अमृत फार्मेसी के कर्मचारी मरीजो को छूट का पूरा लाभ नही दे रहे है। जबकि अमृत फार्मेसी 60 प्रतिशत तक छूट मिलने का दावा करती है। अमृत फार्मेसी पर 60 प्रतिशत मिलने वाली छूट का बैनर भी लगा हुआ है। अव्यवस्थाओं के चलते तीमारदारों को घंटों लाइन में लगकर अपने नम्बर का इंतजार करना पड़ता है। जिसकी बानगी के तौर पर बीते सोमवार को एम्स के अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. सुयश सिंह ने फिल्मी स्टाइल में एक आम आदमी की तरह जाकर लाइन में लगकर दवा खरीदी। उनके इस एक्शन से मरीजों को होने वाली परेशानियों की जानकारी भी मिली। वहीं उनके इस कदम से फार्मेसी संचालक टेंशन में आ गए। इस दौरान उन्होंने लाइन में लगे लोगों से हो रही असुविधा के बारे में जानकारी भी ली। आधा दर्जन से अधिक खामियां मिलने पर नाराजगी जताते हुए कर्मचारियो को कड़ी फटकार भी लगाई। एक सप्ताह में सभी खामियां दूर करने की नसीहत देते पर्चे पर लिखे केमिकल नाम की सस्ती व ब्रांडेड दवा देने की हिदायत दी। निर्देश का पालन न किए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी, लेकिन अधीक्षक प्रोफेसर डा सुयश सिंह की चेतावनी का अमृत फार्मेसी के कर्मचारियों पर कोई खासा प्रभाव नही पड़ा। लगभग एक सप्ताह से अधिक दिन बीत जाने के बाद अमृत फार्मेसी के कर्मचारियो व व्यवस्थाओं में कोई बदलाव नही किया गया। एम्स प्रशासन लगातार मरीजो के हित में सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने की जद्दोजहद में लगा हुआ है, लेकिन अमृत फार्मेसी के कर्मचारियो की उदासीनता के चलते मरीजो को महंगी दवाइया ही मिल रही हैं। नीरज कुमार, राम सहारे, फूला देबी, अर्जुन सिंह ने बताया कि दवा मे छूट का पूरा लाभ नही दिया जाता है। पूछने पर कर्मचारियो की नाराजगी झेलनी पड़ती है। दवा लेने आए 70 वर्ष के बुजुर्ग राम अधार को दवा के लिए घंटो लाइन में अपने नंबर का इंतजार करना पड़ा।

> निरीक्षण के दौरान मिलने वाली खामियों को दूर करने के निर्देश दिए गए थे। पुनः किसी दिन निरीक्षण किया जाएगा। खामियां मिलने पर सख्त कार्रवाई कि जाएगी।
> –प्रोफेसर डा सुयश सिंह, अधीक्षक, एम्स

> कर्मचारी व दवा वितरण काउंटर बढा दिए गए हैं। सीनीयर सिटीजन व महिला काउंटर भी अलग बनाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी काउंटर पर बिलिंग की व्यवस्था कर दी गई है। आने वाले मरीजों को काउंटर पर अधिक समय नहीं देना पड़ेगा। दवाओं पर मिलने वाली छूट निर्धारित मूल्यों पर निर्भर करती है।
> –अशोक सिंह, फार्मेसी इंचार्ज

# आरोग्य मेले में मरीजों का किया गया उपचार



आरोग्य मेले में मरीज का उपचार करते चिकित्सक। अमृत विचार

संवाददाता, जगतपुर

**अमृत विचार।** हरदी टीकर पीएचसी में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 62 मरीजो का उपचार किया गया।

रविवार को जगतपुर पीएचसी में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डा सुफैल अहमद ने की। जिसमें 62 मरीजो ने पंजीकरण कराया। जिसमें खांसी, जुखाम, बुखार, हाइपरटेंशन, एनीमिया आदि रोग के मरीजों ने उपचार करवाया। डा सुफैल अहमद ने बताया कि आए हुए मरीजों को उपचार के बाद निशुल्क दवा वितरण की गई।

### युवकों को भेजा जेल

**रायबरेली, अमृत विचार।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने रेप के मामले में वांछित दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली पुलिस ने धनंजय सिंह भदौरिया उर्फ धुनाड़ी पुत्र श्याम बाबू निवासी इंदिरा नगर, अजय प्रताप सिंह निवासी नेहरू नगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# शहर में दबंगों के हौसले बुलंद मारपीट का वीडियो वायरल

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ दर्ज किया एफआईआर

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड स्थित मार्केट के सामने पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

शहर के निराला नगर निवासी मनोरम शुक्ला ने आरोप लगाया है कि वह अपने मेडिकल फार्मा में बैठे थे। तभी राजेश ओझा अन्य साथियों के साथ आकर मारपीट करने लगे। बचाव करने आई उसकी बहू, बेटे और एक अन्य को पीट दिया। जिससे उसकी बहू को चोटे आई हैं। उधर, राजेश ओझा ने बताया कि वह सीए का काम करते हैं और उनका ऑफिस भी उसी मार्केट में है। मनोरम शुक्ला ने उसके पार्किंग एरिया में अपने लड़के की चाय की दुकान खुलवा दी है, जिससे वाहन खड़ा करने में दिक्कतें होती हैं। जिसकी शिकायत उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। जिसको लेकर जब वह अपने ऑफिस आया तभी मनोरम शुक्ला व उसके अन्य साथी उसके ऊपर टूट पड़े।

### मारपीट में पांच घायल

**अमावा, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव मे मामूली विवाद मे एक पक्ष ने 5 लोगो को पीटकर घायल कर दिया। भैस चराने गए बच्चो में पानी की बोतल को लेकर विवाद हो गया। यह बात ज़ब घर के बड़ों को पता चली तो एक पक्ष ने लाठी डंडों से दिलशाद, नौसाद, इलियास, रफीक, रुक्सार व शबा को पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर उपचार के लिए भेज दिया। वहीं, थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है, जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# स्कार्पियो व कार को टक्कर मारते हुए घर में घुसा डंपर, पांच घायल

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली,



दुर्घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार



लखनऊ–प्रयागराज हाईवे पर हादसे के बाद खड़ा क्षतिग्रस्त डंपर। अमृत विचार

▸▸ लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर बीती देर रात हुआ हादसा

**अमृत विचार।** शनिवार की देर रात लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में अनियंत्रित डंपर ने आगे चल रही स्कार्पियो व कार को टक्कर मारते हुए घर में जा घुसा। जिसमें पांच लोग घायल हुए। जिसमें एक की हालत गंभीर बताई गई है। जिसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

कस्बा के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेलवे स्टेशन के सामने लखनऊ से फतेहपुर जा रहा एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर आगे चल रही स्कार्पियो व कार को टक्कर मारते हुए एक मकान में जा घुसा। वही इस भीषण सड़क हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। भीषण सड़क हादसे में कार सवार सिमर पुत्री दुर्गेश नंदन (19 वर्ष) निवासी पटेल नगर बछरावां, समर पुत्र दुर्गेश नंदन (18 वर्ष) निवासी पटेल नगर बछरावां एवं एक युवक राहगीर अनुभव पुत्र शिव सहाय (20 वर्ष) निवासी थुलेंडी जो बनारस जाने के लिए स्टेशन की तरफ जा रहा था।

वही डंपर चालक राम यादव पुत्र राम सजीवन (19 वर्ष) निवासी सरसौल स्टेशन जनपद कानपुर व क्लीनर बबलू पुत्र महेश (21 वर्ष) निवासी सरसोर स्टेशन जनपद कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने डंपर ड्राइवर राम यादव व क्लीनर बबलू को कड़ी मशक्कत के बाद डंपर से बाहर निकाला तथा एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने क्लीनर बबलू की स्थिति को गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है। जिस समय यह हादसा हुआ है उस समय चालक सो रहा था और क्लीनर डंपर चला रहा था। इस भीषण सड़क हादसे के बाद लगभग घटनास्थल पर 2 घंटे से अधिक समय तक जाम लगा रहा। लखनऊ से प्रयागराज की तरफ जाने वाले वाहनों का आवागमन दूसरी लेन से किया गया।



दुर्घटनास्थल पर लोगों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार



सीएचसी में घायल का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

# पुलिस अधीक्षक से मांगा न्याय

**डलमऊ, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने एक लड़के पर लड़की को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक से उचित कार्रवाई करने की मांग की है।



### तलाश गुमशुदा



रीना पुत्री राम कुमार निवासी – ग्राम पूरे खुशियाल मजरे बरुवा, थाना – डीह जनपद रायबरेली की मूल निवासिनी हूँ दिनांक 15–07–2023 को मेरा भाई संदीप उम्र 25 वर्ष बिना बताये कही चला गया है। मैंने काफी खोज बीन किया। किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिली मैंने अपने सभी रिश्तेदारी को फोन से पता किया। हुलिया– रंग गोरा इकहरा बदन पहनावा– टी शर्ट व पैंट काला रंग पैर में कुछ भी नहीं पहने है। मो. 8999388119


### खेत में पड़ा मिला अधेड़ महिला का झुलसा शव

**उन्नाव, अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत सुपासी गांव निवासी महिला का झुलसा शव खेत के पास पड़ा मिला। परिजनों ने टूटी पड़ी एचटी लाइन की चपेट में आकर मौत होने की बात कह विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया पांच घंटे हंगामा किया। कार्रवाई का भरोसा दिए जाने पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। एसडीओ रवि यादव ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। सुपासी गांव निवासी रामबेटी (50) पत्नी स्व. कृपाशंकर रविवार सुबह 10 बजे गांव के बाहर स्थित खेत से मिट्टी लेकर लौट रही थी।

# दरोगा का अर्द्धनग्न अवस्था का वीडियो वायरल, लाइनहाजिर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत कोलुहा गाढ़ा चौकी इंचार्ज का अंडरवियर में कुर्सी पर बैठने का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दरोगा की इस हरकत से चौकी परिसर में बने मंदिर में भागवत सुनने आईं सैकड़ों महिलाएं असहज हो गईं। एसपी ने वीडियो पर संज्ञान लेते हुए दरोगा को लाइन हाजिर कर जांच सीओ बीघापुर को सौंपी है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बता दें कि अचलगंज थानाक्षेत्र की कोलुहा गाढ़ा चौकी वहां स्थित चंद्रिका माता मंदिर के प्रांगण में बनी है। इन दिनों मंदिर परिसर में भागवत कथा चल रही है। जिसे सुनने आसपास के गांवों से सैकड़ों महिलाएं भी आतीं हैं। चौकी के इंचार्ज का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जिसमें दरोगा राम निवास यादव चौकी के बरामदे में सिर्फ अंडर वियर पहने बैठे हैं। किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने मामले का संज्ञान लेते हुए दरोगा के वीडियो की जांच बीघापुर सीओ माया राय को देकर रिपोर्ट देने को कहा है और दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। थाने से दरोगा विनय कुमार को चौकी का कार्यभार दिया गया है। उधर, दरोगा ने अपनी सफाई में कहा कि उन्होंने सुबह कपड़े और तौलिया धुलकर सूखने को डाल दी थी। तभी अचानक लाइट चली गई। इस पर वह कुर्सी में बैठकर लाइट आने का इंतजार करने लगे।

# नहाने गया रेलवे गेटमैन शारदा नहर में डूबा

संवाददाता, उचौलिया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में यहां से एक किमी दूर शारदा नहर में साथियों के साथ नहाने गए रेलवे का एक गेट मैन डूब गया। समाचार प्रेषण तक उसे निकाला नहीं जा सका था। पुलिस प्रयास में जुटी थी।

नहर में डूबने वाला गेटमैन आशीष कुमार यादव इलाहाबाद प्रयागराज का निवासी था। यहां उचौलिया रेलवे स्टेशन पर लगभग चार साल से तैनात था। रविवार शाम पांच बजे भीषण गर्मी में अपने गेटमैन साथी उज्जवल कुमार निवासी बाबूगढ़ जिला हापुड़ के साथ शारदा नहर में नहाने गया। तिलहर शाहजहांपुर से भी तीन गेटमैन साथी नहाने के लिए आए थे। आशीष सहित सभी की नाइट ड्यूटी थी। नहाते वक्त आशीष ने तैरकर नहर पार करने की सोंची और इसी प्रयास में वह डूड गया। साथी थोड़ा पीछे थे इसलिए बचा नहीं सके। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन कोई गोताखोर उपलब्ध नहीं हुआ। ग्रामीण तैराकों को पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से नहीं अनुमति नहीं दी। पुलिस उसकी बाडी को निकलवाने के लिए प्रयासरत थी।

# खड्ड में गिरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक घायल, भर्ती

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के मालिन का पुरवा के पास ड्रेन की रेलिंग तोड़ते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली चालक सहित नीचे चला गया। घटना के बाद आसपास हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक को किसी तरह से बाहर निकाला और उसे घायलावस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना रविवार दोपहर की है। एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर मालिन के पुरवा की ओर जा रहा था, तभी उसका नियंत्रण ट्रैक्टर ट्राली से हट गया और अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

### फाल्ट ठीक कर रहा लाइनमैन खम्भे से गिरकर घायल

**सरेनी, रायबरेली।** रविवार की देर शाम को शटडाउन लेकर हाई टेंशन लाइन का फाल्ट ठीक कर रहा लाइनमैन करंट की चपेट में आकर झुलस कर खंभे से नीचे गिर गया। परिजन उसे सीएचसी लालगंज ले गए जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के सिंघौर तारा गांव के रहने वाले सर्वेश कुमार रौतापुर पावर हाउस में संविदा लाइनमैन है। रविवार शाम करीब 6 बजे वह पूरे प्रयाग दत्त मजरे रौतापुर गांव में शटडाउन लेकर खंभे पर चढ़कर हाई टेंशन लाइन का फाल्ट ठीक कर रहा था, तभी लाइन में करंट आ गया और झुलस कर खंभे से नीचे गिर गया। परिजन उसे लालगंज अस्पताल लेकर गए जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सिंघौर तारा गांव के रहने वाले सतीश कुमार सिंह ने बताया कि लाइनमैन की हालत गंभीर है।

### व्यापारी नेता की पुण्यतिथि पर सम्मानित हुए व्यापारी

**महराजगंज, रायबरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई के अध्यक्ष रिंकू जायसवाल के नेतृत्व में शहीद व्यापारी नेता हरिश्चंद अग्रवाल की 45 वीं पुण्य तिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गयी। इस दौरान 11 व्यापारियों का अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। ।आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं व्यापार मंडल के संरक्षक विमल रस्तोगी ने बताया की व्यापारियों के खिलाफ लाए गए काले कानून की खिलाफत करने पर प्रशासन द्वारा गोली मार कर व्यापारियो की आवाज बुलंद कर रहे हरिश्चंद अग्रवाल की हत्या की गयी। अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने बताया की तभी से व्यापार मंडल द्वारा हरिश्चंद अग्रवाल की शहादत में उनकी पुण्य तिथि मनाई जाती हैं। इस दौरान व्यापार मंडल के संरक्षक मंडल के सदस्यों विमल रस्तोगी, रामू वर्मा, शोभनाथ वैश्य, सत्यनारायण मोदनवाल द्वारा 11 व्यापारियों कों सम्मानित किया गया। इस दौरान एमडी पासी, मुकेश मोदनवाल, गुड्डू वर्मा, लल्लन वर्मा, अरुण सोनी, शिवकैलाश वर्मा, आशा सिंह, अजय वैश्य सहित अन्य व्यापार मंडल के पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।



## अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सूचित हो कि हम **पंकज सिंह प्रियदर्शी पुत्र रविन्द्र सिंह एवं पूजा सिंह पत्नी पंकज सिंह प्रियदर्शी, निवासी–सेक्टर K–808बी, आशियाना, लखनऊ,** मो0– 8795488888, हमारे मकान की एलाटमेंट लेटर, रजिस्ट्री दिनांक 01.12.2014 को बही सं0–1, जिल्द सं0–18238, पृष्ठ सं0–261 से300 पर क्रमांक–26113 रजिस्ट्रीकृत किया गया था एवं करेंक्शन डीड नम्बर–01, जिल्द नम्बर 118 के पृष्ठ 23 में नम्बर 7783 आ0फा0 बुक– 01, जिल्द नम्बर 130 के पृष्ठ 401 से 408 दिनांक–15.11.2000 उपनिबन्धक कार्यालय में पंजीकृत है, एवं अन्य कई मूल महत्वपूर्ण कागजात भी चोरी हो गये हैं। चोरी की एफ0आई0आर0 थाने में 01.06.2017 को दर्ज है। उपरोक्त मकान से सम्बन्धित किसी को आपत्ति हो तो अगले 15 दिनों में सूचना दे।

### Notice

I, Mohammad Afzalur Rahman, son of Basharat Ali, resident of 245 Moh. Numaish Purva Distt. Hardoi, My name Afazalur Rehman is mentioned in the passport of my daughter Humaira Fatima. Whereas my real name is Mohammad Afzalur Rahman which should be considered and understood correctly.

### सूचना

सूचित हो कि मैं **लीलावती पुत्री वीरेन्द्र कुमार, निवासी– C–48 माहाराजापुरम, केसरी खेरा, कृष्णा नगर, लखनऊ,** मेरा जी.एन.एम. की परीक्षा वर्ष 2017 जिसका रोल नम्बर– 141706546 का डिप्लोमा वास्तव में खो गया है।


# एसी बस खंती में गिरी आठ यात्री हुए घायल

**बिछिया, उन्नाव।** अमृत विचार। दही थानांतर्गत दही–पुरवा मार्ग पर ओरहर गांव मोड़ के पास नई दिल्ली से रायबरेली जा रही बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जाकर पलट गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने बस से यात्रियों को बाहर निकलवाया। इसके बाद आठ घायलों को बिछिया सीएचसी पहुंचाया। बुलंद शहर जिले के सवारा निवासी चालक शकील (45) व खलासी शाहरुख (30) पुत्र मकसूर अली एसी बस से सवारी लेकर नई दिल्ली से रायबरेली जिले के बछरावां जा रहे थे। रविवार सुबह पांच बजे सामने से आ रहे कंटेनर से बचने में बस दही थानाक्षेत्र के ओरहर मोड़ पर अनियंत्रित होकर खंती में जाकर पलट गई।

# अवैध असलहों के साथ दो युवकों के फोटो वायरल

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** युवकों द्वारा रील बनाने के चक्कर में असलहों के प्रदर्शन की होड़ मची है। कोतवाली क्षेत्र में दो फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। जिनमें युवक असलहों का प्रदर्शन करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने फोटो में दिख रहे युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

सोशल मीडिया में असलहों के साथ दो युवकों क फोटो तेजी से वायरल हो रही हैं। हालांकि ऐसे किसी भी वायरल फोटो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। वायरल फोटो आमजन में चर्चा का विषय बनी हुई है। एक वायरल फोटो में युवक विदेशी पिस्टल के साथ हाईवे पर रील बनाता दिख रहा है। पहचान करने वाले लोगों द्वारा युवक को गंजमुरादाबाद कस्बे का निवासी होने का दावा कर रहे हैं। जबकि, दूसरी फोटो में एक युवक देशी पिस्तौल के साथ दिख रहा है। दूसरा युवक गांव भिखारीपुर रुल्ल का बताया जा रहा है।



असलहों के साथ दिख रहे युवक।

### घायल पुरोहित की हैलट में इलाज के दौरान मौत

**पुरवा, उन्नाव अमृत विचार।** डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार 58 वर्षीय पुरोहित वृद्ध की चौथे दिन हैलट अस्पताल कानपुर में इजाज के दौरान मौत हो गयी। उसकी मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के धौरहरा निवासी 58 वर्षीय करुणा शंकर तिवारी पुरोहित का काम करते थे। वे 22 मई को पूजा पाठ कराने बाइक से पुरवा आए थे। जहां कस्बे के मिर्री चौराहा के पास गिट्टी लादकर आ रहे डंपर की बाइक में टक्कर लगने से आर्चाय सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए थे। लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन उनको सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने पहले जिला अस्पताल फिर वहां से हैलट अस्पताल कानपुर भेज दिया था। जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह करुणा शंकर ने दम तोड़ दिया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि डंपर को कब्जे में लिया गया है। मौत की सूचना मिली है।

# भाकियू टिकैत गुट ने इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाया



इंडिया मार्का हैंडपंप लगने के बाद मौजूद भाकियू टिकैट गुट के पदाधिकारी व अन्य।

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** गर्मी के मौसम में राहगीरों व अन्य लोगों को पानी पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने स्वयं के खर्च से अलारगंज स्थित शीतला दास बाबा की कुटी पर इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाया है। हैंडपंप लगवाने पर सभी ने बावन बुजुर्ग बल्ला के ग्राम सभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा व उनकी कार्यकारिणी के इस कार्य की सराहना की है। रविवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सर्वेश वर्मा ने लगवाए गए हैंडपंप का उद्घाटन किया। इस मौके पर किसान यूनियन के पदाधिकारियों के अलावा बावन बुजुर्ग बल्ला व अन्य गांव के कई लोग मौजूद रहे।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ

## वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को कोठी पुलिस टीम ने ग्राम मोहब्बतपुर पट्टी निवासी रामकरन पुत्र बब्लू को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 25 आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार** : संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को जिले के अलग– अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 25 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की है। अभियान के दौरान पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया।

### तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को देवा पुलिस टीम ने ग्राम सरसौंदी निवासी सटीक को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

### दो वांछित पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार** : पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को रामनगर पुलिस टीम ने वांछित आरोपी ग्राम थालखुर्द निवासी उमेश शर्मा व जयसीराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

# 4 जून की दोपहर दो बजे तक पता चलेगा किसके सिर पर सजा ताज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर तैयारियों का दौर जारी है। चार जून को नवीन मंडी परिसर में होने वाली मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 14 मेजें लगाई जाएंगी। बताया जा रहा है कि करीब 32 चक्रों में मतगणना में परिणाम आ जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक चक्र में छह वीवीपैट पर्चियों से ईवीएम में पड़े मतों का मिलान भी होगा। विधानसभावार मतगणना के लिए अलग-अलग टिनशेड निर्धारित किए गए हैं। चार जून को दोपहर 2 बजे तक परिणाम आने का अनुमान है।

बहराइच रोड स्थित नवीन मंडी को मतगणना स्थल बनाया गया है। जिले की पांच और अयोध्या संसदीय क्षेत्र की एक विधानसभा क्षेत्रों के 2615 बूथों पर ईवीएम में पड़े मतों और पोस्टल बैलेट पेपरों की गिनती चार जून को होगी। इस बार मतगणना के बाद आखिरी में वीवीपैट की पर्चियों की गणना नहीं होगी, बल्कि हर विधानसभा क्षेत्र की एक वीवीपैट पर्ची की गणना हर चक्र में होगी। जिले में छह विधानसभा क्षेत्र हैं, इसमें 14-14 मेजें लगाई जा रही हैं। प्रत्येक चक्र में 84 ईवीएम में पड़े मतों की गणना होगी। मतगणना दो बजे से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी। मतगणना स्थल पर मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। हर एक चक्र की मतगणना को चुनाव आयोग की साइट पर फीड किया जाएगा। साथ ही एलईडी, लाउडस्पीकर से भी लगातार रिजल्ट बताया जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि मतगणना के लिए तैयारियां चल रही हैं। नवीन मंडी परिसर में मतगणना के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत रामनगर तिराहा से मंडी परिसर तक बैरियर लगाए गए हैं। इन पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों के साथ मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की जाएगी। इसके अलावा नवीन मंडी के प्रमुख प्रवेश व निकास द्वार भी पर इनकी तैनाती की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। मतगणना स्थल पर बिना पास के किसी की भी एंट्री नहीं होगी। प्रत्याशी, एजेंट, अधिकारी व कर्मचारियों तक को पास दिखाना होगा। पास निर्गत करने की अधिकृत जिम्मेदारी जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय विवेकशील यादव को दी है।

**मतगणना के लिए विधानसभावार टिनशेडों की संख्या**

| | | |
|---|---|---|
| कुर्सी | शेड नंबर तीन | हाल सात व आठ |
| रामनगर | शेड नंबर छह | हाल संख्या 11 व 12 |
| बाराबंकी | शेड नंबर दो | हाल संख्या पांच, छह |
| जैदपुर | शेड नंबर दो-अ | हाल संख्या तीन व चार |
| हैदरगढ़ | शेड नंबर एक | हाल संख्या एक व दो |
| दरियाबाद | शेड नंबर तीन | हाल संख्या नौ व 10 |

### विशेष प्रेक्षक की निगरानी में होगी मतों की गिनती

**कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी, अमृत विचार** : 20 मई को हुए मतदान के बाद चार जून को शहर के नवीन मंडी में मतों की गिनती कराई जाएगी। आयोग ने पूर्व में सामान्य प्रेक्षक के तौर पर आरआर दामोर की तैनाती की है लेकिन जिला प्रशासन ने मतगणना के लिए आयोग से एक और प्रेक्षक की मांग की थी। इस बार दो प्रेक्षकों की मौजूदगी में मतगणना कराई जाएगी। चार जून को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना के लिए विधानसभा क्षेत्रवार 16–16 मेजें लगाए जाने का खाका तैयार हो रहा है। इसमें ईवीएम से मतगणना के लिए 14–14 टेबल लगाई जाएंगी। एक टेबल बैलेट पेपर और एक वीवीपैट के लिए लगाई जाएगी। 2615 ईवीएम की गणना लगभग 32 चक्रों में होगी।

इस तरह से तकरीबन साढ़े पांच घंटे मतगणना में लग जाएंगे। मतगणना के लिए आयोग ने विशेष प्रेक्षक उड़ीसा कैडर की आईएएस अधिकारी रीना महापात्रा की तैनाती की है। वह तीन जून को जिले में आएंगी। निर्वाचन आयोग की व्यवस्था के अनुसार अधिकतम चार विधानसभाओं पर एक प्रेक्षक की नियुक्त मतगणना के लिए होती है। जिले में छह विधानसभाओं की गणना के चलते जिला प्रशासन ने प्रस्ताव भेजकर एक और प्रेक्षक की मांग की थी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि विशेष प्रेक्षक की तैनाती मतगणना के लिए की गई है। अब मतगणना की पूरी प्रक्रिया प्रेक्षक आरआर दमोर और रीना महापात्रा की निगरानी में होगी।

**लिफाफे में घोषणा पत्र न मिलने पर निरस्त होगा बैलेट पेपर** : आरओ और एआरओ की अध्यक्षता में 28 मई को मतगणना की ट्रेनिंग दी जाएगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट पेपरों की गिनती होगी। बैलेट की गिनती के बाद आधे घंटे बाद ईवीएम में बंद मतों की गणना होगी। फार्म–13 सी के कवर जो मतगणना के लिए निर्धारित समय के बाद प्राप्त हुए हैं, वह नहीं खाले जाएंगे। लिफाफे के दो प्रारूप होंगे, जिसमें घोषणा पत्र होगा और दूसरा 13–बी होगा, जिसमें डाक मतपत्र होंगे। घोषणा पत्र की जांच कर ली जाएगी, यदि घोषणा पत्र नहीं है या गलत है तो बैलेट पेपर निरस्त होगा। सभी चक्रों की डाक मतपत्रों की गणना पूर्ण होने के उपरांत कुल मतों का योग प्रत्याशीवार अंतिम गणना शीट फार्म– 20 पर दर्ज किया जाएगा।

# शादी के दो दिन पूर्व दुर्घटना में युवक की मौत

## भाई को लेने लखनऊ एयरपोर्ट जा रहा था युवक, अनियंत्रित बाइक के पेड़ से टकराने पर हादसा




सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार** : शादी से दो दिन पूर्व एक युवक की सड़क दुर्घटना में रविवार को मौत हो गयी। वह विदेश से आ रहे अपने भाई को लेने बाइक से लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट जा रहा था। रास्तें में अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से टकरा गयी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं।

थाना दरियाबाद के गोपालपुर के मोहम्मद गुफरान की शादी 28 मई को होनी थी। वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए विदेश से उसके भाई को रविवार को आना था। मोहम्मद गुफरान रविवार की दोपहर अपने भाई को लेने लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट जा रहा था। सफदरगंज थाना क्षेत्र के केवलापुर गांव के पास किसी की कॉल आ जाने से वह बात करने लगा। एक हाथ से बाइक चलाने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में ववह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से उसे संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया। वे रोते-बिलखते हुए अस्पताल पहुंचे। शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं। परिवारजन चिकित्सालय से शव को अपने घर लेकर चले गए।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से चालक की मौत

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार** : सरिया लदी एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर करीब पांच फिट पानी भरे खंती में गिर गई। हादसे में चालक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य साथी घायल हो गया। हादसे के बाद ग्रामीणों और मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से ट्रैक्टर व शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। बड्डूपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की रात लगभग 10 :00 बजे बुधनपुर गांव के निकट एक ट्रैक्टर ट्रॉली सरिया लादकर जा रही थी। जो अनियंत्रित होकर नीचे खंती में चली गई। उसमें करीब 5 फुट पानी भरा हुआ था। इसके चलते ट्रैक्टर पूरा डूब गया। ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों व पुलिस के प्रयास से उसे बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। चालक की पहचान कुलदीप कुमार मिश्रा (26) पुत्र अरुण कुमार मिश्रा के रूप में की गई। ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार सूरज सिंह (30) पुत्र बहादुर सिंह घायल हो गया। दोनों अयोध्या के रहने वाले बताए गए हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची बड्डूपुर पुलिस ने वाहन को बाहर निकाला। लेकिन तब तक चालक कुलदीप की मौत हो चुकी थी। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष ज्योति वर्मा ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में पलट जाने से यह घटना हुई है।

# गैर प्रांत के चार तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

देवा, बाराबंकी

**सख्ती**

▸▸ झारखंड प्रांत के पलामू के रहने वाले हैं चारों आरोपी

**अमृत विचार** : मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैर प्रांत के चार आरोपियों के खिलाफ देवा पुलिस ने गैंगस्टर के तहत केस दर्ज किया है। यह केस देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडे ने दर्ज कराया है।

कोतवाल ने बताया कि सहाबुद्दीन आलम उर्फ अमन निवासी सोनपुरा थाना तरहसी जनपद पलामू झारखंड सुसंगठित आपराधिक गैंग का सरगना है। यह अपने गैंग के सदस्य शम्मी आलम, अशफाक आलम और जाहिद मियां उर्फ जाहिर के साथ मादक पदार्थों की तस्करी जैसे आपराधिक कृत्य कर युवा वर्ग को नशे की लत में डालकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करता है। गिरोह के सदस्यों के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहत देवा थाने में अभियोग दर्ज है। इनके विरुद्ध गैंग चार्ट जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को प्रस्तुत किया गया था। जिनके अनुमोदन पर चारों आरापियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# बाग में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार** : रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक बाग में एक युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी। युवक के चेहरे पर चोट के निशान थे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

रामसनेहीघाट कोतवाली इलाके के हथौंधा चौकी अंतर्गत कोटवा सड़क कस्बे का है। जहां पर ग्रामीणों ने आज सुबह सड़क किनारे बाग में शव को पड़ा देखा। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर हथौंधा पुलिस मौके पर पहुंचे हैं।


युवक की मां से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

शव की शिनाख्त स्थानीय कोतवाली अंतर्गत सनौली ग्राम पंचायत के जहरी पुरवा के रहने वाले सुशील पुत्र दृगपाल के रूप में हुई। सुशील अपने बड़े भाई हेमराज के साथ कानपुर में फैक्ट्री में काम करता था और शनिवार को कानपुर से घर वापस आ रहा था। युवक की मां मातादेई ने बताया कि कल सुबह 6:00 बजे बात हुई कि आज वह घर आएगा। रात के 11:00 बजे तक बात होती रही। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा जब फोन किया तो कोई उसे घर जाने से रोक रहा था। इसके बाद फोन स्विच ऑफ हो गया। परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि चेहरे पर खून के और चोट के निशान बता रहे हैं कि हत्या कहीं और की गई है और शव को यहां पर लाकर फेंक दिया गया। फिलहाल मौके पर हथौंधा चौकी प्रभारी के अलावा रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस की टीम पहुंची है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी प्रभारी शशिकांत सिंह ने बताया कि सुशील नशा करता था। उसके पास से तलाशी के दौरान गांजा व नशे का अन्य सामान भी मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद मामले की जानकारी हो पाएगी।

# पुत्र से विवाद के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में पिता की मौत

सिद्धौर, बाराबंकी

**अमृत विचार** : प्रधान पिता व पुत्र के बीच किसी बात को लेकर हुए झगड़े के बाद अचानक प्रधान पिता की हालत बिगड़ गई। आनन फानन में उन्हें सीएचसी कोठी ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस जांच में जुट गई है।

प्रकरण ग्राम पंचायत नकटा सहेरिया का है। इस गांव के प्रधान उदय प्रकाश वर्मा उर्फ जुगनू का अपने पुत्र धर्मेंद्र कुमार के बीच रविवार सुबह घर पर किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके चंद घंटे बाद प्रधान उदय प्रकाश की संदिग्ध अवस्था में हालत बिगड़ गई। पुत्र धर्मेंद्र ने प्रधान पिता को सीएचसी कोठी पहुंचाया। जहां पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। संदिग्ध अवस्था में मौत के बाद किसी ने पुलिस को सूचना नहीं दी। दो घंटे में ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने मामले की जांच शुरू की है। उन्होंने बताया कि प्रधान की मौत किस हालत में हुई इसकी जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### राजा बलि की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु


कथा सुनाते कथावाचक।

**निन्दूरा बाराबंकी, अमृत विचार** : निंदूरा क्षेत्र के टिकरा गांव चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को नैमिषारण्य से पधारे कथा व्यास आचार्य अविचल महाराज ने राजा बलि की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा बलि ने निन्यानवे यज्ञ किया और सौवां यज्ञ चल रहा था, उसी बीच वामन भगवान वहां आए कहा राजन मुझे पता लगा है कि आप बहुत बड़े दानी हो। बलि ने कहा कि मांग लो। प्रभुवामन ने कहा मुझे कुछ नही चाहिए बलि ने कहा आप मेरे द्वार आए हैं आपको कुछ लेना पड़ेगा। वामन भगवान ने कहा कि देना ही चाहते हो तो मुझे तीन पग भूमि दे दो। बलि ने कहा आपको मांगना नहीं आया और मांगो। वामन ने कहा नहीं यही चाहिए। फिर संकल्प की बारी आई तो जल पात्र में शुक्राचार्य उस पात्र में बैठ गए और जल जब नहीं निकला तो शुक्राचार्य को अपनी आंख गंवानी पड़ी। वामन भगवान ने तीन पग भूमि नाप ली जब कम पड़ी तो बलि के सिर पर अपना पैर रख दिया। अपना संकल्प पूरा किया। दान में जो बाधक होता है उसकी गति शुक्राचार्य जैसी होती है। कथा में आचार्य अनुज तिवारी, यजमान मनोज अवस्थी ,राजेश अवस्थी,मोनू पांडे,अमित तिवारी,दीपक शुक्ला आदि बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### प्रतिबंधित पेड़ काटने का आरोपी गिरफ्तार


काटा गया पेड़।

**देवा , बाराबंकी, अमृत विचार** : वन विभाग देवा की टीम ने प्रतिबंधित शीशम के पेड़ को काटते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। वन विभाग देवा की टीम ने कुर्सी थाना क्षेत्र के कामीपुर गांव में प्रतिबंधित शीशम का एक पेड़ का अवैध कटान करते रामभजन पुत्र चन्द्रिका निवासी कामीपुर थाना कुर्सी को गिरफ्तार किया है। वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह ने उसके विरुद्ध देवा रेंज में वन अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया है। कार्यवाही दल में प्रशांत कुमार, कौशल सिंह समेत कई वनकर्मी शामिल रहे।

### रक्तदान कर 15 को हरिद्वार रवाना होंगे किसान


बैठक करते भाकियू के पदाधिकारी। अमृत विचार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ टिकैत की संगठन विस्तार के क्रम में ग्राम फतेहगंज में कमलेश कुमार के नेतृत्व में संगठन विस्तार की पंचायत हुई। इसमें जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ हरी रामपाल, ब्लॉक महासचिव राजेश कुमार यादव की उपस्थिति में संगठन विस्तार कर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर दर्जनों किसानों ने सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार, संत प्रसाद, बद्री प्रसाद, देवी प्रसाद, दिनेश समेत तमाम किसान उपस्थित रहे। सभी किसानों को जानकारी दी गई व 16, 17 व 18 जून को हरिद्वार में महापंचायत में सभी किसान अपने ग्राम अध्यक्ष के नेतृत्व में पहुंचे। वहीं 15 तारीख को रक्तदान के बाद जिला मुख्यलय से सभी किसान हरिद्वार के लिए रवाना होंगे।

### भाजपा बूथ अध्यक्ष पर कब्जेदारी का आरोप

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार** : भाजपा बूथ अध्यक्ष द्वारा प्रशासनिक दबाव बनाकर आबादी की भूमि पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने उच्चधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम पंचायत तेलवारी निवासी ज्ञानेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू ने जिले के अधिकारियों को दिए गए पत्र में कहा कि के भाजपा बूथ अध्यक्ष दबंग किस्म के व्यक्ति हैं। शनिवार को उपरोक्त लोग एक राय होकर पहुंचे और मौके पर मौजूद उसकी मां को धमकी देते हुए घर के उत्तर में आबादी की भूमि जिस पर आजादी के पहले से काबिज़ हूं उस पर दबंगई के बल पर कब्जा करने लगे। विरोध करने पर सभाजीत ने विधायक को फोन करने के बाद शासन प्रशासन को अपने पक्ष में बताकर जबरन कब्जा करने की बात कही। इतने में पुलिस बल के साथ, कानून गो, हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे और पीड़ित पर ही दबाव बनाकर मुकदमे में फसाने व जेल भेजने की धमकियां देने लगे। फिलहाल परेशान पीड़ित ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है।

# सिसवारा, कोढवा समेत दो अन्य टीमों ने जीते मैच

देवा बाराबंकी

**अमृत विचार** : क्षेत्र के ग्राम सिसवारा में चल रहे लाइन बाग क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को चार लीग मैच खेले गए। पहला मुकाबला सिसवारा व टीकापुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीकापुर की टीम निर्धारित ओवर में केवल 49 रन ही बना सकी। जवाब में उतरी सिसवारा की टीम ने पुनीत मिश्रा के 30 रन की बदौलत चार ओवर में ही मैच जीत लिया।

दूसरा मैच कोढवा बनाम बैसुवा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बैसुवा की टीम 66 रन ही बना सकी। जवाब में कोढवा की टीम ने पांच ओवर ही मैच जीत लिया। दीपक यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच अनवरी बेहटा व कल्लुपुर के बीच खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए कल्लुपुर की टीम ने 92 रन बनाए। जवाब में उतरी अनवरी बेहटा की टीम केवल 75 रन ही बना सकी। चौथा मैच कल्लुपुर व पांचवा मैच सायपुर ने जीता। इस मौके पर उमेश पाल, राहुल यादव,धीरज यादव, हरीमोहन मिश्रा उपस्थित रहे।

# पेड़ से नीचे गिरे अधेड़ की मौत

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार**: आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े एक अधेड़ की हाईटेंशन तार की चपेट में आकर नीचे बनी पुलिया पर गिरने से मौत हो गई। भिटरिया निवासी राजेंद्र वर्मा (42) पुत्र स्व. नान्हू रविवार सुबह लगभग 6 बजे पेड़ पर चढ़ कर आम तोड़ रहा था। उसी दौरान बगल से गुजरी 11 हजार हाईटेंशन तार की चपेट में आकर नीचे बनी पुलिया पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। एसआई अशोक कुमार का कहना है कि राजेंद्र की पेड़ के नीचे गुमटी रखी थी और वह गुमटी की टीन पेड़ पर चढ़ कर सही कर रहा था। उसी दौरान पेड़ की टहनी टूटने से वह ब्लॉक की बनी पुलिया पर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

# सरयू में डूबे बालक का मिला शव

दरियाबाद बाराबंकी

**अमृत विचार** : सरयू नदी में नहाने गए आठ वर्षीय बालक की नदी में डूबने से मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाकर बालक के शव को बरामद कर लिया है। उधर, घटना के बाद परिवारवालों में कोहराम मच गया।

शनिवार की दोपहर सरयू नदी में नहाने गए ग्राम कामियार निवासी राजेंद्र निषाद के आठ वर्षीय पुत्र शैलेन्द्र प्रताप निषाद का शव एसडीआरएफ की टीम ने रविवार को करीब तीन बजे नदी से बरामद कर लिया है। मौके पर पहुंची दरियाबाद पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बरामद किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि शनिवार को डूबे बालक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


सरयू नदी के घाट के किनारे मौजूद एसडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

**पेराई सत्र का समापन** — पांच माह चली हैदरगढ़ चीनी मिल, 55 .72 लाख क्विंटल हुई गन्ने की पेराई, गन्ना किसानों को लगभग 152 करोड़ रुपये शत प्रतिशत भुगतान का दावा

# 6 .40 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन, गन्ने की खोई से बन रही बिजली

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार** : नवंबर 2023 से शुरू हुई हैदरगढ़ चीनी मिल में गन्ना पेराई का सत्र पूरा हो गया है। इन पांच महीनों के अंदर 55 लाख 72 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई कर उससे 6.40 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया गया है। यही नहीं, गन्ने की मिठास निकालने के बाद स्क्रेप यानी खोई से चीनी मिल द्वारा बिजली का उत्पादन भी किया जा रहा है। यह पहली बार हो रहा है।

गन्ना विभाग के साथ चीनी मिल प्रशासन का दावा है कि गन्ना किसानों का शत प्रतिशत करीब 152 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 60 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया था।

पिछले वर्ष 16 नवंबर 2023 को हैदरगढ़ चीनी मिल में पेराई सत्र की शुरुआत हुई थी। इसका समापन 19 अप्रैल 2024 को हुआ। पांच माह के अंतराल के दौरान चीनी मिल द्वारा दिन-रात एक कर 55.72 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की गई है। जिससे 6.40 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया गया है। इस बार गन्ना का रकबा 9 हजार 550 हेक्टेयर से बढ़कर 11,464 पहुंचा था। जो कि पिछले वर्ष से 20 प्रतिशत अधिक था। किसानों का तैयार गन्ना खरीदने के लिए करीब 53 क्रय केंद्र बनाए गए थे। गन्ना पर्ची के आधार पर चीनी मिल ने इन पांच महीनों में शत-प्रतिशत गन्ना खरीद कर चीनी का उत्पादन किया है। हालांकि इस बार चीनी मिल को 60 लाख क्विंटल पेराई का लक्ष्य रखा गया था। जो कि पांच लाख क्विंटल कम है। गन्ना विभाग के साथ चीनी मिल प्रशासन का दावा है कि हमेशा की तरह इस बार भी गन्ना किसानों का शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार गन्ना बेचने वाले किसानों को ऑनलाइन लगभग 192 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। यहीं नहीं चीनी मिल प्लांट में लगे बिजली उत्पादन केंद्र से गन्ने की खोई से बिजली का भी उत्पादन किया जा रहा है। चीनी मिल प्रशासन का कहना है कि इस बार खोई से कितनी बिजली तैयार की गई। जिसकी जानकारी जुलाई के अंत में दी जा सकेंगी क्योंकि बिजली बनाने का कार्य अभी जारी है। जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि चीनी मिल में पेराई सत्र का समापन 19 अप्रैल को हो चुका है। चीनी मिल द्वारा किसानों को भुगतान भी कर दिया गया है। वहीं चीनी मिल के लाइजनिंग आफिसर पुनीत मिश्रा ने बताया कि 55.72 लाख क्विंटल गन्ने से 6.40 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया गया है। खोई से बिजली भी तैयार की जा रही है।


चीनी मिल की सांकेतिक फोटो।

**आंकड़े एक नजर में**

- ▸▸ गन्ना किसान –14,100
- ▸▸ समितियां–चार
- ▸▸ गन्ना उत्पादन– करीब 80 लाख क्विंटल
- ▸▸ चीनी मिल में प्रतिदिन की पेराई क्षमता–50 हजार क्विंटल
- ▸▸ समर्थन मूल्य– 350 रुपये प्रति क्विंटल

## एक नजर

### बीएसए ने प्रधानाध्यापिका का रोका वेतन

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय धौरहरा त्रिवेदीगंज का बाल वाटिका के निर्माण में अरुचि के चलते वेतन अवरुद्ध करने की संस्तुति की गई है। उल्लेखनीय है कि सहायक अभियंता समग्र शिक्षा ने सम्बंधित को अवगत कराया है कि प्रधानाध्यापिका पद्मावती सिंह विद्यालय में निर्मित किए जा रहे बाल वाटिका के निर्माण में रुचि नहीं ले रही हैं और तकनीकी सहयोग भी उनके द्वारा नहीं लिया जा रहा है। निर्माण कार्य कई दिनों से बन्द है। निर्माण कार्य की प्रगति नहीं होने के चलते जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सम्बंधित प्रधानाध्यापिका का वेतन अवरुद्ध करने का आदेश दिया है।

### चोरों ने रेबिट तार पर साफ किया हाथ

**बाराबंकी, अमृत विचार** : चोरों ने बिजली विभाग में बिछाई जा रही लाइन के रेबिट तार की 12 केएम केबिल पर हाथ साफ कर दिया। इसको लेकर कम्पनी के शशांक शेखर शुक्ला ने मित्तई चोकी में प्राथमिकी दर्ज कराई। प्राथमिकी में बताया गया कि भदरास फीडर में 11 हज़ार केवी की नई लाइन बिछाई जा रही थी। यह काम आरडीएसएस योजना के तहत एनसीसी लि. कम्पनी द्वारा कराया जा रहा था। इस पूरी लाइन मे आठ किमी मे डेजर बोर्ड, वार्वर वायर, अर्थिंग वायर क्वायल लगाकर चार्ज कर दिया गया था। रात में चोर तार उठा ले गये।

### दुकान से 1.62 लाख की उठा ले गए शराब

अयोध्या, अमृत विचार : थाना खंडासा क्षेत्र के गदुरही बाजार स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान से चोरों ने 1.62 लाख की विभिन्न ब्रांडों की शराब व 750 रुपए नगद की चोरी कर लिए। पुलिस को दी गई तहरीर में मेसर्स अंजली के प्रोपराइटर पंकज तिवारी का कहना है कि उनकी दुकान गदुरही बाजार चौराहे पर मौजूद है। दुकान के पीछे गैलरी से चोरों ने पहले गैलरी का कुंडा तोड़ा उसके बाद पीछे से लगी दो दरवाजा के तालों को तोड़कर अंदर में रखे हुए विभिन्न ब्रांडों की शराब उठा ले गए।

# जर्जर भवनों में संचालित हो रहे आयुर्वेदिक अस्पताल

**विवेक कुमार शुक्ला, रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में जर्जर भवनों में संचालित होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक चिकित्सालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। यहां पर अव्यवस्थाओं का टोटा है। पेयजल, कुर्सी, विद्युत, शौचालय आदि की भी सुविधा नहीं है। महादेवा में संचालित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय का भवन इतना जर्जर है,जो किसी भी वक्त जमींदोज हो सकता है। तमाम शिकायतों के बावजूद विभागीय अधिकारी ध्यान नही दे रहे हैं।

ज्ञात हो कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा क्षेत्र में बेहतर इलाज के लिए गणेशपुर में राजकीय आयुर्वेद व महादेवा में होम्योपैथिक चिकित्सालय संचालित करवाए गए। यहां पर तैनात चिकित्सकों द्वारा प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों का इलाज भी किया जाता है।

इन अस्पतालों में मरीजों को दवाइयां तो उपलब्ध हो जाती हैं लेकिन इस चिलचिलाती धूप में यहां आने वाले मरीजों के लिए पेयजल व्यवस्था सहित शौचालय, कुर्सी आदि जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। भवनों में विद्युत व्यवस्था भी नदारद है। इस उमस भरी गर्मी में चिकित्सक भवन में बैठकर मरीजों का इलाज करते हैं। जर्जर भवनों को लेकर जिलाधिकारी तक इसकी शिकायत की जा चुकी है।

इस संबंध में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ.अविनाश चंद्र का कहना है कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गणेशपुर का निरीक्षण किया जायेगा वहां जो अव्यवस्थाएं होंगी जल्द ही दूर करायी जाएंगी।

**केस 1**



इस हाल में है होम्योपैथिक चिकित्सालय।

ग्राम महादेवा में पंचायत भवन में संचालित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के भवन की दीवारें चिटकी हैं। छत से प्लास्टर टूटकर गिर रहा है। खिड़कियां-दरवाजे टूटे है। दवाओं को रखने के लिए खास व्यवस्था नहीं है। बरसात में छत से पानी टपकता है। जर्जर भवन के नवनिर्माण के लिए यहां तैनात डॉ. सुषमा सिंह ने कई बार उच्च अधिकारियों से लिखित शिकायत भी की है।

**केस 2**



गणेशपुर का आयुर्वेदिक चिकित्सालय।

गणेशपुर में पंचायत भवन में संचालित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में दवाइयां अधिकतर फर्श पर रखीं हुई हैं। बरसात में इस भवन में पानी भर जाता है। खिड़की दरवाजे टूटे हैं। इस चिलचिलाती धूप में आने वाले मरीजों के लिए पेयजल संकट है। यहां की विद्युत व्यवस्था नदारत है। मरीजों के बैठने की सुविधा नहीं है। भवन में बिजली वायरिंग के तार जगह-जगह लटक रहे हैं। विद्युत व्यवस्था नदारद है।

# भूमाफिया पर लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

**कार्रवाई**

**देवा, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** श्मशान की भूमि पर कब्जा कर प्लाटिंग हेतु रास्ता बनाने वाले कथित भूमाफिया के खिलाफ हल्का लेखपाल ने देवा कोतवाली में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

देवा थाना क्षेत्र के सिदवाही गांव में गाटा संख्या 580 रकबा 0.468 हेक्टेयर जो राजस्व अभिलेखों में श्मशान के नाम दर्ज है। आरोप है कि सिदवाही गांव निवासी सिराज पुत्र शहीद अहमद ने उक्त जमीन की मेड़ को तोड़कर उसके कुछ भाग पर प्लाटिंग के लिए अवैध तरीके से रास्ता निकाला लिया है।

इसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कि थी। जिस पर डीएम ने राजस्व विभाग को जांच कर इस मामले में कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। जांच के बाद अवैध कब्जा पाए जाने पर लेखपाल ने देवा थाने में सिराज के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है।

# गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के पहिये में ब्रेक बाइंडिंग से उठा धुआं

## ट्रेन रुकते ही कूदकर बाहर निकले यात्री, एक घंटे बाद गोरखपुर हुई रवाना

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** ऐशबाग से गोरखपुर जा रही 15070 ऐशबाग-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के की एक बोगी के पहिये में ब्रेक बाइंडिंग से रविवार शाम करीब पांच बजे अचानक धुआं उठने लगा। सफीपुर के पास ट्रेन रोकी गयी। ट्रेन रुकते ही बोगी के यात्री बाहर आ गए। इसके बाद लोको पायलट ने अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाया। लगभग एक घंटा बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हो सकी।

सफेदाबाद स्टेशन मास्टर ने बाराबंकी स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि इंजन से दूसरे कोच नंबर 215678/सी में ब्रेक बाइंडिंग की वजह से धुएं के साथ चिंगारी निकल रही है। ट्रेन सफीपुर क्रॉसिंग पहुंची थी, तभी अचानक बोगी के पहियों से निकलता धुआं देखकर यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन के पहियों से आग निकलने की सूचना रेलवे के अधिकारियों तक पहुंची। जिसके बाद आनन-फानन ट्रेन सफीपुर में गेट नंबर 178 पर रोकी गई। ट्रेन रुकते ही सहमे यात्री कूदकर ट्रेन से बाहर निकले। लोको पायलट और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे के बाद अग्निशमन यंत्र से आग बुझाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।



ब्रेक बाइंडिंग के कारण इसी पहिये से उठा था धुआं और निकली थी चिंगारी।

पहियों से निकलने वाला धुआं इतना तेज था कि जैसे मानो ट्रेन के नीचे आग लगी हो। सूचना पर लोको पायलट ने ट्रेन को सफीपुर क्रॉसिंग के पास ही इमरजेंसी ब्रेक मारकर रोका गया। ट्रेन के पहियों में आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई तो अधिकारी अलर्ट हुए और आगे पीछे से आ रही ट्रेनों को भी अलर्ट किया गया। इस बीच ट्रेन में आग लगने के डर से यात्री कूद-कूदकर बाहर भागे। कई यात्रियों ने तो अपना सामान भी ट्रेन से नीचे उतार लिया। लगभग एक घंटे बाद आग बुझाकर ट्रेन को अपने गंतव्य स्थान के लिये रवाना किया गया। इस दौरान ट्रेन से नीचे उतरे यात्री धूप में बेहाल होते दिखे। वहीं बाराबंकी स्टेशन मास्टर सत्येंद्र कुमार के मुताबिक पहिये में ब्रेक बाइंडिंग (ब्रेक लेदर) के चिपकने से धुआं और आग लगी थी। गर्मी के दौरान पहियों की रगड़ के कारण ऐसा हुआ। मेंटीनेंस टीम ने समस्या को दूर कर ट्रेन को रवाना कर दिया।

# सफाई के अभाव में कूड़े से पटा नाला

**फतेहपुर बाराबंकी**

**अमृत विचार:** कस्बा फतेहपुर में आबादी के बीचोंबीच निकले नाले की नियमित साफ-सफाई न होने के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है और नाला कूड़े से पटा हुआ है। नाले के कुछ भाग में पक्का निर्माण भी नहीं कराया गया है। इसके कारण घरों से निकलने वाला कूड़ा लोग नाले में ही डाल देते हैं।

नगर पंचायत फतेहपुर में साफ-सफाई के सभी संसाधनों से लैस होने के बावजूद भी नगर पंचायत के मोहल्ला नालापार दक्षिणी के वार्ड एक, दो, तीन, चार व पांच में आबादी के बीचोंबीच से निकलने वाले नाले की नियमित रूप से सफाई नहीं की जाती है। सफाई न होने के कारण नाला कूड़े से पटा हुआ है। इससे काफी बदबू उत्पन्न होती है।

मोहल्लावासी रिज़वान, शादाब, जियाउद्दीन, असलम, नफीस, जावेद रियाज़, शमीम आदि का कहना है कि मस्तान रोड से निकले हुए इस नाले का पक्का निर्माण नहीं कराया गया है। बारिश होने के बाद यह समस्या और गंभीर हो जाती है। उक्त नाले का कुछ दूर तक पक्का निर्माण कराया गया है लेकिन कुछ भाग अब भी शेष बचा है। यदि नाले का पूरा निर्माण कराकर उसको पूरी तरह से ढक दिया जाये और नियमित उसकी साफ सफाई कराई जाये तो काफी हद तक गंदगी से राहत मिल सकती है। इस समस्या से कई बार नगर पंचायत प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। इस संबंध में चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने बताया कि आबादी की बीच नाला होने के कारण उसकी साफ-सफाई हर सप्ताह नियमित रूप से कराई जाती है, उक्त नाले को पूरा ढकने के साथ शेष बचे नाले के निर्माण के लिए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित करने के साथ संबंधित विभाग को भी प्रस्ताव भेज गया है।



कूड़े से पटा नाला। अमृत विचार

# भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से मचा हाहाकार

## निंदूरा क्षेत्र में घंटों गायब रही बिजली, लो-वोल्टेज ने भी रुलाया, उमस से बिलबिला उठे लोग, रतजगा कर बिता रहे रात



**निन्दूरा बाराबंकी**

**अमृत विचार:** कुर्सी विद्युत उपकेंद्र से निंदूरा क्षेत्र में विद्युत सप्लाई की जाती है। निंदूरा क्षेत्र के लगभग 5 लाख आबादी वाले 630 गांवों में शनिवार की रात 10-10 मिनट पर कटौती से हाहाकार मचा गया। भीषण गर्मी में लोग घर से बाहर निकल कर टहलते रहे।

कस्बा टिकैत गंज निवासी श्यामू जायसवाल ने बताया कि लो वोल्टेज की समस्या से मोटर, फ्रिज, कूलर, पंखा चल ही नहीं पाते हैं। लो वोल्टेज की वजह से उपभोक्ता परेशान हैं। टिकैतगंज, पिण्डसावा, छिलगवां, पलटूपुर, गढ़िया, जमुना, धौरहरा आदि गांवों में शनिवार की रात में कई बार बार में कटी लाइट घंटों गायब रही। इसके चलते भीषण गर्मी में ग्रामीणों को रात जाग कर गुजारनी पड़ी। अनवरी, बबुरी गांव भदरास बाबागंज रीवा सीव कुर्सी फीडर से गांव में बिजली आपूर्ति की जाती है। भीषण गर्मी में भी मात्र 14 से 16 घण्टे बिजली आपूर्ति मिलने से ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान हैं। उसके बाद लो वोल्टेज की समस्या होने से पंखे और कलर भी नहीं चल पाते हैं। जिसकी शिकायत उपभोक्ताओं ने की है लेकिन लो वोल्टेज की समस्या से छुटकारा नहीं मिल रहा है। जेई विद्युत कुर्सी विकास शुक्ला ने बताया कि अधिक लोड होने की वजह से समस्या है। जिसको सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### पुरानी लाइन से ही बिजली देने की मांग

**हरख बाराबंकी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते अघोषित विद्युत कटौती पर बिफरे ग्रामीणों ने उप केंद्र पर पहुंच कर पुरानी लाइन से ही विद्युत सप्लाई देने की मांग की। हरख ब्लॉक क्षेत्र के मोहन फीडर अंतर्गत तीरगांव, जर्मापुर, इब्राहिमाबाद, तीन फीडर से सप्लाई दी जाती थी। बीते दिनों तीरगांव फीडर के अंतर्गत सेठमऊ, देबिहा, पकरिहा, नयागांव, करोरा, बाबा पुरवा,कॉलोनी, आदि गांवों के सेवक, राम स्वराज सिंह, अखिलेश सिंह, विवेक, भीम सिंह, सुमित, अभिनंदन, मायाराम, लाला सिंह, जसवंत, शैलेंद्र, प्रदीप, सुंदर सहित दर्जनों ग्रामीणों ने रविवार को मोहना फीडर हाउस पर पहुंचकर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि नई लाइन द्वारा विद्युत सप्लाई कम और कटौती भी ज्यादा की जाती है। भीषण गर्मी में यह समस्या बनी हुई है लोग उमस से परेशान हैं। ग्रामीणों ने शिकायती पत्र देते हुए पुरानी लाइन से ही गांव में बिजली आपूर्ति की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर जेई अरविंद ने बताया कि नई लाइनों का दुरुस्तीकरण का कार्य चल रहा है। जिससे दिन में बिजली आपूर्ति रोकनी पड़ती है।



तेज धूप से बचने के लिए सिर और चेहरा ढककर जातीं किशोरियां। अमृत विचार

### भीषण गर्मी से आम इंसान ही नहीं, बेजुबान भी हो रहे बेहाल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी का कहर रविवार को भी देखने को मिला । जिले में अधिकतम् तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम् तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। नौतपा की वजह से गर्मी में अचानक बढोत्तरी होने की वजह से इंसान ही नहीं बेजुबान भी बेहाल नजर आये। सुबह साढे सात बजे से चटख धूप निकल आई और दोपहर होते होते इतनी तेज हो गई कि सडकों सर पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा। सरकारी अस्पतालों में गर्मी के प्रकोप से मरीजों की लाइनें दिन प्रतिदिन बढती ही दिखी। जरूरी कामों से निकले लोग सिर पर गमछे या छाते का इस्तेमाल करते नजर आये। रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव होते ही लोग ठंडे पानी व बिस्लरी बोतल के ऊपर झपट पडे. भीषण गर्मी की वजह से लोग सरकारी दफ्तरों व घरों में एसी, कूलर के पास ही रुपये रहे। शाम पांच बजे के बाद जब गर्मी और लू का कहर कम हुआ तो लोग घरों से निकले।

## सार-संक्षेप

### वन विभाग ने शुरू कीं पौधरोपण की तैयारियां



फतेहपुर में नर्सरी का निरीक्षण करते प्रभागीय वनाधिकारी। अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** वन विभाग ने पौधारोपण के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) आकाश दीप बधावन ने रविवार को फतेहपुर क्षेत्र में स्थित कई नर्सरियों में तैयार किए जा रहे पौधों का निरीक्षण किया। यहां इस बार करीब 12 लाख पौधें पांच नर्सरियों में तैयार हो रहे हैं। इन्हें फतेहपुर क्षेत्र के पंचायतों में रोपित किया जाएगा। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने व ऑक्सीजन के कमी को पूरा करने के लिए फतेहपुर सर्किल के पांच नर्सरियों में वन विभाग ने इस बार लगभग 12 लाख पौधों की नर्सरी तैयार करायी है। इनमें जामुन,बरगद,नीम और पीपल सहित फल, फूल,औषधि वाले पौधे भी प्रमुख रूप से शामिल हैं। रविवार की दोपहर बाद को फतेहपुर के बसारा स्थित नर्सरी पर पहुंचे प्रभागीय वनाधिकारी ने निरीक्षण किया। मातहतों को तैयार हो रहे पौधों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीएफओ ने सूरतगंज के इमलीपुर गांव स्थित नर्सरी का निरीक्षण किया। यहां तैयार हो रहें करीब एक लाख पौधों की रखरखाव और हरियाली को देखकर वन दरोगा (डिप्टी रेंजर्स रानीगंज) मोहित श्रीवास्तव को शाबाशी दी। नर्सरी में तैयार पौधों की पैकिंग को भी देखा। इस मौके पर फतेहपुर क्षेत्राधिकारी पीके सिंह,डिप्टी रेंजर्स विनीत जायसवाल एवं उपक्षेत्रीय वन अधिकारी जितेंद्र कुमार,डिप्टी रेंजर्स मोहित श्रीवास्तव सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# जीवन में खेलों का अधिक महत्व : आलोक



क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते युवा भाजपा नेता। अमृत विचार

**भेलसर, अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्र के अमहटा गांव में रविवार को टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा के युवा नेता आलोक यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों का जीवन में बहुत महत्व है। स्वस्थ जीवन जीने के लिए युवाओं को खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन अमहटा क्रिकेट क्लब द्वारा किया गया। टूर्नामेंट का पहला मैच चंदौरा और ललुवापुर के बीच मे खेला गया। जिसमें चंदौरा टीम ने विजय प्राप्त की। चंदौरा टीम के सचिन तिवारी मैन ऑफ द मैच रहे। श्याम मिश्रा ने सचिन को पुरस्कृत किया। क्लब के अध्यक्ष सक्षम सिंह ने बताया कि इस 5 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में 21 टीमें भाग ले रही हैं। विजेता एवं उपविजेता रहने वाली टीम को नकद इनाम व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

# टेक्सटाइल की बारीकी सीख रहे शोध छात्र

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार** : विकासखंड अमानीगंज के मोहली में संचालित केला रेशा विषयक प्रशिक्षण केंद्र में शोध अध्ययन के लिए देश और प्रदेश के नामी गिरामी संस्थानों के छात्र पहुंच रहे हैं।

ओंकार सेवा संस्थान के द्वारा नाबार्ड के सहयोग से मोहली के सियाराजी इंटर कॉलेज में केला रेशा विषयक नवोन्मेषी प्रशिक्षण कराया जा रहा है। यहां चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय की शोध छात्रा रिम्पी पांडे पहुंची और उन्होंने महिलाओं को मोटे धागे से लूम पर कपड़ा और चटाई की बुनाई करना सिखाया। खुद भी हैंडीक्राफ्ट की बारीकियां सीखी। विगत दिनों कानपुर स्थित उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान से टेक्सटाइल इंजीनियरिंग के दो छात्र भी रेशा संबंधी अध्ययन के लिए केंद्र पर आए थे। कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक कमलेश यादव के दिशा निर्देश में यहां पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं,

**परेशानी** — खेतों में नमी की कमी से फसलों में बढ़ा कीड़ों का प्रकोप, चांदपुर-नैपुरा माइनर में लगा घास-फूस का अंबार

# माइनरों में उड़ रही धूल, सिंचाई के अभाव में सूख रहीं फसलें

**मसौधा, अयोध्या**

**अमृत विचार :** तेज धूप से तप रही धरा पर बढ़े तापमान से जनजीवन बेहाल है। अब इसका खासा असर खेतों की हरियाली पर भी पड़ने लगा है। तेज धूप के चलते जहां तालाब पोखरे सूख रहे हैं। वहीं सब्जियों के लिए उगाई गई तोरई, करेला, लौकी, टमाटर, भिंडी की फसलें सूखने की कगार पर हैं। इतना ही नहीं बढ़े तापमान के बीच गन्ना, मक्का, उर्द, मूंग सहित जानवरों के चारे के लिए उगाई गई चरी आदि सिंचाई के अभाव में बर्बादी की कगार पर हैं।

बेबस किसान महंगाई के इस दौर में डीजल संचालित नलकूपों के सहारे सूख रही फसलों को बचाने के प्रयास में तो हैं लेकिन नहरों में पानी के ना आने से ग्रामीण क्षेत्र की हरियाली सिंचाई के संकट से जूझ रही है। जिले का दक्षिणी इलाका नकदी फसलों के लिए उपजाऊ भूमि के रूप में रहा है। लोग अप्रैल मई जून के महीने में नकदी फसल के रूप में सब्जियों की खेती बड़े पैमाने पर करते रहे हैं। यही वजह है की मसौधा,रानी बाजार, भदरसा सहित 20 से 25 किलोमीटर दूरी का यह इलाका सब्जियों की खेती की बदौलत विकास के मामले में अव्वल दर्जे का क्षेत्र माना जाता है। शिवदासपुर नैपुरा नंदीग्राम भदरसा बीबीपुर रैथुआ कल्याण भदरसा जीवपुर पिपरी मिर्जापुर निमोली, दोस्तपुर बिगहिया चांदपुर अंतपुर छतिरवा महावां माधवपुर सहित दक्षिणी क्षेत्र के दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां के किसान नकदी फसल के रूप में सब्जी की फसलों की खेती करते हैं। उसी पर किसानों की जीविका निर्भर है। बीते सालों में तेज धूप और बढ़े तापमान के दौरान भी नहरों में पानी का बहाव होता रहा है। जिसके चलते सब्जी उत्पादक अपनी फसलों को नहरों के पानी से सिंचाई करके खेती में बड़े पैमाने पर मुनाफा कमाते रहे हैं। लेकिन इस बार नहरों में पानी के अभाव में किसानी गड़बड़ा रही है। आलम यह है कि जीवपुर नैपुरा दोस्तपुर बिगहिया मिर्जापुर निमोली चांदपुर पगला भारी गांव के 60 से 70 प्रतिशत किसान भिंडी करेला की खेती बड़े ही पैमाने पर करते रहे हैं। इस बार चांदपुर रजवाहा के किनारे और मध्य क्षेत्र में पड़ने वाले दर्जनों गांवों के सब्जी उत्पादकों की किसानी नहरे में पानी न आने से चौपट हो रही है।



माइनर में पानी न आने के कारण प्रभावित हो रहीं फसलें। अमृत विचार

### परेशान सब्जी उत्पादक बोले-

सब्जी उत्पादक कृष्ण प्रसाद मौर्य बताते हैं की नहर में पानी न आने की वजह से करेला खीरा लौकी और तरोई की फसल पूरी तरह नेस्तनाबूत हो गई। विद्युत संचालित नलकूपों पर बिजली के आने जाने का कोई भरोसा नहीं है। ऐसे हालातो में अब सिर्फ मक्का और उर्द की फसल को बचाने में लगे हुए हैं। नैपूरा गांव निवासी गन्ना किसान वंश बहादुर वर्मा बताते हैं की कई सालों बाद ऐसा हुआ है कि नैपुरा -चांदपुर रजवाहा माइनर में पानी का प्रवाह नहीं हो रहा है। जिसके चलते खेती किसानी चौपट हो रही है। भदरसा निवासी सब्जी उत्पादक इरफान अख्तर ने बताया कि उन्होंने इस साल 6 बीघा खेत में तरोई लौकी की खेती किए थे। लेकिन सिंचाई के लिए अभाव में फसल सूख रही है।

## एक नजर

### संदिग्ध हालात में सीएचसी परिसर में मिला शव

**मसौधा, अयोध्या।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज हाईवे के किनारे स्थित सीएचसी मसौधा परिसर की बाउंड्री वॉल के किनारे शनिवार देर रात करीब 10 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में करीब 45 वर्षीय अधेड़ का शव पाया गया। थाना अध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि रात करीब 10 बजे सीएचसी मसौधा के डॉ सुनीत कुमार ने सूचना दी थी। शव की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। सीएचसी कर्मचारियों की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

### कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** मवई थाना क्षेत्र अंतर्गत जैसुखपुर गांव शनिवार रात्रि को एक युवक का शव घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार की रात्रि 12 बजे जयसुखपुर गांव में वाहिद खान पुत्र सफीक खान (35) ने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर संदेह होने पर घर वाले के साथ एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी मवई ले आये। जिसको डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी आशा शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपी से स्मैक बरामद

**अयोध्या।** अयोध्या कोतवाली पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज करवा चालान किया गया है। रविवार को अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि सतरंगी पुल नयाघाट के पास से शाम लगभग सवा 6 बजे पुलिस ने सन्तोष कुमार निवासी मतवरिया थाना मोती गंज जनपद गोंडा को गिरफ्तार किया है। इसके पास से कुल 12 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है।

# नौतपा से डिमांड 18 लाख यूनिट पार, बिजली कटौती अपरंपार

## शहर के 20 से अधिक मोहल्लों में जारी रही ट्रिपिंग व कटौती, देहात में भी शेड्यूल बिगड़ा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले की बिजली आपूर्ति शनिवार से शुरू हुए नौतपा के कारण बुरी तरह लड़खड़ा गई। गर्मी के चरम पर पहुंचते ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित विद्युत कटौती का खेला शुरू हो गया। इतना ही नहीं केवल एक दिन में ही बिजली की डिमांड 18 लाख यूनिट पार कर गई। वर्तमान में 310 मेगावाट के स्थान पर बिजली की डिमांड 340 मेगावाट पहुंची गई है जो गत एक सप्ताह की डिमांड से तीस फीसदी अधिक है।

जिले की बात करें तो शनिवार से ही बिजली की डिमांड तीस फीसदी से अधिक बढ़ गई है। ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसफार्मर जवाब देने लगे हैं। खास कर नगर क्षेत्र के चौक, लालबाग और अमानीगंज विद्युत उपकेंद्र की स्थिति बड़ी डांवाडोल हो गई है। तीनों उपकेन्द्रों द्वारा बीते ग्यारह से 15 घंटे के दौरान आठ से नौ बार अघोषित कटौती और ट्रिपिंग हुई, जिस कारण 80 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार सुबह अंजनीपुरम का ट्रांसफार्मर चौथी बार फुंक गया, जिस कारण देवकाली क्षेत्र में रविवार को तीन घंटे से ज्यादा बिजली आपूर्ति ठप रही। अंजनीपुरम कैंट विघुत उपकेंद्र के अनुसार ट्रांसफार्मर उतार कर दूसरा लगाया जा रहा था इसलिए आपूर्ति बाधित हुई है। इससे पहले शक्तिनगर का ट्रांसफार्मर तीन बार ओवरहीट होकर फुंक चुका है। शनिवार देर रात 12 बजे जलवानपुरा क्षेत्र में एक बार फिर अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट आ जाने के बाद 15 घंटे से अधिक आपूर्ति बाधित रही। पारेषण केंद्र के अनुसार नौतपा लगने से भीषण गर्मी के कारण डिमांड में जबर्दस्त उछाल आया है।



▸▸ नगर के तीन सब स्टेशनों से आपूर्ति को लगा झटका, जलवानपुरा व अंजनीपुरम में रहा बुरा हाल

▲ अंजनीपुरम कैंट उपकेंद्र का फीडर।

### कटौती से सर्वाधिक प्रभावित इलाके

हैदरगंज, लालबाग, चौक, रीडगंज, खवासपुरा, साहबगंज, अंगूरीबाग रोड, तेलीटोला, महाजनी टोला, कंधारी बाजार, शक्ति विहार, नियावां, सीमेंट कोठी, हसनू कटरा आदि इलाके कटौती और ट्रिपिंग से प्रभावित चल रहे हैं, जबकि पुरानी सब्जी मंडी, मुकेरीटोला, रिकाबगंज, बल्ला हाता, कश्मीरी मोहल्ला आदि आंशिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं।

### आपूर्ति के मामले में नाका अव्वल, चौक फिसड्डी

नगर क्षेत्र के 34 विद्युत उपकेंद्रों में सबसे सही आपूर्ति नाका विद्युत उपकेंद्र की अंकित की गई है, जबकि सबसे खराब आपूर्ति चौक और अमानीगंज की। नियावां विद्युत उपकेंद्र भी ट्रिपिंग के मामले में पीछे नहीं है। बीते 24 घंटे के दौरान 14 बार ट्रिपिंग और तीन बार दो दो घंटे की अघोषित कटौती उपकेंद्र द्वारा की गई है। सिविल लाइन में सबसे कम मात्र दो घंटे की कटौती की गई है।

नगर की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। शनिवार से डिमांड बढ़ी है और लोग अंधाधुंध बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। नतीजतन लोड फैक्टर तीस फीसदी बढ़ गया है। **–प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत उपकेंद्र खंड प्रथम**

### सोहावल में हवा की रफ्तार पर निर्भर है आपूर्ति

**सोहावल, अयोध्या :** विद्युत उपकेंद्र सोहावल से जुड़े फीडरों पर होने वाली विद्युत आपूर्ति हवा के रुख पर निर्भर करती है। जर्जर और लूज तारों से फैली पारेषण लाइनों के आपस में उलझने और टूट कर गिरने का खतरा हमेशा यहां बना रहता है। रेलवे, आर एल, मंगलसी, चिर्रा जगनपुर, रौनाही, ढेमवा, गोड़वा उपकेंद्र से जुड़े होने के साथ नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज की आपूर्ति का निर्धारित शेड्यूल 18 से 20 घंटे का है, लेकिन प्रतिदिन किसी न किसी फीडर पर होने वाले फाल्ट मेंटीनेंस को लेकर आपूर्ति ठप हो जाती है। उप मंडलीय अभियंता मनोज कुमार यादव का कहना है कि 18 से 20 घंटे की आपूर्ति सभी फीडरो पर नियमित चल रही है। आंधी जैसी तेज हवाओं में आपूर्ति ठप करनी पड़ती है। 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदले जा रहे है। कभी कभी ओवर लोड होने से ट्रिपिंग की समस्या आती है।

### रुदौली में भी कटौती की कटार से उपभोक्ता बेहाल



**रुदौली, अयोध्या :** अघोषित कटौती से हर वर्ग परेशान है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस भीषण गर्मी में 15 से 16 घंटे और शहरी क्षेत्र में 16 से 18 घंटे ही विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है। विद्युत उपकेंद्र पटरंगा के ग्राम रानीमऊ निवासी प्रधान प्रतिनिधि सुनील मिश्रा कहते हैं कि रात में होने वाली कटौती का समय निश्चित नहीं है। बिजली काटने पर एक घंटे के बाद ही आ पाती है। अधिशासी अभियंता विद्युत आर एस मौर्य ने बताया शासन से निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक सभी उपकेंद्रों पर विद्युत आपूर्ति हो रही है। गर्मी बढ़ने से लोड बढ़ गया है।

# बीमार कार्मिक की नहीं कटी ड्यूटी मतदान कराकर घर लौटते ही मौत

अयोध्या कार्यालय

▸▸ एलआईसी में तैनात सहायक प्रशासनिक अधिकारी पत्नी के साथ पहुंचे थे ड्यूटी करने

▸▸ परिजनों का आरोप, ड्यूटी कटवाने के लिए अधिकारियों से की थीं बड़ी मिन्नतें

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव करा कर घर आए सहायक प्रशासनिक अधिकारी की हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। भारतीय जीवन बीमा निगम सैटेलाइट कार्यालय बीकापुर में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी तुषार श्रीवास्तव (42) 25 मई को गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के राजबली इंटर कॉलेज में ड्यूटी लगी थी। उन्हें ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया गया था।



तुषार श्रीवास्तव (फाइल फोटो)

आवास विकास परिषद से सेवानिवृत्त चाचा विजय श्रीवास्तव ने बताया कि तुषार की तबीयत काफी दिनों से खराब थी। तुषार को पीलिया था। इलाज मकबरा स्थित डॉ.एस के पाठक के यहां से चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि तुषार पत्नी को लेकर दवाओं के पर्चे के साथ राजकीय इंटर कॉलेज में ड्यूटी कटवाने के लिए अधिकारियों के पास गए थे। इस दौरान कुछ ने कहा कि आप अपनी एप्लीकेशन सीडीओ को दे दीजिए। एक दो अधिकारी ने यहां तक कह दिया कि जिस तरह आप ड्यूटी कटवाने के लिए भाग दौड़ कर रहे हैं। उसी तरह चुनाव ड्यूटी भी कर सकते हैं। बकौल विजय उसी दौरान मौके पर सीडीओ भी आ गए। तुषार ने बीमारी से संबंधित पर्चे व एप्लीकेशन सीडीओ को दी। इसके बाद भी उनकी ड्यूटी लग गई। इसके बाद तुषार अपनी पत्नी अपर्णा के साथ ड्यूटी करने चले गए। चुनाव ड्यूटी सकुशल कर शनिवार रात 11:30 बजे नाका मुजफ्फरा स्थित अपने घर पहुंचे। रात में दो बजे के करीब तुषार की तबीयत गड़बड़ हो गई। उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाया गया। रविवार सुबह पांच बजे के करीब तुषार ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि तुषार का पेट फूल गया था और मुंह से ब्लड आ गया था। तुषार मूल रूप से पूराकलंदर थाना क्षेत्र के जीवपुर के रहने वाले थे, लेकिन वर्तमान समय में उनका परिवार आबकारी ऑफिस के पीछे नाका मुजफ्फरा पर निवास करता है। तुषार की जो दो छोटी-छोटी बेटियां शिपांक्षी व पिंकी हैं। कुचेरा में यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक पद पर तैनात तुषार के छोटे भाई सरस श्रीवास्तव ने भी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में सीडीओ ॠषिराज से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो रिसीव हीं नहीं हुआ।

### पिता ने जान देकर बचाई थी एलआईसी की रकम

पिता अश्वनी कुमार श्रीवास्तव भी भारतीय जीवन बीमा निगम में कार्यरत थे। कई वर्ष पूर्व इनके पिता ने अपनी जान देकर सरकारी पैसे को बचाया था। रकम बचाने के चक्कर में लुटेरों की गोली का सामना भी करना पड़ा था, लेकिन अश्वनी श्रीवास्तव बैंक गेट के पास पहुंचकर भारतीय जीवन बीमा निगम के रुपये से भरे बैग को बैंक के अंदर फेंक दिया था। रुपये तो बच गए, लेकिन अश्वनी श्रीवास्तव को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। उस समय भारतीय जीवन बीमा निगम का कार्यालय सिविल लाइन में हुआ करता था।

## रामपथ पर चार्जिंग में लगी स्कूटी में लगी आग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामपथ पर साहबगंज इलाके में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा के बगल एक मिठाई की दुकान है। रोज की तरह रविवार की सुबह दुकान मालिक ने अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी दुकान के बाहर रामपथ स्थित फुटपाथ पर खड़ी की थी। प्रतिष्ठान संचालक विजय कुमार का कहना है कि चार्जिंग के दौरान कोई हादसा न हो, इसलिए वह अपनी स्कूटी रात में चार्जिंग में नहीं लगाते थे। उन्होंने बताया कि रोज की तरह सुबह दुकान खोलने के बाद स्कूटी को बाहर खड़ी कर चार्जिंग में लगाया था। अचानक स्कूटी से आग की तेज लपट निकलने पर उनको हादसे की जानकारी हुई। इसके बाद स्कूटी पर पानी डालकर आग पर काबू पाया है। उनका कहना है कि चार्जिंग के दौरान शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई।



रामपथ पर साहबगंज में जलती स्कूटी।

# दर्शन मार्ग पर चेकिंग में युवक के पास मिली अवैध पिस्तौल

अयोध्या कार्यालय

▸▸ आरोपी वाराणसी जिले का, पुलिस ने दर्ज किया केस

**अमृत विचार :** रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र स्थित रामलला के दर्शन मार्ग से पुलिस ने वाराणसी के एक निजी सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर अवैध पिस्तौल बरामद की है।

रविवार की सुबह दर्शन मार्ग पर जांच-तलाशी और सुरक्षा ड्यूटी में लगे सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धालुओं के सामानों की जांच के दौरान एक बैग में पिस्तौल होने की जानकारी मिली। सुरक्षाकर्मियों ने बैग के मालिक वाराणसी जनपद के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित पांडेयपुर निवासी सुमित सिंह (26) और उसके दो साथियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के साथ सुरक्षा और ख़ुफ़िया से जुडी एजेंसियों ने तीनों से पूछताछ की। इनके नाम-पता और चरित्र का सत्यापन कराया। जांच में पता चला कि सुमित अपने क्षेत्र स्थित एक होटल के कर्मी राजेंद्र सोनकर निवासी उड़ीसा व सूर्य कुमार शुक्ल निवासी पुणे, महाराष्ट्र के साथ यहां दर्शन-पूजन को आया था। सुमित का आरोप है कि किसी ने उसके बैग में साजिशन पिस्तौल रख दी। वहीं सुमित के खिलाफ हवाई फायरिंग के आरोप में उसके स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज मिली है।

रामजन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय का कहना है कि जन्मभूमि दर्शन मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक युवक भागने लगा। पुलिस ने उसे बिड़ला धर्मशाला के पास से गिरफ्तार किया है।

# गाली देते हुए चौकी प्रभारी का वीडियो वायरल, निलंबित

सोहावल, अयोध्या

▸▸ दो पक्षों के मध्य के रास्ते का विवाद सुलझाने गए थे सत्ती चौरा चौकी प्रभारी

**अमृत विचार :** गाली-गलौच का वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने रौनाही थाने की चौकी सत्ती चौरा प्रभारी गोविंद अग्रवाल को निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच शुरू कराई है। दो पक्षों के मध्य के रास्ते का विवाद सुलझाने गए चौकी इंचार्ज का एक शख्स से विवाद और गाली-गलौच हुआ था, जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था।

रौनाही थाना क्षेत्र के सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र के गांव रग्घूपुर दोस्त में अर्जुन पांडेय व जगदम्बा शुक्ला के बीच रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को पुलिस ने दोनों पक्षों को पंचायत के लिए बुलाया था और विवाद को सुलझाने के लिए चौकी प्रभारी अपने हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे थे। वायरल वीडियो से पता चलता है कि चौकी प्रभारी किसी युवक को भद्दी-भद्दी गाली दे रहे हैं और वह भी तमाम महिला व पुरुष तथा अन्य की मौजूदगी में। गांव के अर्जुन पांडेय व किशोरी आंचल पांडेय का कहना है मौके पर अपनी मोटरसाइकिल से पहुंचे विपक्षी युवक चंदन शुक्ल ने तमंचा निकाल लिया और पुलिस के सामने ही जान से मार डालने की धमकी दी। माजरा देख चौकी प्रभारी तैश में आ गए और उन्होंने गाली-गलौच शुरू कर दी।

वहीं जगदंबा शुक्ल के पक्ष का कहना है कि महिला-पुरुष और बच्चों की मौजूदगी में चौकी प्रभारी ने भद्दी-भद्दी गाली दी। चौकी प्रभारी गोविन्द अग्रवाल का कहना है कि मौके पर पहुंचे चंदन शुक्ल ने असलहा निकाल धमकाना शुरू कर दिया। उन्होंने युवक को दबोचने का प्रयास किया तो वह अपने घर में घुसकर पिछले दरवाजे से फरार हो गया। मामले में प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह पल्ला झाड़ते नजर आए, कहा कि पूरी वीडियो और मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है।

> मामला संज्ञान में आने के बाद एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी सदर संदीप सिंह से पूरे प्रकरण की जांच कराई है। प्रथम दृष्ट्या कर्तव्य पालन में दोषी पाए जाने पर एसएसपी ने चौकी प्रभारी गोविन्द अग्रवाल को चुनाव आयोग की अनुमति से निलंबित किया है व विभागीय जांच का आदेश दिया गया है। **–एके सोनकर, एसपी देहात**

## सार-संक्षेप

### ढहाया गया खलिहान की भूमि पर निर्माण



रुदौली में खलिहान की भूमि से निर्माण हटाती जेसीबी।

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील के ग्राम कूढासादात में खलिहान की भूमि पर हो रहे निर्माण को नायब तहसीलदार ने जेसीबी से ध्वस्त कराया। खलिहान भूमि पर निर्माण कराने वाले दो आरोपी का पुलिस ने शांति भंग की धारा में चालान किया है। ग्राम कूढासादात की गाटा संख्या 420 राजस्व अभिलेख में खलिहान दर्ज है। खलिहान भूमि पर मोहम्मद नाजिम और मो सलीम द्वारा निर्माण कर कब्जा किए जाने की शिकायत एसडीएम से की गई थी। नायब तहसीलदार रुदौली अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम कूढा सादात की गाटा संख्या 420 खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा कर मोहम्मद नाजिम, मो सलीम के निर्माण कराए जाने की ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी से अवैध निर्माण तोड़वा कर कब्जा हटवा दिया गया है। चौकी प्रभारी भेलसर मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि अवैध निर्माण करने वाले मोहम्मद नाजिम निवासी बंनगावा और मो सलीम निवासी कस्बा रुदौली का चालन शांति भंग की धारा में किया गया है।

### विद्यालय में चोरी, उठा ले गए गैस-सिलेंडर

**अयोध्या। अमृत विचार :** बीकापुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सागरपुर में 25 मई को अज्ञात चोरों द्वारा विद्यालय का ताला काट कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। विद्यालय से गैस सिलेंडर, सबमर्सिबल पाइप 100 फीट, कुकर 10 लीटर, दो भगोना ,एक बाल्टी ,एक कड़ाही और एक तसला के साथ ही विद्यालय में रखा हुआ 50 किलो गेहूं और 50 किलो चावल गायब कर दिया। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका नीलिमा ने बताया कि रसोइया द्वारा विद्यालय में चोरी की जानकारी मिली। सूचना खंड शिक्षा अधिकारी और थानाध्यक्ष तारुन को प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है।

### इंदौर में महापौर का हुआ अभिनंदन




अभिवादन स्वीकार करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** गीता भवन इंदौर में अग्रवाल भवन ट्रस्ट के संरक्षक प्रेम चंद गोयल, विनोद अग्रवाल व किशोर गोयल के आथित्य और इंदौर के महापौर पुष्प मित्र भार्गव के कुशल नेतृत्व में अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी का नागरिक अभिनंदन हुआ। इंदौर की 22 संस्थाओं व समाज द्वारा सम्मान/अभिनंदन और स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। समारोह में केंद्रीय समिति अग्रवाल समाज इंदौर के अध्यक्ष राजेश बंसल, गिरीश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, अरविंद बागड़ी सहित अयोध्या धाम से संत मिथिला बिहारी दास, पंकज मिश्रा, रोहित शर्मा, शिव मोहन, निशांत सिंह, यश अग्रवाल, रोहित उपस्थित रहे। महापौर के नागरिक अभिनंदन समारोह का संचालन व संयोजन अग्रवाल भवन ट्रस्ट अयोध्या के महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल ने किया।

### देवस्थान का वार्षिक समारोह उत्साह के साथ मनाया गया



देवस्थान पर आयोजित पूजन में शामिल श्रद्धालु।

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** श्री राम जानकी मन्दिर देवस्थान बदलेपुर में दो दिवसीय वार्षिक समारोह उत्साह के संपन्न हुआ। वार्षिक उत्सव समारोह 25 मई को श्री रामचरित मानस के अखंड पाठ से प्रारंभ होकर रविवार को हवन एवं भंडारे के साथ बहुत ही धूमधाम से हुआ। स्थानीय ग्राम वासियों के अलावा गणेशपुर, बाबा का बाजार, रुदौली समेत कई जगहों से श्रद्धालु पूजा में शामिल होकर प्रभु राम एवं सीता माता के दर्शन किए। श्रीराम जानकी मन्दिर के उपासक पंडित हरीश तिवारी ने बताया कि यह आयोजन विगत कई वर्षों से प्रतिवर्ष होता है। प्रभु राम और सीता माता का यह मन्दिर दिव्य देवस्थान है। ज्ञान प्रकाश मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा, सुनील खेतान, आशीष शर्मा, अमित कसौधन, जितेंद्र मिश्रा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## अब हर माह होंगी कक्षा नौ से कक्षा 12 तक की परीक्षाएं

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** यूपी बोर्ड से संचालित जिले के 444 हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों में चालू शिक्षा सत्र से नई व्यवस्था की गई है। अब कक्षा नौ से बारह के छात्र-छात्राओं की परीक्षा हर माह होगी। ऐसा कक्षा के कमजोर बच्चों को शिक्षित करने के लिए किया जाएगा। बताया जाता है कि हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों में अब हर माह परीक्षा होगी। माह के अंत में होने वाली परीक्षा में छात्र-छात्राओं की शैक्षिक क्षमता का आंकलन किया जाएगा। कक्षा में कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। जिससे उनके शैक्षिक स्तर को बढ़ाया जा सके। यूपी बोर्ड से संचालित जिले के हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों में चालू शिक्षासत्र से नई व्यवस्था की गई है। कमजोर बच्चों के लिए स्कूल में ही अतिरिक्त कक्षाएं चलाई जाएंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार आर्या ने बताया कि सभी कालेजों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इससे बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए छात्रों को काफी सुविधा मिलेगी।

# डकैती के दौरान हुई थी कारोबारी की हत्या

**छेदीलाल हत्याकांड** — एक बाल अपचारी समेत पांच गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** इनायत नगर थाना और एसओजी की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम बसावां में 15 मई की रात दुकान के भीतर हुई डीजे व लाइट कारोबारी की हत्या के मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस का दावा है कि कारोबारी की हत्या डकैती के दौरान जग जाने के चलते हुई थी। मामले में संयुक्त टीम ने एक बाल अपचारी समेत पांच को गिरफ्तार किया है। साथ ही पकड़े गए लोगों से पूछताछ के बाद पूराकलंदर थाना क्षेत्र में हुई एक चोरी का भी खुलासा किया है।

अपने घर टकसरा से लगभग पांच किमी दूर शाहगंज-प्रभात नगर मार्ग पर ग्राम बसावां में सड़क किनारे मकान बनवाकर डीजे और लाइट का कारोबार करने वाले छेदीलाल चौरसिया (56) पुत्र राम प्रताप की 15 मई की रात उसके दुकान में ही किसी वजनी हथियार से वार कर हत्या कर दी गई थी। मामले में पहले परिवार ने दुकान से कीमती उपकरण गायब होने की बात कही थी, लेकिन बेटे अशोक कुमार ने कुछ दिन पूर्व दुकान में हुई चोरी में शामिल क्षेत्र के ही हल्ले द्वारिकापुर निवासी अरुण चौहान व करन चौहान व इनके साथी पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर निवासी शिवा के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने अरुण और करन को हिरासत में लेकर कई दिन पूछताछ की, लेकिन दोनों के खिलाफ कोई साक्ष्य एकत्र नहीं कर पाई। रविवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी देहात एके सोनकर ने बताया कि इनायतनगर थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह व एसओजी प्रभारी अमरेश कुमार त्रिपाठी की टीम ने सुबह शाहगंज-कुचेरा मार्ग स्थित लोहिया महिला महाविद्यालय के पास से एक ई रिक्शा और बाइक सवार एक बाल अपचारी समेत पांच को तीन तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इन्होंने अपना नाम-पता निखिल पासी निवासी बिहारीपुर थाना पूराकलंदर, मुकेश रावत निवासी मुबारकगंज थाना रौनाही तथा अर्जुन उर्फ़ बाबा व शनि निवासीगण अरुवावां थाना पूराकलंदर बताया है। पूछताछ में इन लोगों ने डकैती के दौरान छेदीलाल चौरसिया की हत्या और पूराकलंदर थाने के जेबीआई मैरिज लान में चोरी की बात कबूल की है।



हत्या के मामले के पर्दाफाश की जानकारी देते एसपी देहात व गिरफ्तार आरोपी।

### 11 एम्प्लीफायर व अन्य सामान बरामद

आरोपियों की निशानदेही पर 11 एम्प्लीफायर, 10 एसआरपी लाइट, 4 मिक्सर, एक पंखा, एक 14 सॉकेट का इलेक्ट्रिक बोर्ड और वारदात में प्रयुक्त लोहे का रॉड बरामद हुआ है। ई-रिक्शा और बाइक को जब्त किया गया है। निखिल, मुकेश व बाल अपचारी के पास से तमंचा-कारतूस बरामद होने के चलते अलग से आयुध अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज करवा चालान किया गया है। निखिल के खिलाफ चोरी व बरामदगी के चार मामले पहले से दर्ज मिले हैं।

**आस्था** — कुबेर टीले पर 150 से अधिक रामायण कालीन पौधे लगाए जाएंगे

# रामलला के बाद कुबेर टीला व शेषावतार मंदिर में भी मिलेगा दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को शेषावतार, सप्त मंडपम और कुबेर टीला पर भगवान शिव के भी दर्शन कराए जाएंगे। इसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट श्रद्धालुओं को नंगे पांव परिसर में एक स्थान से दूसरे स्थान तक प्रवेश कराने को बड़ी चुनौती मान रहा है।

मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा के मुताबिक कुबेर टीला का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जहां जटायु महाराज स्थापित भी हो गए हैं। राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे सप्त मंडप और शेषावतार मंदिर के निर्माण का कार्य सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। तब तक सभी मंदिरों को जोड़ने वाला दर्शन पथ भी सही तरीके से तैयार हो जाएगा, जिससे श्रद्धालु आसानी से सभी मंदिरों तक जा सकेंगे। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि कुबेर टीले पर रामायण कालीन पौधे लगाए जाएंगे। उद्यान विभाग इस पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि 150 से ज्यादा रामायण कालीन पौधों का उल्लेख मिला है। उन्हीं में से ही चयन करके कुबेर टीला पर पौधे लगाए जाएंगे। मंदिर परिसर में स्थित अन्य मंदिरों में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं को जूते और चप्पल नहीं उतारने पड़ेंगे। इसके लिए, जन्मभूमि परिसर में प्रवेश के बाद निकास के अलग मार्ग होंगे।



राम जन्मभूमि परिसर में कुबेर टीला तक जाने वाला मार्ग। अमृत विचार

### गेट नंबर 11 होगा वीवीआईपी मार्ग

राम जन्मभूमि परिसर में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के लिए चार द्वार बनाए जाएंगे, जिसके लिए वीवीआईपी मार्ग गेट नंबर 11 और वीआईपी मार्ग गेट नंबर दो का कार्य जल्द ही शुरू होगा, जिसकी डिजाइन तैयार की जा रही है। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि चार प्रमुख द्वारा बनाए जाएंगे, जिसमें सबसे पहले दो द्वार बनाए जाने का कार्य जल्द शुरू होगा। इस कार्य को पूरा होने के बाद दो अन्य द्वारों का निर्माण का कार्य भी किया जाएगा।

## भाजपा नेता ने लगाया हमले का आरोप

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पति राम चंदर ने हमले का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। शिकायत में भाजपा नेता का कहना है कि 24 मई की रात वह अपने वाहन से वापस नगर कोतवाली के आवास विकास कालोनी स्थित आवास आ रहे थे। इसी दौरान रात लगभग साढ़े 10 बजे वाहन सवार लोगों ने उनके वाहन को ओवरटेक कर दर्शन नगर रेलवे क्रॉसिंग के आगे पत्थरकट मोहल्ले के पास हमले का प्रयास किया। जातिसूचक गालियां दी और धमकी दी। अंदर से कार को लॉक कर लेने और सरकारी गनर के हस्तक्षेप के बाद लोग भाग गए। अयोध्या कोतवाल का कहना है कि शिकायत पर कोतवाली क्षेत्र के कुटिया कुशमाहा निवासी अर्जुन यादव व पांच अन्य अज्ञात के खिलाफ आईपीसी और एससी एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात कराई जा रही है।

# सड़क हादसे में ऑटो सवार ससुर की मौत, बहू समेत 3 घायल

## टांडा-बांदा राजमार्ग पर इनायतपुर पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

गोसाईंगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के इनायतपुर पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से ऑटो सवार ससुर, बहू समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ससुर की मौत हो गई। बहू व एक अन्य की हालत नाजुक बनी है।

थाना क्षेत्र के पकड़ीपुर कसमऊ गांव निवासी बंशीलाल (52) पुत्र बुधई अपनी छोटी बहू काजल (25) पत्नी कपिल व डेढ़ वर्षीय नातिन नैना के साथ दवा लेने ऑटो से सुलतानपुर शहर जा रहे थे। रविवार सुबह छह बजे वह सब गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के टांडा बांदा हाईवे पर इनायतपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार वाहन ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बंशीलाल, काजल, सरैया निवासी ऑटो ड्राइवर श्यामलाल वर्मा घायल हो गए। वहीं हादसे में डेढ़ वर्षीय नैना बाल-बाल बच गई।

आसपास के लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बंशीलाल को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल ऑटो ड्राइवर श्यामलाल व मृतक की बहू काजल का इलाज मेडिकल कालेज सुलतानपुर में चल रहा है। मृतक की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। बंशीलाल अपने पीछे तीन बेटे सुनील, अनिल, कपिल व बेटी इंदू को छोड़ गया है। बंशीलाल की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया मामले की जानकारी है। तहरीर प्राप्त कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।


मृतक बंसीलाल की फाइल फोटो व दुर्घटनाग्रस्त ऑटो। अमृत विचार

## ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने वृद्धा को कुचला, मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सहिनवा गांव के नौकापुरा चौहान परिवार की रजपत्ति (65) पत्नी स्व. हरिहर चौहान रविवार की सुबह डाक्टर से दवा लेने ताजुद्दीनपुर गई थी। दवा लेने के बाद घर वापसी के लिए अपने गांव की रोड के किनारे बैठ कर थकान दूर कर रही थी कि तभी अचानक ताजुददीनपुर के ईंटा-भट्ठा की ट्रैक्टर ट्राली ईंट से भरी हुई तेज गति से आकर अधेड़ महिला को कुचल दिया। जिससे मौके पर ही तत्काल मौत हो गई। घटनास्थल पर ट्रैक्टर ट्राली छोड़ कर चालक भाग गया। दोस्तपुर थाना प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली की स्पीड बहुत तीव्र गति थी। जिसकी वजह से यह दुर्घटना घटित हुई। मृतका के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात नाबालिग चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसओ ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।


दोस्तपुर में हादसे की सूचना पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

## एक नजर

### किशोरी के अपहरण में वांछित युवक गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने पर तहरीर दी थी। आरोप था कि गांव का युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर 21 मई की सुबह भगा ले गया था। तहरीर पर पुलिस युवक को नामजद करते हुए 24 मई को केस दर्ज कर लिया था। पुलसिया जांच पड़ताल व खोजबीन के दौरान उप निरीक्षक चंद्र कुमार शुक्ला ने आरोपी युवक को रविवार को बासी मोड़ से गिरफ्तार करने में सफल रही। पकड़े गए युवक की पहचान शिवम वर्मा निवासी शादीपुर थाना कुड़वार के रुप में हुई। जिसे पुलिस ने न्यायालय भेजा है।

### सीएचसी लंभुआ में मनाया गया पायलट दिवस

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ पर एंबुलेंस सेवा के जिले के प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार सिंह एवं जिला प्रभारी मनोज कुमार सिंह, दुर्गेश पाठक के द्वारा सभी पायलटों को सम्मानित किया गया। अच्छे कार्यों के लिए पायलटों को प्रोत्साहित भी किया गया। जिला प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार सिंह ने जिले में चल रहे 108, 102 एम्बुलेंस सेवा को और बेहतर कैसे बनाया जाए इस बारे में पायलटों को विभिन्न जानकारी दिए तथा भविष्य में जनता के बीच में एंबुलेंस सेवा को ससमय पहुंचने तथा एंबुलेंस के रखरखाव से संबंधित विभिन्न टिप्स दिए।

### गोमती आरती में उमड़े भक्त

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आदि गंगा गोमती के सीताकुंड घाट पर गोमती मित्र मंडल समिति की ओर से प्रत्येक रविवार को गोमती आरती का आयोजन किया जाता है। रविवार की शाम को आयोजित आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, डॉक्टर दिनकर सिंह, रमेश महेश्वरी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# हमला कर नकदी और जेवर छीनने के आरोपी गिरफ्तार

- पीड़ित ने एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ दी थी तहरीर

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** दुकान बंद कर घर लौट रहे सर्राफा व्यापारी से अज्ञात लोगों ने हमला कर नगदी व जेवरात छीन ले गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

कादीपुर कोतवाली के मुडिला बाजार निवासी दिनेश बरनवाल की दोस्तपुर में सर्राफा की दुकान है। 11 मई को दुकान बंद कर घर जा रहा था तो रास्ते दो नकाबपोशों ने उस पर हमला कर 18 हजार की नगदी व जेवरात छीन फरार हो गए थे। घायल को सीएचसी ले जाया गया था जहां से मेडिकल कालेज भेजा गया था। व्यवसाई ने एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी थी। पुलिस की विवेचना के दौरान अपराधियों के नाम प्रकाश में आया था। रविवार को दरोगा संजय कुमार वर्मा, दरोगा रामजीत यादव ने हमराहियों के साथ आरोपियों को थाना क्षेत्र के नचनिया बाबा पीथीपुर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंकित यादव पलियादेवापुर, प्रवेश कुमार पहाडपुर वैश्य, अभिषेक टेकुआ कुंभी थाना दोस्तपुर के रूप में हुई है।

# भीषण गर्मी से बेपटरी हुई बिजली व्यवस्था, पानी को तरसे लोग

- सैकड़ा भर घरों की बिजली रात भर फाल्ट के कारण गायब रही, दिन में लग रही बंच केबल

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले का पारा 43 डिग्री के पार है। भीषण गर्मी में जनजीवन बेहाल है। ऊपर से विद्युत विभाग की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। केएनआई विद्युत उपकेन्द्र हर बार की तरह इस बार भी बिजली कटौती में अव्वल स्थान बनाए हुए है। इस उपकेन्द्र से जुड़े उपभोक्ताओं को पिछले 24 घंटे से एक घंटे भी सही तरीके से बिजली नहीं मिल सकी है। रात भर लोगों ने किसी तरह से समय काटा। दिन में जब फाल्ट दूर हुई तो बंच केबल लगाने के नाम पर कटौती कर दी गई। लोग पानी तक को तरस गए।

केएनआई बिजली उपकेन्द्र से जुड़े विनोबापुरी, हथियानाला मोहल्ले की बिजली शनिवार को पांच बजे गायब हुई। बार-बार उपकेन्द्र पर फोन करने पर बताया जाता रहा कि फाल्ट है। कर्मचारी गए हैं, बनने में समय लगेगा। किसी तरह एक फेस की बिजली चालू हो पाई। लेकिन कुछ देर में पूरे उपकेन्द्र की बिजली गुल हो गई। फिर फोन उठना ही बंद हो गया। सुबह 10 बजे करीब 20 मिनट के लिए बिजली आई तो किसी तरह लोगों ने पानी की व्यवस्था की। इसके बाद दोपहर भर बिजली गायब रही। बताया गया कि चार बजे के बाद सप्लाई चालू होगी। लेकिन चार बजे के बाद हथियानाला मोहल्ले में बंच केबल लगाने के नाम पर फिर से कटौती शुरू कर दी गई। जहां बंच केबल लगाई जा रही है, वहां पूछने पर कर्मचारियों ने बताया कि छह बजे तक काम होगा, इसके बाद सप्लाई दी जाएगी, लेकिन उपकेन्द्र फोन करने पर पता चला कि नौ बज जाएंगे। ऐसे में 24 घंटे से अधिक समय तक हजारों की आबादी बिजली की आस लगाए बैठी है। लेकिन सप्लाई दुरुस्त नहीं हो पा रही है।


विनोबापुरी में विद्युत आपूर्ति दुरुस्त कराने के लिए सभासद के साथ इकट्ठा मोहल्लेवासी। अमृत विचार

### अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के मौसम विज्ञान विभाग की ओर से बताया गया है कि अभी गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। रविवार को अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। यह भी ढाई डिग्री अधिक था। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 72 और न्यूनतम 40 प्रतिशत रही। हवा की गति 3.7 किमी प्रति घंटा उत्तरी पश्चिमी रही।

# मारपीट में घायल हुई वृद्धा की मौत

- साढ़े तीन माह पहले मारपीट के मामले में हुई थी घायल
- शव लेकर थाने पहुंचे परिजन, धारा बढ़ाने व गिरफ्तारी की मांग

अखंडनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** करीब साढ़े तीन माह पहले हुई मारपीट में घायल वृद्धा की रविवार को मौत हो गई। परिजन शव लेकर थाने पहुंच गए और धारा बढ़ाने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के खुशामदपुर गांव में जमीन के विवाद में बीते 10 फरवरी को हुए मारपीट में चोटिल समर्थी देवी (75) की रविवार की सुबह मौत हो गई। परिवार के लोग शव को लेकर थाने पहुंच गए। थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। मृतक की पुत्री चनरमा देवी पत्नी मिठाई लाल द्वारा 10 फरवरी 2024 को चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। रविवार को शव को लाकर पुनः तहरीर दी जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित करते हुए भेज दी गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर धाराओं में बढ़ोतरी की जाएगी।


शव लेकर थाने पहुंचे वृद्धा के परिजन। अमृत विचार

# करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** प्राइवेट कंपनी की ओर से कराए जा रहे हाइटेंशन लाइन का काम करने आया राजस्थान का मजदूर रविवार की शाम करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। थाना के क्षेत्र के ढेमा बाजार एरिया में हाईटेंशन लाइन विस्तार का काम किया जा रहा है। यह काम विभाग की ओर से नामित एजेंसी एनसीसी लिमिटेड हैदराबाद की ओर से कराया जा रहा है। रविवार की शाम ढेमा गांव के पास गलत पोल पर चढ़ जाने से 11 हजार बोल्ट की करंट की चपेट में आकर आदिल खान (23) पुत्र सत्तार निवासी गांव थूना, जिला भरतपुर राजस्थान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# राजकीय नलकूप का मोटर जला, किसान परेशान

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** विकास खंड के खनुहट स्थित राजकीय नलकूप 16 केजी का मोटर खराबी के चलते महीने भर से बंद पड़ा है। फसल पानी के अभाव मे सूख रहा है। किसान निजी नलकूप से ऊंचे दामों पर सिंचाई करने को विवश है शिकायत के बावजूद मोटर बनाने के नाम पर विभाग बहाने बना रहा है ।

ब्लॉक क्षेत्र के खनुहट में स्थित 16 केजी राजकीय नलकूप से सैकड़ों बीघा जमीन पर किसान खेती करता है। फसलों की सिंचाई काककिसान राजकीय नलकूप पर निर्भर है। महीने भर से नलकूप का मोटर मे खराबी के चलते बंद पड़ा है। नलकूप के भरोसे किसानों ने गन्ना, चरी, उर्द व पिपरमेंट की बुआई की है। मोटर खराबी के चलते पानी न मिलने से भीषण गर्मी से फसले सूख रही है। मजबूर होकर अधिक दामों में निजी नलकूपों से सिंचाई करने को विवश है। किसान सुरेश वर्मा, रामस्वरूप प्रजापति, संदीप यादव, महंगू वर्मा, सुभाष, राजबहादुर वर्मा आदि ने बताया शिकायत के बाद भी नलकूप ठीक नहीं कराया गया। जिलाधिकारी से नलकूप ठीक कराए जाने की मांग की है। सिंचाई विभाग अभियंता जगदीश कुमार ने बताया मोटर मरम्मत के लिए वर्कशॉप भेजा गया है। जल्द ही लगाकर चालू कर दिया जाएगा।

## सार-संक्षेप


कादीपुर में आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल विद्यार्थी। अमृत विचार

### छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल हुए 1,768 विद्यार्थी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** रविवार को स्व रमाशंकर मिश्र स्मारक छात्रवृत्ति योजना की अहर्ता परीक्षा आयोजित की गई। क्षेत्र के पं रामचरित्र मिश्र ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन पड़ेला के प्रबंधक डॉ श्रवण कुमार मिश्र ने अपने पिता की स्मृति में यह छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित कराई थी। परीक्षा में कुल 1,768 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षाफल के बाद इन्हें छात्रवृत्ति के लाभ से लाभान्वित किया जाएगा।

### मां दुर्गा की आराधना के बाद भंडारे का आयोजन

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के अंदारायपुर गांव में स्थित दुर्गा मंदिर पर एक दिवसीय मां दुर्गा के पूजा अर्चन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार को दुर्गा मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ और मां का पूजन वैदिक मंत्रों के बीच किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान संजय सिंह एवं सुनीता सिंह ने मां की पूजा अर्चन किया और पंडित चिंतामणि मिश्र ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। पाठ उपरांत मिश्र जी ने विधिवत हवन कराया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर संतोष कुमार सिंह एडवोकेट, नरसिंह नारायण सिंह, महेंद्र सिंह, हृदय नारायण सिंह, आशुतोष, पंकज सिंह, अंकित सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### भंडारे में 10 हजार लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर,अमृत विचार :** क्षेत्र के देहली बाजार में भागवत के बाद मोदनवाल समाज मे भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मोदनवाल बिरादरी समेत लगभग दस हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सचल दल कार्यकर्ता मंडल देहली, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर देहली के कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर मेले के मुख्य यजमान अप्पू मोदनवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को सराहा। इस मौके पर अमरबहादुर, अनूप, जित्तू, सतीश, संजय मोदनवाल, जितेंद्र जयसवाल, आशीष अग्रहरि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कपड़े की दुकान में चोरी का प्रयास

- बाहर लगी एसी पाइप, केबल चोरी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है। शाहगंज चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित एक कपड़े के प्रतिष्ठान पर शनिवार की रात चोरी का प्रयास किया गया। अंदर दाखिल न हो पाने पर चोरों ने बाहर लगी एसी की कीमती आउटर पाइप, केबल आदि चुरा ले गए। शाहगंज स्थित मंगलम फैशन के मालिक अमित त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार मतदान के चलते प्रतिष्ठान बंद था। रविवार को सुबह जब हम लोग प्रतिष्ठान खोलने आए तो चोरी का आभास हुआ। दुकान के अंदर चोर दाखिल होने में सफल नहीं हुए है। पर बाहर एसी आउटर पाइप और केबल आदि चोर काटकर उठा ले गए हैं। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद है। प्रतिष्ठान के मालिक अमित त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि चोरी की ये पहली घटना नहीं है, चोरों द्वारा पूर्व में भी कई बार ऐसी घटना की जा चुकी है। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर चोरी की घटना की जांच की जा रही है।


इसी एसी की आउटर की पाइप हुई चोरी।

# बल्दीराय क्षेत्र के तालाब सूखे बेजुबान पानी को परेशान

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बल्दीराय क्षेत्र के कई अमृत सरोवर व अन्य तालाब सूबे पड़े हैं। जबकि सरकार द्वारा गांवों में तालाबों का अस्तित्व बरकरार रखने के लिए मनरेगा के तहत कार्य कराने की योजना संचालित की गई थी। सौंदर्यीकरण के नाम पर काफी धनराशि मुहैया कराई गई।

इसी के तहत ब्लॉक, हर गांवों में तालाबों की खुदाई कराई गई थी। पानी के अभाव में पशु पक्षियों बेसहारा गोवंशीय पशु के लिए पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। गर्मी की शुरुआत के साथ ही अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं। इनके भरवाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। ऐसे में एक ओर जहां पशु, पक्षियों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है तो दूसरी ओर प्यास बुझाने के लिए बेसहारा गोवंशीय पशु को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इनके भरवाने के लिए नहर और ग्राम सभा की निजी संसाधन हैं। नहरें सूखी व वीरान पड़ी है। तालाबों के न भरने से ग्रामीण चिंतित दिखाई पड़ रहे हैं। लेकिन अभी तक न तो नहर में पानी छोड़ा जा सका है, न ही जिम्मेदार द्वारा सूखे पड़े तालाब व पोखरों में पानी भरवाने के लिए कोई दिशा निर्देश ही जारी किया गया है, जिससे पशु, पक्षियों को राहत मिल सके। सिर्फ तालाबों के सौंदर्यीकरण के नाम पर मनरेगा का पैसा खर्च हो।

# पितृ शोक पर कर्तव्य भारी, बेटा निभा रहा जिम्मेदारी

- 28 मई से होगा 38वां श्री राम यज्ञ एवं मानस सम्मेलन का आयोजन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में राम कथा का शुभारंभ कराने वाले अधिवक्ता पंडित शेष नारायण पांडेय की सड़क हादसे में मौत हो जाने से परिजनों को गहरा सदमा लगा। पिता की मौत से दुखी बेटे ने पिता द्वारा आयोजित की जाने वाली राम कथा के आयोजन का भार उठाया है, जिसकी क्षेत्र में सराहना हो रही है।

कूरेभार विकासखंड के ग्राम पंचायत बझना में जन्मे शेष नारायण पांडेय पढ़ाई के दौरान छात्र राजनीति से जुड़े रहे। केएनआई के छात्र संघ के अध्यक्ष रहे शेष नारायण पांडेय कांग्रेस की राजनीति करने लगें। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्रीपति मिश्रा से उनके पारिवारिक संबंध रहे थे। अस्सी के दशक में श्री राम चरित मानस समिति के बैनर तले पांच दिवसीय राम कथा की शुरुआत की थी। राम कथा रजत जयंती मानते हुए तीस वर्षों से अधिक का समय पार कर लिया था। उनके बड़े बेटे पूरन चंद पांडेय उनके कार्यों में हाथ बटाने लगे थे। इसी बीच एक सुबह खबर आई कि उनके बड़े बेटे का हृदय गति रुकने से लखनऊ में निधन हो गया। जवान बेटे की मौत की सूचना मिलते ही जहां परिजनों व स्थानीय लोगों में कोहराम मच गया वहीं शेष नारायण टूट गए। फिलहाल अपने आपको संभालते हुए राम कथा को बाधित न करते हुए आयोजन किया। जो अनवरत चलता रहा। वर्ष 2024 की राम कथा की तारीख निश्चित किया, लेकिन ईश्वर को शायद मंजूर नहीं था। 22 फरवरी को वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मलित होने गए अधिवक्ता शेष नारायण पांडेय सड़क हादसे के शिकार हो गए। जिसमें उनकी मौत हो गई। आयोजित राम कथा की तारीख स्थगित कर दी गई।

### छोटे बेटे ने लिया पिता के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प

श्री राम चरित मानस समिति के अध्यक्ष व राम कथा के आयोजक की मौत से परिजन अभी उबर नहीं पाए थे कि लोगों को लगा कि अब राम कथा नहीं होगी। स्थानीय लोगों की भावनाओं व पिता के रामकथा के स्नेह को देखते हुए छोटे बेट प्रदीप ने राम कथा की जिम्मेदारी उठाई। कथा की तारीख तय करते हुए वक्ताओं को भी आमंत्रित किया। पिता के दिखाएं रास्ते पर चल रहे बेटे की लोग सराहना कर रहे हैं।

### तीन दिन होगा राम चरित मानस सम्मेलन

आयोजक पंडित प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि 28 मई दिन से 38वां राम चरित मानस सम्मेलन तीन दिन होगा। मानस सम्मेलन में अयोध्या धाम से मधुसूदन शास्त्री, वाराणसी से अनिल पांडेय, मिर्जापुर से शीतल जी महाराज, वृंदावन से कुमारी शांति किशोरी जी तो अयोध्या धाम से चंद्रदेव महाराज भक्तों को राम कथा का रसपान कराएंगे।

**लोकसभा चुनाव** भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मेनका गांधी गईं दिल्ली, सपा कैंडिडेट भी गोरखपुर अपने घर लौटे

# मतदान के बाद सूने होकर रह गए उम्मीदवारों के कार्यालय

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकतंत्र के महापर्व में शनिवार को जिले में मतदान हो गया। अब चार जून को मतगणना होने तक हार-जीत के कयासों का दौर चलेगा। मतदान के दूसरे दिन रविवार को भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय सूने रहे। यहां पिछले माह भर से दिन रात चहलकदमी थी और लगातार दर्जनों रणनीतिकार कार्यक्रमों के रूपरेखा तय कदते दिखते थे। भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री मेनका संजय गांधी का केंद्रीय चुनाव कार्यालय गोलाघाट के पास बना था। रविवार को यहां बाहर खड़े रहने वाले लग्जरी वाहन गायब थे। अंदर कुर्सीयां इकट्ठा करके रखी थी। कार्यालय में कोई दिखा नहीं। यही हाल सपा, बसपा के कार्यालयों का भी रहा। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रामभुआल निषाद अपनी टीम के साथ गोरखपुर निकल गए। वहीं, बसपा प्रत्याशी उदराज वर्मा भी आराम करके और कुछ अपने लोगों के बीच रहकर बिताया।



भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में दिन भर रहा सन्नाटा।


कार्यालय के अंदर नहीं दिखा कोई कार्यकर्ता। अमृत विचार

### मेनका गांधी ने मतदाताओं का जताया आभार

**सुलतानपुर :** सुलतानपुर की सिटिंग सांसद और भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी ने 25 मई को मतदान के बाद सभी जनपद वासियों का आभार प्रकट किया है। शाम 6 बजे के बाद अपने आवास पर लोगों से मुलाकात की और उन्हें मतदान करने के लिए आभार प्रकट किया। वरिष्ठ व जिम्मेदारी निभाने वाले नेताओं के साथ एक-एक बूथ की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने हमें अपना वोट दिया है और जिन लोगों ने अन्य पार्टियों को वोट दिया है उन सभी का मैं आभार प्रकट करती हूं कि उन लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग तो किया। उन्होंने कहा कि वह निरंतर इस जिले के विकास के लिए प्रयास करती रहेगी और क्योंकि उनका सुलतानपुर से एक पारिवारिक संबंध है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया श्रीमती गांधी चुनावी घोषणा होने के बाद से लगातार 50 दिन तक जनपद में रहने के बाद रविवार की सुबह 10 :30 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे होते हुए अपने दिल्ली आवास के लिए रवाना हो गईं।

## एक नजर

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**संवाददाता, फुरसतगंज, अमृत विचार :** रविवार सुबह रायबरेली प्रतापगढ़ रेलखंड पर पुरे सधान सिंह मजरे सरवन गांव के पास रेलवे पटरी पर मिला अज्ञात ब्यक्ति का शव गाँव के लोग जब खेत की तरफ जा रहे थे तो उन्होंने शव को देखा और 112 पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने ग्रामीणों की मदद से शव को रेल पटरी से लाकर किनारे रख मौके पर मौजूद ग्रामीणों से शव की शिनाख्त कराई पर किसी ने उसकी शिनाख्त नहीं करी मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष प्रतीत हो रही थी रंग गोरा था काले कलर का लोवर व शर्ट पहन रक्खा था गले में कला धागा और दाहिने हाथ में कडा था। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार सिंह ने बताया की शव की शिनाख्त कराइ जा रही है।

# भक्तों ने निकाली मंगल कलशयात्रा

संवाददाता, तिलोई

**अमृत विचार।** गायत्री परिवार द्वारा तिलोई में 26 मई से 30 मई तक आयोजित गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के प्रथम दिन सैकड़ों महिलाओं, श्रद्धालुओं व गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने मंगल कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा हनुमान गढ़ी तिलोई से प्रारंभ होकर राजभवन, रजिस्ट्री आफिस, पूरे निहाल सिंह, पाकरगांव, मोहनगंज, तहसील के सामने से होते हुए, पवित्र सरोवर सैम्बसी में जल भरते हुए धरमेधाम, चेतराबुजुर्ग होते हुए कथा यज्ञ स्थल हनुमान गढ़ी पर समाप्त हुई। पीत वस्त्रों में सैकड़ों महिलाओं ने अपने सर पर कलश रख कर मंगल प्रज्ञा गीत गाते हुए इस यात्रा में प्रतिभाग किया ।


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

कथा स्थल पर पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराने वाली टोली नायिका सुषमा तिवारी, महिमा तिवारी, जगन्नाथ ने गायत्री माता की आरती सम्पन्न कराई। जबकि मंगल कलश यात्रा का पूजन कौशल किशोर एवं श्री राधे श्याम तिवारी ने कराते हुए बताया कि आज के युग धर्म को निभाने हेतु वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पं श्रीराम शर्मा आचार्य रचित पावन प्रज्ञा पुराण कथा के सूत्रों का अवगाहन इस कथा में होगा। मंगल यात्रा का श्री गणेश झण्डी दिखा कर डा. त्रिवेणी सिंह जनपद समन्वयक ने किया। आभार गया बख्श सिंह ने व्यक्त किया। इस मौके पर अमिता गौतम, मोनू जायसवाल, मोहन सिंह, राजेन्द्र बहादुर सिंह, इन्द्र पाल सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, सूर्य भान सिंह, राम प्रसाद गुप्ता, शिवशंकर सिंह, रूबी सिंह, माया देवी, उमा सिंह रहे।

## राशन में घटतौली का खेल जारी

**गौरीगंज, अमृत विचारः** अमेठी सरकार जहां जनता को मिलने वाले फ्री राशन में घटतौली रोकने के लिए ई वैन्ग मशीन कोटेदारों को देने के बावजूद भी घटतौली रुकने का नाम नहीं ले रही है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही याकि मिलीभगत कही जाय। जगदीशपुर विकास खण्ड के अन्तर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में गरीबों को सरकार द्वारा निः शुल्क राशन देने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान खोली गई है जहां कोटेदार द्वारा प्रति सदस्य को पांच किलो राशन मिलना चाहिए लेकिन वहीं सरकार द्वारा घटतौली पर रोक लगाने के लिए कोटेदारों को ई वैन्ग मशीन उपलब्ध कराई गई है जिससे राशन देने की बाध्यता की गयी है।

## चंदन के सात पेड़ बेचने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचारः** बीते दो महीने पहले 11 मार्च की रात्रि को पन्हौना राजभवन से अज्ञात चोर 15 से 20 साल पुराने सात चंदन के पेड़ को काटकर उठा ले गए थे। पेड़ मालिक रावत सुरेंद्र बहादुर सिंह की तहरीर पर शिवरतनगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की थी।

बीते शनिवार की रात्रि को उपनिरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह थाना शिवरतनगंज मय हमराही द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर होण्डा अमेज वाहन सवार तीन नफर अभियुक्तगण दिलशाद पुत्र इलियास निवासी मोहल्ला कागजियाना थाना कोतवाली नगर जनपद कन्नौज, मो. वसीम पुत्र मो. कलीम निवासी मोहल्ला सैय्यद बजरिया थाना कोतवाली नगर जनपद कन्नौज व बाबूलाल पुत्र रामानंद निवासी सर्वजीत बाजार मजरे सिंहपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को सर्वजीत बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया। जामातलाशी से अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 25 हजार व लकड़ी काटने के उपकरण बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्तगण ने बताया कि हम लोग 11 मार्च को ग्राम सर्वजीत बाजार से चंदन की लकड़ी को चोरी से काटकर ले गये थे, जिसे ने 40 हजार में बेच दिया था।

# सीएमओ ने पीएचसी जायस का किया निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचारः** रविवार को पीएचसी जायस में चल रहे आरोग्य मंदिर का सीएमओ ने औचक निरीक्षण किया। सीएमओ के निरीक्षण में एलए नदारद रहे। वहीं 102 एंबुलेंस से आशा द्वारा ले जा रहे ड्रॉप बैक केस का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि केस का कोई भी अभिलेख आशा के पास मौजूद नहीं है। एंबुलेंस को बिना ईएमटी के चालक ले जा रहा था। इस बाबत सीएमओ ने प्रोजेक्ट मैनेजर से स्पष्टीकरण मांगा है।

जायस पीएचसी पर चल रहे आरोग्य मंदिर का सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह निरीक्षण करने पहुंचे तो हड़कंप मच गया। सीएमओ के निरीक्षण में एलए नदारद रहे। वहां पर मौजूद स्टाप ने बताया कि एलए तीन दिन से बिना कारण बताए अनुपस्थित चल रहे हैं। निरीक्षण के दौरान आरोग्य मंदिर में होम्योपैथिक


मरीज की जांच करते सीएमओ।

के 15 मरीज, एलोपैथिक के 10 मरीजों का इलाज किया गया था। वहीं 12 मरीजों की जांच भी की गई थी। एंबुलेंस में हो रहे फर्जीवाड़े की शिकायत पर ड्रॉप बैक का केस ले जा रही 102 एंबुलेंस को सीएमओ ने चेक किया। एंबुलेंस के निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने पाया कि शाहगढ़ कि आशा संगीता उसमें मौजूद थी। केस के कागजात मांगने पर आशा दिखा नहीं सकी। आशा की सेटिंग पर एंबुलेंस को बिना ईएमटी के चालक विजय कुमार लेकर जा रहा था। जबकि नियमतः बिना ईएमटी के एंबुलेंस को चालक किसी केस पर कहीं ले नहीं जा सकता। अंदर खाने की बात करें तो सबसे ज्यादा घोटाला 102 एंबुलेंस में ही हो रहा है। आशा और एंबुलेंस चालक की सेटिंग गेटिंग के चलते सरकार को चूना लग रहा है। एंबुलेंस स्टाप से आशाओं की पैठ है। आशाओं को बाजार जाना हो या फिर रिश्तेदारी, उनके लिए 102 एंबुलेंस तैयार खड़ी रहती है। 102 स्टाप और आशाओं के तालमेल से 102 पर फोन कर फर्जी केस आईडी असाइन करा ली जाती है और फिर उसी केस आईडी पर आशा अपना बाजारू काम या फिर अन्य जरूरतों का कामकाज निपटा लेती है। उधर, इस मामले में सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि बिना ईएमटी आशा के साथ चालक विजय कुमार ड्रॉप केस लेकर जा रहा था। आशा के पास ड्रॉप बैक केस के कोई कागजात नहीं पाए गए। 102 एंबुलेंस की एसी भी नहीं चल रही थी। प्रोजेक्ट मैनेजर से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## ईंट लदे चोरी के ट्रक के साथ शातिर गिरफ्तार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचारः** बीते 24 मई को ग्राम भारती स्कूल के पास ईट लदे ट्रक के चोरी के मामले में खुलासा करते हुए मुंशीगंज पुलिस ने रविवार को दो अभियुक्तों को ईंट लदे ट्रक के साथ सुरूवावां जाने वाले मार्ग पर शनिवार की रात्रि को गिरफ्तार किया गया।

शनिवार की रात्रि मुंशीगंज थाने के उपनिरीक्षक संजय सिंह मय हमराह द्वारा क्षेत्र में वांछित तलाश व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर सूचना पर संबन्धित ईंट लदे चोरी के ट्रक सं0 UP44AT1521 के साथ 2 आरोपी धीरेन्द्र कुमार शुक्ला उर्फ बबलू पुत्र लल्लन प्रसाद शुक्ला निवासी पूरे कुबरा का पुरवा मजरे सुरुवांवा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी व अनूप मिश्रा पुत्र हरिप्रकाश मिश्रा निवासी पूरे गौरी मिश्र मजरे सुरुवांवा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को ग्राम सुरुवांवा जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया । कब्जे से बरामद ट्रक उपरोक्त के संबन्ध में पूछताछ में आरोपी धीरेन्द्र कुमार शुक्ला उर्फ बबलू ने बताया कि मै शेर बहादुर यादव की गाड़ी चलाता था, मगर बाद में मेरा उनसे विवाद हो गया जिस कारण मैने उनकी गाड़ी चलाना छोड़ दिया था । शेर बहादुर यादव को सबक सिखाने के लिए मैने अपने साथी मन्नू तिवारी पुत्र अरुण तिवारी निवासी ग्राम सुरुवांवा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी व अनूप मिश्रा उपरोक्त के साथ योजना बनाकर शेर बहादुर यादव के ट्रक को दिनांक 24 मई को दिन में ग्राम भारती स्कूल के पास से चोरी कर लिया था । थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा अभियुक्तों पर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है।

# सड़क निर्माण में हो रहा भ्रष्टाचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचारः** सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जगदीशपुर विधानसभा के बढ़ौली गांव में मानक के विपरीत सड़क निर्माण होने से नाराज ग्रामीणों ने काम को रुकवा दिया। ग्रामीणों ने हाथों और पैरों से सड़क की गिट्टियों को उखाड़ दिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क का निर्माण मानक के अनुसार नही होगा तब तक इस गांव के ग्रामीण सड़क नही देंगे। इस निर्माणाधीन सड़क की लंबाई तीन किलोमीटर है जो पूरब गांव से बढ़ौली नहर तक जाती है।

पूरा मामला जगदीशपुर विधानसभा के बढ़ौली गांव का है जहां पिछले कई दिनों से पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 3 किलोमीटर लंबी पूरब गांव से बढ़ौली नहर तक सड़क का निर्माण किया जा रहा है।


सड़क की कमियों को दिखाते ग्रामीण। अमृत विचार

सड़क आगे तो बन रही है लेकिन पीछे उखड़ती जा रही है। रविवार को मौके पर पहुंचे बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने हाथों और पैरों से गिट्टियों को उखाड़ना शुरू कर दिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।ग्रमीणों ने निर्माण कार्य में लगे मजदूर और ठेकेदार को काम करने से मना कर कर दिया।ग्रामीणों का आरोप था कि यह सड़क मानक के अनुरूप नहीं बन रही है अगर यह सड़क बन भी जाएगी तो कितने दिन तक टिकेगी। ग्रामीणों को साफ कहना है कि जब तक यह सड़क मानक के अनुरूप नहीं बनेगी तब तक वह इस सड़क को बनाने नहीं देंगे। स्थानीय ग्रामीण सतीश चंद्र शुक्ला ने कहा कि सिर्फ मिट्टी डालकर उसके ऊपर जीरा डालकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है इसमें डामर भी नाममात्र के लगाया जा रहा है। गांव के सभी ग्रामीणों का विरोध है इसलिए इस सड़क को नही बनने दिया जाएगा। अगर सड़क का निर्माण मानक के हिसाब से होगा तो बनने दिया जाएगा अन्यथा सड़क को नहीं बनने दिया जाएगा।

## दो पक्षों में लाठी डंडों से मारपीट

**इन्हौना, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र ग्राम जियापुर में गाय को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गयी। मामला तू-तू, मैं-मैं व गाली-गलौज से शुरू होकर इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी और डंडे से जमकर मारपीट हो गयी। दयावती पत्नी रामकिशोर विपक्षी राजेश कुमार राम नारायन, रामकुमार सरवन कुमार, पत्नी शिवकुमारी राम नारायन पीड़िता दयावती ने बताया कि मारपीट में उन्हें काफी चोट आई है।

# श्रीरामचरितमानस विश्व का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ

संवाददाता, गौरीगंज

**अमृत विचारः** रविवार को अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गौरीगंज में कवि गोष्ठी हुई। कवयित्री अर्चना ओजस्वी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया।

इस मौके पर अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा श्रीरामचरितमानस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है जो कलिकाल का अमृत है। मुख्य अतिथि प्राचार्य अवधेश कुमार सिंह


कवि गोष्ठी में मौजूद लोग। अमृत विचार

ने कहा अवधी संस्कृति की पहचान है। ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने पढ़ा अवधी हमरौ आन हौ अवधी हमरौ शान। याको मीठौ बोल सुनि, मिसिरी घुलितौ कान। डॉ. अर्जुन पाण्डेय ने पढ़ा जरा ने जरा दिया बचपना को भुला दिया, देखते ही देखते जवानी को गंवा दिया। सुरेश शुक्ल नवीन ने पढ़ा कि ये गीत नहीं मेरे दिल के अफसाने हैं, अपने ही शहर में हम कितने बेगाने हैं। कवि अनिरुद्ध ने पढ़ा ' तन के उजले लेकिन मन के काले हैं, आस्तीन में सांप विषैले पाले हैं। रामवदन शुक्ल पथिक ने पढ़ा कि अरमान अपना तोहर दिली तिरंगा है, पहचान दुनिया में जो मिली तिरंगा है। इस अवसर पर अरुण कुमार गुप्ता, रामभवन शुक्ला, नृपेंद्र त्रिपाठी सुरेश चंद्र शुक्ला, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्ता, रामेंद्र गुप्ता, सुधांशु गुप्ता, आर्ष गुप्ता, अविचल गुप्ता सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## वर्ग पहेली-82

**बाएं से दाएं**

2. 1. अवनति, गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।

4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।

6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रेतक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।

7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।

8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।

**ऊपर से नीचे**

1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।

3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।

5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।

7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जोखना।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | | | ■ | ■ | 5 |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| 7 | | | | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| 8 | | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -81 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 भो | ■ | ■ | 2 च | ■ | ■ |
| ■ | ज | ■ | 3 छ | पा | का | ■ |
| ■ | 4 क | चो | ट | ना | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | क | ■ | 5 शा | ना |
| ■ | 6 सा | 7 नु | ना | सि | क | ■ |
| ■ | ■ | जू | ■ | ■ | भा | ■ |
| 8 कॉ | ल | म | ■ | ■ | जी | ■ |

# झाड़ियों में तब्दील शुकुल बाजार का डाकबंगला

केशव वाजपेई, शुकुल बाजार

**अमेठी, अमृत विचारः** जिले के आखिरी छोर पर स्थित शुकुल बाजार डाक बंगला कभी चर्चित हुआ करता था वही आज झाड़ियां के बीच में दिखने को मिल रहा है बी बी आईपी क्षेत्र के डाक बंगले की दस्ता बयां कर रहे हैं यह वही डाक बंगला है जहां कभी संजय गांधी से लेकर प्रधानमंत्री राजीव गांधी सोनिया गांधी व अन्य बी बी आईपी का डेरा रहता था सुबह से लेकर शाम तक यह परिसर लाल


अनदेखी का शिकार शुकुल बाजार का डाकबंगला। अमृत विचार

बत्ती वाली गाड़ियों की हनक से वह लोगों के भीड़ से गुलजार हुआ करता था मगर आज सब कुछ खढहर हो चुका है जर्जर दीवारें व परिसर में होगी झाड़ियां इसकी दुर्दशा की दास्तान को बयां करती है एक वक्त ऐसा था जब बीवी आईपी क्षेत्र का यह डाक बंगला सभी तरह के साजो समान से लैस था इस डाक बंगले का निर्माण 1946 में हुआ था बाहर से आने वाले विशिष्ट लोगों का बसेरा हुआ करता था लेकिन आज अपने सुखद अतीत को याद कर वजूद की तलाश में है भारत के प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी निवास करते थे वाटर कूलर से लेकर सभी आवश्यक वस्तुओं से सुसज्जित या डाक बंगला आज झाड़ियां के बीच सांप बिच्छू जानवरों का बसेरा बन चुका है

क्या बोले जिम्मेदार अधिशासी अभियंता रमेश चंद्रा ने कहा पिछले वर्ष डाक बंगले के मरमती करण व पेंटिंग आदि के लिए शासन को करीब 8 लाख रुपए का एस्टीमेट भेजा गया था परंतु शासन द्वारा स्वीकृत नहीं हो सकी शासन के द्वारा एक लाख रुपए इस वर्ष प्राप्त हुई है वह जल्द ही रिपेयरिंग व पेंटिंग साफ सफाई कराई जाएगी। शासन द्वारा स्वीकृत पैसे को भी नहीं लगाया गया है जिससे शुकुल बाजार का डाक बंगला अपनी पुरानी तस्वीरों को बयां कर रही है।

## सुडोकू-161

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| | | 6 | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | 8 | |
| | | | | | 9 | | | |
| 2 | | | | | | | | |

### सुडोकू -160 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 2 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16 .53 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 10 .13 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** – आज प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। बुद्धिजीवी लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। शाम के समय आपको धन लाभ भी हो सकता है। दिन ठीक रहेगा। आप अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर पाएंगे।

**वृष** – आज क्रोध में आकर किसी से बात न करें। शाम के समय आप कई समस्याओं को सुलझाने में सफल होंगे। आपको बहुत से अनुत्तरित प्रश्नों का उत्तर मिल जाएगा। दिन की शुरुआत ज्यादा ठीक नहीं रहेगी, किंतु आप समस्याओं का समाधान ढूंढने में सफल होंगे।

**मिथुन** – आज यात्रा का विचार बना सकते हैं। कारोबार में मित्रों का सहयोग मिलेगा। विवाह संबंधी विषयों को लेकर घर में चर्चा हो सकती है। आंखों में जलन और दर्द की शिकायत होने की आशंका है। बिजली के यंत्रों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** – आज कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ हो सकता है। नौकरी में उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। आपसे पड़ोसी भी आपकी प्रशंसा करेंगे और आपसे वार्तालाप करना चाहेंगे।

**सिंह** – आज काम का दबाव आपके ऊपर देखने को मिल सकता है। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने उत्पाद की बहुत अच्छी ब्रान्डिंग कर सकते हैं। मनोरंजन के कार्यों में आप काफी रुचि ले सकते हैं। अनावश्यक कार्यों में आपको व्यस्त नहीं होना चाहिए।

**कन्या** – आज आप कुछ पुराने मामलों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। घर का समस्याओं को बाहर के लोगों से व्यक्त न करें। माता-पिता की सेहत का विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर परिवार की सहमति मिल सकती है।

**तुला** – आज आप नई जॉब के लिए प्रयास कर रहे हैं तो उसमें अचानक ही सफलता मिल सकती है। आप अपनी अभियोग्यता को बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध रहेंगे। कुछ गुप्त बातों को जानने में लगे रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। कारोबार में सहयोगियों के साथ नोंक-झोंक हो सकती है। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। हालांकि आप अपनी गलती सुधार भी लेंगे और स्थितियां अपने पक्ष में भी कर सकते हैं।

**धनु** – आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ रहेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर दिखेंगे। आप अपनी संकल्प शक्ति के बूते कई लोगों के अपने अनुकूल काम भी करवा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में वर्चस्व बढ़ेगा।

**मकर** – आज वैवाहिक जीवन में सामंजस्य अच्छा रहेगा। कोई नया काम शुरू न करें। बिना मन के किए गए कार्य गड़बड़ हो सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोग अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शाम के समय बीमार लोग स्वस्थ महसूस कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज ऐसे विषयों पर चर्चा न करें जिन पर झगड़ा होने की संभावना हो। संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर कुछ परेशानियां हो सकती हैं। यदि किसी मीटिंग आदि का आयोजन कर रहे हैं तो उसे दिन के दूसरे प्रहर से पहले कर लें।

**मीन** – आज कारोबार में विस्तार के अवसर मिलेंगे। यदि आप निवेशक हैं तो आपको उत्तम धन लाभ हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण कर सकते हैं। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
15 अगस्त – सुबह : 09 .52
मेला – रात : 07 .00

&pictures
सीक्रेट सुपरस्टार – सुबह : 10 .47
हीरोपंती 2 – शाम : 04 .56

SONY PIX
स्पाइडर-मैन – सुबह : 10 .45
द मैकेनिक – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
मैं तेरा हीरो – सुबह : 10 .35
पहेली – रात : 07 .45

colors CINEPLEX
बेटिंग राजा – दोपहर : 12 .34
रुद्रन – रात : 08 .02

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर शाम : 04 .56 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज?
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रम सराजकम्।।

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को मारे या न भी मारे। मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन की चुनौती

पूरा देश इस समय भीषण गर्मी से जूझ रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य और उत्पादकता पर गंभीर खतरा हो सकता है। आगामी दिनों में लू का जोखिम और बढ़ने की आशंका है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिन तक रात के पारे में कोई बदलाव के आसार नहीं है। रात का तापमान विशेष रूप से खतरनाक होता है। हर साल तापमान के रिकॉर्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मौसम के बदलाव ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। देश के 150 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण पिछले सप्ताह पांच वर्षों में सबसे निचले स्तर पर आ गया। इससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जल विद्युत उत्पादन पर असर पड़ा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है।

आंकड़ों के मुताबिक 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है। वास्तव में आज पूरी तरह से जलवायु परिवर्तन हो चुका है और इसका खामियाजा इंसान को भुगतना पड़ रहा है। शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण लोगों के जीवन जीने के तौर-तरीकों में काफी परिवर्तन आया है। विश्व भर की सड़कों पर वाहनों की संख्या काफी अधिक हो गई है। जीवन शैली में परिवर्तन ने खतरनाक गैसों के उत्सर्जन में काफी अधिक योगदान दिया है। यदि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय रूप से कमी नहीं की गई, तो सदी के मध्य तक अधिकांश क्षेत्रों में दैनिक उच्च और निम्न तापमान में कम से कम 5 डिग्री फ़ॉरेनहाइट की वृद्धि होगी, जो सदी के अंत तक 10 डिग्री फॉरनेहाइट तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन वैश्विक समाज के समक्ष मौजूद सबसे बड़ी चुनौती है एवं इससे निपटना वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। जलवायु परिवर्तन के कुछ प्रभावों को वर्तमान में भी महसूस किया जा सकता है। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होने से हिमनद पिघल रहे हैं और महासागरों का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। आधुनिक युग में जैसे-जैसे मानवीय गतिविधियां बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी वृद्धि हो रही है जिसके कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। यानि यह समय जलवायु परिवर्तन की दिशा में गंभीरता से विचार करने का है।

# शरीर और मन : परिवेश और आनुवंशिकता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंत:करण। अंत:करण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है।

मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिबिंत होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

विचार मनुष्य का बल है, वैभव है, लेकिन यदि वही विचार मनुष्य के लिए कैदखाना बन जाए, तब? लेकिन अपरिमित बल के साथ ही मनुष्य में निर्बलता भी है कि वह विचारधाराओं को अपने लिए जेल खाना बना लेता है, कट्टर बन जाता है। विचार को लेकर लड़ने लगता है। वह भूल जाता है कि कोई भी विचार आखिरी लकीर नहीं है। विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं, मनुष्य विचारधाराओं के लिए नहीं हैं। ये समस्त ज्ञान विज्ञान विचार दर्शन कला संगीत मनुष्य जीवन रूपी वृक्ष के फल हैं। वृक्ष पर फल बार-बार आते हैं, फल तथा ऋतु का संबंध है। ऋतु बदलती है, नए फल आ जाते हैं। युग बदलता है, विचार बदल जाते हैं।

जीवन का विस्तार बहुत व्यापक है, वह किसी एक ही विचारधारा से न कभी पहले चल सका है, न आज चल रहा है और न आगे कभी चलेगा। इसलिए विचारधाराओं से भी पहला काम मनुष्य का अध्ययन है, पहला काम मनुष्य की पहचान है। हम सोचते हैं कि मनुष्य का क्या जानना, हम मनुष्य ही तो हैं। हां, ठीक बात है, हम मनुष्य हैं, मनुष्य की विराटता में एक इकाई। मनुष्य में बुनियादी समानता हैं, निश्चित ही हैं, किंतु विचित्रता भी हैं। इतनी विचित्रता कि उनको हम जितना भी जानते हैं, उतनी ही विचित्रता सामने आ जाती है। दिशा और काल में मनुष्य का कितना विस्तार है? क्या इस विस्तार की कल्पना भी हम कर सकते हैं? मनुष्य को जानने की बहुत सी पद्धतियां हैं, एक पद्धति ने मनुष्य को परिवेश और आनुवंशिकता के आधार पर जानने का प्रयास किया है।

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंतःकरण। अंतःकरण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है। अफ्रीका का आदमी, अमेरिका का आदमी या फ्रांस का आदमी एक जैसे रंग रूप देह-यष्टि के नहीं होते। चीन के आदमी का कद, रंग, उसकी आंखें, उसकी खोपड़ी, उसके हाथ पैर अलग-अलग रूप-रंग और आकृति के होते हैं। फिर समुद्र के पास रहने वाला आदमी पर्वतों के पास रहने वाले आदमी से भिन्न होता है। एक की छाती अधिक मजबूत है और दूसरे की टांगें अधिक मजबूत हैं। यह भिन्नता प्राकृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण होती है। देह तत्व को प्रभावित करने वाला दूसरा प्रभावशाली तत्व उसकी आनुवंशिकता है।

माता-पिता और उनकी वंश परंपरा आदमी के रूप, नाक-नक्श पर प्रत्यक्ष होती है। किसी बच्चे को तुरंत पहचान लिया जाता है यह उसका बेटा है। अनेक व्याधियां आनुवंशिक होती हैं। बहुत सी लोकोक्तियां आनुवंशिकता पर हैं अब तो आनुवंशिकी (जैनेटिक्स) का विकास हो रहा है, जिस प्रकार माता-पिता और माता-पिता की वंश परंपराओं से हमने अपना शरीर प्राप्त किया है। उसी प्रकार हमारा मन भी उसी वंश परंपरा का दाय है। इसीलिए हमारा मन बीते हुए युगों का एपीटोम है। हमारे अर्द्धचेतन और अचेतन मन में युग-युगांतर की स्मृतियां सो रही हैं। शरीर की तरह हमारा मन भी अविच्छिन्न परंपरा का ही दाय है। जिस प्रकार शरीर पर परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है, उसी प्रकार मनुष्य की मानसिक संरचना अर्थात् मन पर भी परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है। मनुष्य की मानसिक संरचना में आनुवंशिकी का प्रभाव बहुत स्पष्ट होता है-नानी की टेव धेवती में आ। मूसे के जाए बिले खोदेंगे। मन पर परिवेश का प्रभाव सांस्कृतिक तत्व के रूप में होता है। बालक का जन्म शून्य में नहीं होता, सांस्कृतिक-परिवेश में होता है। बालक उस परिवेश से ही बोली और भाषा ग्रहण करता है तथा बोली और भाषा की तरह ही सांस्कृतिक तत्व ग्रहण करता रहता है।

प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश की विचार-प्रणाली होती है, आचार प्रणाली होती है, विश्वास-प्रणाली होती है, सौंदर्यचेतना होती है। प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश में सैकड़ों अवधारणाएं प्रचलित होती हैं। मनुष्य के चित्त का आधार पाकर वे अवधारणाएं भौतिक शक्ति जैसी बन जाती हैं। इसलिए बालक का मन अपने सांस्कृतिक परिवेश से रचा-पचा होता है। इस प्रकार मनुष्य की आंतरिक और बाहरी संरचना में परिवेश और आनुवंशिकता दोनों तत्व निर्णायक और प्रभावकारी होते हैं। जिस आनुवंशिकता से बालक को शरीर प्राप्त हुआ है, उसी आनुवंशिकता से उसे मन भी प्राप्त हुआ है। मन की प्रवृत्ति के रूप में जो तत्व है, वह भी वंश परंपरा से प्राप्त है। उसकी मानसिक संरचना में अतीत जीवन की स्मृतियों का कोश है।

आनुवंशिकता के कारण ही मनुष्य के मन को युगंधर या बीते युगों की स्मृतियों का ऐपीटोम कहा जाता है। समस्त युग उसके अवचेतन में समाए हुए हैं। यह ऐपीटोम केवल इस जीवन का ही नहीं है, उस वंशानुक्रम के जीवन का है, जो अंततः आदि-पुरुष (माता-पिता) से जुड़ता है। ध्यान रखने की बात यह है कि मनुष्य जीवन केवल वर्तमान से ही संचालित नहीं होता, मनुष्य जीवन के इतिहास की समग्रता अथवा वे स्मृतिकोश भी जीवन को संचालित करते हैं। मनुष्य धरती पर उगते हुए बीज को तभी से देख रहा है, जब से उसने धरती पर जन्म लिया था। धरती से बीज उगना इन अर्थों में साधारण घटना है कि उसे सभी ने देखा है और बार-बार देखा है, परंतु उसकी असाधारणता भी यही है कि उसे सभी ने देखा है, लोक ने भी देखा है, शास्त्र ने भी देखा है, पंडित ने भी देखा है मूढ़ ने भी देखा है, धनी ने भी देखा है और निर्धन ने भी देखा है। किसी ने पास से देखा है तो किसी ने दूर से देखा है, किसी ने प्रत्यक्ष देखा है तो किसी ने परोक्ष रूप से देखा है और इस निरंतर देखने के कारण ज्ञान की निरंतर वृद्धि हुई है।

मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिबिंत होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

उदाहरण के लिए वृक्ष से पत्ता गिरा। पत् धातु का अर्थ है गिरना, अतः गिरने के कारण पत्र संज्ञा बनी। पत्र शब्द से पत्ता, पत्ती, पन्ही, पात, पतिया शब्द निष्पन्न हुए। पुराने जमाने में पत्रों पर संदेश भी लिखे जाते थे, इसलिए पत्र शब्द का एक नया अर्थ विकसित हुआ चिट्ठी। जीवन में सुख के साथ दुख लगा हुआ है, जो फूलता है वह कुम्हलाता भी है। एक दिन फल लगते हैं और एक दिन पतझड़ भी होता है। यह संसार कांटों की झाड़ी है। संसार के संबंध उसी प्रकार के है, जैसे वृक्ष पर पत्ते उगते हैं, झड़ते हैं और हवा उन्हें दूर उड़ा ले जाती है। इस प्रकार लोकमानस की पूरी चिंतन प्रक्रिया वानस्पतिक बिंबों से ओत-प्रोत है।

## प्रसंगवश

# राजधानी में कानून व्यवस्था



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ में तैनात एक महिला पुलिस उप-अधीक्षक के एकलौते बेटे को दो गुंडे लड़कों द्वारा कार से रौंदने की घटना लोगों को भूली नहीं थी कि अब रिटायर्ड कमिश्नर देवेन्द्र नाथ दुबे के इंदिरानगर स्थित आवास पर दिन दहाड़े दिल दहलाने वाली ताजी घटना फिर हो गई जिसमें 25 मई को उनकी पत्नी की हत्या व घर में डकैती सुबह 7 और 9 बजे के बीच अंजाम दे दी गई, जब वे गोल्फ खेलने घर से बाहर गए थे।

पुलिस की शिथिल कार्य प्रणाली के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन और पुलिस का भय अपराध जगत में रहा ही नहीं। वे घटनाएं करते रहते हैं और उन पर कार्यवाही नहीं होती है। जनवरी-2023 में मेरे साथ आन लाइन ठगी हुई थी। नगर के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई, अखबारों में खबर का कवरेज आया, किंतु पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ सकी। दुबे जी 71 के हैं, मैं 84 का। खबरों में बहुधा आ जाता है कि वरिष्ठ नागरिकों की पुलिस सूची बनाए है ताकि उनकी सुरक्षा का अनुश्रवण कर सके, लेकिन मेरे पास तो कभी कोई पुलिस वाला हाल पूछने आया नहीं और न रिपोर्ट पर कार्यवाही की। जब सर्वप्रथम लखनऊ व नोएडा में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की गई थी, तभी मैंने इस पद्धति को कम असरदार बताया था। इससे केवल पुलिस का एकाधिकार हो जाता है, मजिस्ट्रेसी मूक दर्शक बन जाती है। ऐसे में अपराध नियंत्रण कम कारगर रहता है।

राजधानी में तो पुलिस भी अपराध में लिप्त देखी गई है। इसी जनवरी (2024) में लखनऊ एटीएस में तैनात एक अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक महिला से बलात्कार व तत्परिणामी गर्भाधान और जबरिया गर्भपात कराने, धमकाने का आदि मामला प्रकाश में आया था। गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट तब दर्ज हुई, जब महिला योगी जी के पास खड़ी हो गई। सोचिए, यह पुलिस अपराध नियंत्रण कैसे करेगी? सपा के शासनकाल में पुलिस मंत्रियों की भैंसें ढूंढती थी, अब खुद अपराध करती है। उचित होगा कि मुख्यमंत्री पुलिस कमिश्नर प्रणाली समाप्त कर, कानून व्यवस्था पटरी पर लाने का प्रयास करें।

# बदल चुका है बड़े मंगल का स्वरूप



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है।

जेठ माह की चिलचिलाती धूप में हर मंगलवार को 'बड़े मंगल' के रूप में मनाया जाना लखनऊ की अनूठी धार्मिक सांस्कृतिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह उत्सव मुख्यतः मोहल्ला अलीगंज के डंडहिया बाजार स्थित एक प्राचीन मंदिर तथा दूसरे अपेक्षाकृत बाद में निर्मित हनुमानजी के मंदिरों की गाथा को समर्पित है।

जनश्रुति के अनुसार तत्कालीन नवाब मोहम्मद अली शाह की बेगम आलिया/राबिया की कहानी इन दोनों हनुमान मंदिरों से जुड़ी हुई है। संतान प्राप्ति के लिए तमाम प्रयास विफल होने पर शोकग्रस्त बेगम को स्वप्न में प्राचीन मंदिर वाले हनुमानजी ने दर्शन दिए। बेगम आलिया ने मंदिर जाकर हनुमानजी की पूजा अर्चना की और संतान प्राप्ति हेतु मनौती मानी। कालांतर में मुराद पूरी होने पर उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और श्रद्धापूर्वक मंदिर के कलश के लिए चंद्रमा की आकृति भेंट की, जो आज भी मंदिर के शीर्ष कलश पर फहरा रही पताकाओं के साथ विराजमान है।

कहते हैं उसी कालखंड में लखनऊ में एक महामारी भी फैली। बेगम आलिया ने लोगों की सेवा सुश्रुषा की व्यवस्था की और खाने-पीने के लिए मंदिर में भंडारा भी चलवाया। बाद में बेगम ने मंदिर के पुजारी से यह अनुरोध किया कि वे कैसरबाग स्थित अपने आवास के पास हनुमानजी को स्थापित करना चाहती हैं। इस प्राचीन हनुमान मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के अलावा हनुमानजी की अतिरिक्त प्रतिमाएं सदा से रही हैं। आज भी इस मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के साथ हनुमानजी की तीन विभिन्न आकार वाली छोटी-बड़ी प्रतिमाएं मौजूद हैं। बेगम की श्रद्धा-भक्ति से प्रभावित होकर पुजारी ने उन्हें गर्भगृह में स्थित एक प्रतिमा ले जाने की अनुमति दे दी। हाथी पर बैठाकर हनुमानजी की वह प्रतिमा कैसरबाग के लिए प्रस्थित हुई, परंतु थोड़ी दूर लगभग एक किलोमीटर चलकर हाथी एक स्थान पर बैठ गया और तमाम प्रयास के बावजूद आगे नहीं बढ़ा।

बेगम आलिया ने यह मानकर कि हनुमानजी यहीं स्थापित होना चाहते हैं, उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण कराकर हनुमानजी को स्थापित किया, जो आजकल इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण है। यह भी उल्लेखनीय है कि इन दोनों मंदिरों के शिखर के नीचे अब भारत माता की ट्राइकलर्ड मूर्ति भी शोभायमान है। पिछले लगभग बीस वर्षों में 'बड़ा मंगल' के इस पर्व का स्वरूप काफी कुछ बदल चुका है। प्रारंभ में गोमती नगर क्षेत्र से ध्वजा पताका लिए जयकारा लगाते, गीत गाती महिलाओं व पुरुषों के समूह सड़कों पर अलीगंज की ओर जाते आम तौर पर दिखाई पड़ते थे। कुछ भक्त अपनी मनौती के अनुसार चिलचिलाती धूप में नंगे पांव ही चलते थे। हर सड़क पर दो-चार ऐसे भी लोग दिख जाते थे, जो केवल लेट लेटकर मंदिर तक की कष्टप्रद यात्रा करते थे। मंदिर में उनके प्रवेश व दर्शन का अलग गलियारा होता था। रास्ते में कोई अनाम व्यक्ति प्याऊ का संचालन करता रहता था। उसी दौरान संभवतः 2004 के आसपास स्व. अखिलेश दास ने संगठित रूप से प्याऊ की व्यवस्था प्रारंभ की। इसके पश्चात साल दर साल पहले शर्बत, फिर बुंदिया, बाद में पूड़ी, सब्जी आदि इत्यादि सभी के पंडाल लगने लगे।

इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है। अब यह पर्व लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ प्रदेश के अन्य शहरों में भी लोकप्रिय हो रहा है। मंगलवार के साथ-साथ अब शहर में शनिवार को भी भंडारे के आयोजन बढ़ रहे हैं। भंडारा व प्रसाद ग्रहण करने वालों की संख्या तो बढ़ रही है, पर सड़क पर भक्तों की भीड़ नहीं दिखाई पड़ती है।

## सोशल फोरम

# कौन थे बनाफर



देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ लेखक

कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।

बुंदेलखंड में आल्हा गायन की परंपरा रही है। आदमी के पास जब खेती-किसानी में कुछ करने को नहीं रहता था तब चौपालों में आल्हा गायन होता था, लेकिन फुर्सत में मैं आल्हा नहीं क्रांति की दास्तान ही पढ़ता हूं। 25 मई को आल्हा का जन्मदिन था कि ऊदल का।

फेसबुक पर पढ़ रहा हूं कि आल्हा ऊदल के जन्मदिन पर बधाइयां। पता नहीं कि किसने उनके जन्म तिथि की खोज की। दोनों का जन्मदिन तो एक ही दिन नहीं हो सकता, क्योंकि आल्हा खंड में सब जगह आल्हा को बड़ा बतलाया गया है। इनको बनाफर कहा गया है। अब ये बनाफर क्या है? जब मैं जालौन के इतिहास पर काम कर रहा था तब बनाफरों के बारे में भी थोड़ा पढ़ने को मिला वह भी किसी ऐसे वैसे का लिखा नहीं। प्रसिद्ध इतिहासकार काशी प्रसाद जयसवाल की पुस्तक अंधकालीन युगीन भारत जिसका अनुवाद रामचंद्र वर्मा ने किया है। वे पेज 76-77 में लिखते हैं कि कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।

चंदेलों के समय में अपनी वीरता तथा युद्ध कौशल के कारण ये बहुत प्रसिद्ध थे, पर समाज में उस समय उनको जातिप्रथा में वह स्थान नहीं मिला जिसके ये अधिकारी थे। उरई के माहिल इनके खिलाफ ही रहे। कर्नल टॉड ने अपनी पुस्तक में क्षत्रियों की सूची में 36 कुल लिखे हैं, उसमें यादव, भट्टी, जरिया, जादौं और बनाफर को एक साथ लिखा है और क्षत्रियों में शुमार किया है। **-फेसबुक वॉल से**

# लीडरशिप से जुड़ीं बातें



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंतत: वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है। हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें।

यह मेरे बिजनेस के शुरुआती दिनों की बात है। वे दिन अब तक जो पढ़ा, सीखा उसकी आजमाइश के दिन थे। रोज पुराने विश्वास टूटते और नए सबक सीखे जाते। बतौर बिजनेसमैन जो काम मेरे जिम्मे थे, उनमें एक खास काम अपनी टीम को लीड करना था। इसलिए लीडरशिप से जुड़ी बातें मैं पढ़ता समझता और असल जिंदगी में उन्हें लागू करने की कोशिश करता। यह उन्हीं दिनों का एक किस्सा है।

मैंने देखा कि कुछ मजदूर मेरी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहे। मैं उनकी आंखों में मैं अपने लिए एक किस्म की अवज्ञा का भाव देखता था। मैं समझ नहीं पा रहा था कि विनम्र और दोस्ताना व्यवहार के बावजूद वह क्या है, जो उन्हें मुझे अपना नेता मानने से रोकता है। मेरे ऑफिस के पास ही एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी का ऑफिस था। अपने कर्मचारियों के साथ उनका व्यवहार मुझसे बिल्कुल उलट था। वे अपने ड्राइवरों और क्लीनरों की नियमित रूप से अनुष्ठान पूर्वक पिटाई करते थे। पच्चीस साल पहले के इस दौर में पुलिस कचहरी भी इसे मालिक नौकरों का निजी मामला मानकर इसमें टांग नहीं अड़ाते थे। वैसे भी वे बड़े आदमी थे, थाना, कचहरी, नेतागिरी, हर तरह से सक्षम। मेरा मैनेजमेंट ज्ञान कहता था कि वे एक बुरे एमप्लायर हैं और उनके यहां काम कर रहे लोग उन से असंतुष्ट होंगे, लेकिन अक्सर उनके ड्राइवरों की आपसी बातचीत के जो टुकड़े हवा मेरे कानों तक लाती थी, वह मेरे मैनेजमेंट ज्ञान को ताश के महल की तरह उड़ा ले जाते थे। मेरी समझ के उलट वे ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अपने स्टाफ के बीच बहुत लोकप्रिय थे, उनके कर्मचारी आपस में बात करते हमारा सेठ 'शेर' है। कल देखा नहीं फलां आदमी की उसने कैसे पिटाई की। ड्राइवरों का अपना एक समाज था। उस समाज में जिसका सेठ जितना शक्तिशाली और क्रूर हो उसकी उतनी ही इज्जत थी। अपने समाज में इज्जत पाना और एक शक्तिशाली मुखिया के कबीले का हिस्सा होना इतना बड़ा फायदा था कि इसके बदले में कभी-कभार की पिटाई और गाली गलौज बरदाश्त की जा सकती थी। ये तमाम ड्राइवर अपनी निजी जिंदगी में मजलूम थे। पावर लेस थे। एक शक्तिशाली बॉस उन्हें पावरफुल महसूस करवाता था। वे उससे प्रेम करते थे।

मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंततः वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है।

हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें। अपनी निजी जिंदगी में हम जितने कमजोर होंगे एक ताकतवर लीडर की चाहना उतनी अधिक होगी। हम सब कभी बच्चे थे। हमें हमारे पिता सुरक्षित महसूस करवाते थे। फिर उम्र बड़ी हो गई, पिताजी नहीं रहे, पर हमारे भीतर का वह डरा सहमा बच्चा बड़ा नहीं हुआ। हम अब भी एक ताकतवर पिता खोजते हैं, जो हमें सुरक्षित महसूस करवाए। चाहे वह ऑफिस का बॉस हो समाज का अध्यक्ष या देश का नेता।

# ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

मैंने अपने जीवन में ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा। न कहीं प्रचार, न कहीं कोई उत्सव। बस किराए पर लाई गई भीड़ से जनसभा और रोड शो जिसके पास जितना संसाधन, उसकी सभाओं में उतनी भीड़। किराए के इन टट्टुओं के चेहरे पर न तो मुस्कान दिखी न कोई उत्साह, बस एक चिंता रहती थी कि घर वापसी के लिए सवारी मिलेगी या अपने साधन से घर लौटना पड़ेगा अथवा सभा में भोजन और पेयजल मिलेगा भी या इस भीषण गर्मी में खाली पेट रहना पड़ेगा।

पहले के चुनावों में शहर, कस्बों के चौराहों पर चुनाव प्रचार वाले लाउडस्पीकर अनवरत बजते रहे थे, गांवों में रिक्शा, टेंपो, जीप पर बंधे लाउडस्पीकर दहाड़ते रहते और प्रत्याशी के नाम, दल, चुनाव चिन्ह की घोषणा करते रहते थे। चौराहों, चाय की दूकानों पर चुनाव चर्चा चलती रहती थी, जो कभी गाली-गलौज और मारपीट में परिवर्तित हो जाती थी। दीवारें विभिन्न चुनाव चिन्हों से रंगी रहती, होर्डिंग, कटाउट शान से खड़े दिखते थे, लेकिन इस बार यह सब गायब दिखा।

बड़े दलों के चुनाव चिन्ह से तो लोग परिचित हैं, लेकिन छोटे दल या निर्दलीय प्रत्याशी के तो चुनाव चिन्ह ही पता नहीं चल पाए। मतदान अब किसी सैद्धांतिक आधार पर नहीं होने वाला है। इसमें धर्म जाति, धन, शराब, अपराध का रोल बढ़ता जा रहा है। पहले सोचा गया था कि शिक्षा और जागरुकता बढ़ने से चुनाव में इनका दखल कम होगा, दुर्भाग्यवश ऐसा न हो सका। हर दल, क्षेत्र में जाति और धर्म के मतदाताओं की गणना कर तदनुसार टिकट बांट रहा है। सपा तो खुले आम पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) चिल्ला रही है। बसपा को दलित ही दिखता है, भाजपा भी अब पिछड़ों पर अधिक दांव लगा रही है। सवर्ण को कोई दल घास नहीं डाल रहा है, क्योंकि उसके पास मतदाता कम हैं। आप किसी क्षेत्र में चले जाएं, मतदाता की जाति का पता कर बता सकते हैं कि वह किसे मत देगा। जनसंख्या के आधार पर जब जातियों का मूल्यांकन हो रहा है तो फिर जनसंख्या नियंत्रण की बात करना बेमानी है। जिन जातियों ने जनसंख्या नियंत्रण में कुछ योगदान दिया है, वह अब पछता रहे होंगे।

4 जून को देश या उत्तर प्रदेश में किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, कहना मुश्किल है। उत्तर प्रदेश 8-10 सीटें छोड़ दें, शेष सभी सीटों पर कांटे की टक्कर स्पष्ट नजर आ रही है। चुनाव आयोग का सही मतदान प्रतिशत शीघ्र न बताना जनमानस में भ्रम पैदा कर रहा है। प्रजातंत्र में मतदाता का निर्णय सर्वोपरि है। देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

# कक्षा 6 की छात्रा के साथ 37 वर्ष के युवक का हुआ विवाह

## एसपी के निर्देश पर पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

बहराइच

**अमृत विचार।** मनोचा गांव निवासी 12 वर्षीय बालिका और उसकी मां को डरा धमकाकर एक वर्ष पूर्व 37 वर्ष के युवक के साथ विवाह करवा दिया गया। इसके बाद बालिका के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगे। चोरी से घर पहुंची बालिका ने पांच लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फखरपुर थाना क्षेत्र के मरौचा गांव निवासी 12 वर्षीय बालिका कक्षा 6 की छात्रा है। बालिका के फूफा कोतवाली नगर के वजीरगंज मोहल्ला निवासी खेलावन पुत्र टेढ़े हैं। पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर छात्र का कहना है कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। इसका नाजायज फायदा फूफा खेलावन उठा रहे हैं।

बालिका ने बताया कि फूफा ने मां को जान से मारने की धमकी देते हुए हुजूरपुर थाना क्षेत्र के सहसलमपुर गांव निवासी पंकज पुत्र जोखू के साथ उसका विवाह तय कर दिया। इसके बाद बाद मां को धमकी देकर विदाई भी करवा दी। लेकिन ससुराल सहसलमपुर में उसके पति उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगे। विरोध करने पर मां और बालिका को जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह बालिका वहां से चोरी छिपे अपने घर आ गई। इसके बाद थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

एसपी के निर्देश पर फखरपुर थाने की पुलिस ने पंकज, भाई विनोद, हनुमंत, पिता जोखू और फूफा खेलावन के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## लखीमपुर-गोला हाईवे पर आज रात से नहीं चलेंगे वाहन

**लखीमपुर खीरी:** पीलीभीत बस्ती हाईवे की गोला एवं फरधान रेलवे क्रासिंग पर सेतु का निर्माण होना है। इसके लिए 27 मई यानी आज रात से तीन जून तक हाईवे पर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इन सात दिन तक रोडवेज बसों से लेकर अन्य वाहनों का संचालन गोला और लखीमपुर के बीच सिक्रंद्राबाद होकर होगा। इससे रोडवेज बसों से सफर करने वाले मुसाफिरों को और जेढ़ ढ़ीली करनी होगी, क्योंकि गोला एवं लखीमपुर डिपो प्रशासन ने दस किलोमीटर के फेर को लेकर किराए में 17 रुपये की बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया है।

# गुटखा न देने पर बहनों के साथ छेड़छाड़, मारपीट

नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार।** मटेरा थाना क्षेत्र के बाजार निवासी एक महिला गुमटी में परचून की दुकान का संचालन करती है। 18 मई को महिला की गैर मौजूदगी में कुछ दबंग गुटखा लेने के लिए दुकान पर गए। यहां पर दुकान पर मौजूद सगी बहनों ने गुटखा न होने की बात कही तो दबंगों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। शिकायत की बात पर सभी ने जमकर पिटाई की। तहरीर के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

मटेरा थाना क्षेत्र के बाजार निवासी एक महिला घर के सामने परिवार का भरण पोषण करने के लिए गुमटी में परचून की दुकान का संचालन करती है। डीआईजी को भेजे गए शिकायती पत्र में महिला का कहना है कि 18 मई को वह बाजार सब्जी लेने के लिए चली गई। दुकान पर उसकी बेटियां मौजूद थीं। तभी रिंकू, टिंकू और पांच अज्ञात लोग उसकी दुकान पर आए। सभी ने बेटियों से सिगनेचर गुटखा की

▸▸ **मां ने डीआईजी को भेजा शिकायती पत्र, पुलिस पर दबंगों को शरण देने का आरोप**

मांग की। गुटखा न होने की बात कहते हुए आगे जाने की बात बहनों ने की। लेकिन सभी दूसरी दुकान पर जाने के बजाय सगी बहनों से अश्लील हरकतें करने लगे। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े। इस पर सभी चले गए। मां के आने पर बेटियों ने सारी घटना बताई। मां ने बेटियों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना का विरोध करते हुए शिकायत की बात कही। इस पर सभी ने घर में घुस कर मारपीट करने के साथ बेटियों से दोबारा छेड़छाड़ की। घटना के दिन ही थाने में तहरीर दी। लेकिन मटेरा पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर महिला ने डीआईजी को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग है। थानाध्यक्ष मटेरा परमानंद तिवारी ने बताया कि मारपीट हुई है। लेकिन मारपीट की रिपोर्ट दर्ज न करने के सवाल पर वह मामले को टाल गए।

## घुइसरनाथ धाम दर्शन करने आये युवक की स्नान करते समय नदी में डूबने से मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** बाइक से मां को लिवाकर बाबा घुइसरनाथ धाम आए युवक की सई नदी में डूबने से मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रायबरेली जनपद के करहिया बाजार निवासी 19 वर्षीय अमन शुक्ला पुत्र अविनाश शुक्ल रविवार दोपहर अपनी मां को बाइक से लिवाकर बाबा घुइसरनाथ धाम दर्शन करने आये थे। दर्शन - पूजन के पहले अमन सई नदी में स्नान करने चले गए।नहाते समय अमन गहरे पानी में चले गये,जिससे डूबने लगे। नदी में बेटे को डूबता देख यह मां चीखने लगी। आवाज सुनकर भाग कर आए लोग नदी में कूदकर युवक को बाहर निकाला। फोनकर एम्बुलेंस बुलाई गई।एंबुलेंस से सीएचसी सांगीपुर ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से मां बदहवास हो गई। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### जौनपुर अचीवर प्रतियोगिता में 404 बच्चों ने किया प्रतिभाग

**जौनपुर, अमृत विचार।** नगर के मियांपुर स्थित साइबर इंस्टिट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी परिसर में रविवार को जौनपुर एचीवर—2024 सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जहां विभिन्न विद्यालयों के लगभग 404 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता परीक्षा विभिन्न पालियों में आयोजित की गई। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के निदेशक राजीव पाठक ने बताया कि परीक्षा दो वर्गों में विभाजित की गई थी जिसमें कक्षा 9 से 12 तक जूनियर वर्ग तथा 12 से ऊपर के सभी छात्र—छात्राओं को सीनियर वर्ग में रखा गया। यह भी बताया कि अभी प्रथम चरण की परीक्षा आयोजित की हुई है जिसका परिणाम तथा द्वितीय चरण की परीक्षा व पुरस्कार वितरण नौ जून को संस्था के परिसर में ही आयोजित किया जाएगा। परीक्षा को सम्पन्न करवाने में मंगल चौहान, अनुज पटेल, करिश्मा गौड़, अंजली, दीपांजलि, वंदना, अश्वनी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### एक सप्ताह रोजाना 5 घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**संवाददाता, शाहगंज, जौनपुर।** भीषण गर्मी में जर्जर हो चुके विद्युत तारों के कारण आए दिन अपूर्ति ठप्प होने से निजात दिलाने के लिए विभाग द्वारा जर्जर तारों को बदलने के लिए काम शुरू किया है। इसके चलते क्षेत्र के कई इलाकों में सप्ताहभर विद्युत आपूर्ति बाधित होगी। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड शाहगंज विपिन कुमार ने बताया कि 132/33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र शाहगंज से निर्गत होने वाला टाउन-1 फीडर के 11 केवी का तार जर्जर हो गया है जिससे बार-बार टूट कर गिर जा रहा है। जर्जर तार को बदलने का कार्य 27 मई से आगामी 3 जून तक समय प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाना है। उन्होंने बताया कि इसके लिए डिहवा भादी, आजमगढ़ रोड, भादी खास, शाहपंजा, पुराना चौक, इराकियाना, खरौना, नोनहट्टा, नजीराबाद, मिल्लत नगर, अलीगंज, चूड़ी मार्केट, अहमद नगर, पक्का पोखरा के अलावा कुछ भाग पश्चिमी कौड़िया और पूर्वी कौड़िया की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपरोक्त कष्ट के लिए खेद जताते हुए उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील भी किया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से कार सवार पांच दर्शनार्थी जख्मी

**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार :** जिले के चील्ह थाना क्षेत्र के तिलठी गांव के पास रविवार की दोपहर बारह बजे ट्रैक्टर से आमने सामने टक्कर में कार सवार पांच दर्शनार्थी जख्मी हो गए। पुलिस ने घायलों को चील्ह पीएचसी में भर्ती कराया। विंध्याचल दर्शन कर कार सवार घर लौट रहे थे। प्रयागराज जनपद के हड़िया थाना क्षेत्र के खरगपुर निवासी जमुना प्रसाद शुक्ला परिवार सहित विंध्याचल दर्शन पूजन करने आए थे। दर्शन पूजन करने के बाद परिवार के लोग कार से वापस घर लौट रहे थे। चालक कार लेकर जैसे ही चील्ह के तिलठी गांव के पास पटेहरा मोड़ पर पहुंचा। तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर हो गई। ट्रैक्टर का अगला चक्का टूटकर अलग हो गया। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार 40 वर्षीय आशुतोष शुक्ला पुत्र जीत नारायण शुक्ला, 55 वर्षीय यमुना प्रसाद पुत्र चंद्रबली शुक्ल, 50 वर्षीय सतीश कुमारी पत्नी यमुना प्रसाद, 11 वर्षीय आयुष शुक्ला पुत्र जमुना प्रसाद, 22 वर्षीय साक्षी शुक्ला पुत्री यमुना प्रसाद जख्मी हो गए। घटनास्थल पर आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची चेतगंज चैकी की पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायल किसी निजी अस्पताल में चले गए। चेतगंज चैकी प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। जबकि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुट गई है।

### ससुराल में पिटाई से क्षुब्ध युवक ने खाया जहर

**संवाददाता, राजगढ़ (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** मायके गयी पत्नी की विदाई कराने आए युवक की ससुरालियों ने शनिवार की रात पिटाई कर दी। पिटाई से क्षुब्ध युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देख मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सोनभद्र के करमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की पत्नी राजगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव अपने मायके आई थी। युवक की मां ने बताया कि शनिवार की सुबह युवक अपने ससुराल पत्नी की विदाई कराने के लिए गया था। पत्नी की विदाई न करने को लेकर ससुराल पक्ष तथा युवक के बीच विवाद हो गया। ससुराल पक्ष के लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। युवक किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला जबकि अपनी बाइक वहीं छोड़ दिया। घर पहुंचकर युवक ने आपबीती सुनाई। कुछ देर बाद ससुराल पक्ष के लोगों की पिटाई से नाराज युवक ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर शनिवार की रात लगभग नौ बजे परिजन युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक के परिजन उसे लेकर इलाज कराने के लिए निजी अस्पताल चले गए।

### फर्जी मतदान के प्रयास में युवक को भेजा जेल

**संवाददाता, सुइथाकला, जौनपुर।** स्थानीय विकास खण्ड के शेखाही मतदान केंद्र पर शनिवार को सम्पन्न लोकसभा चुनाव में फर्जी मतदान करने के प्रयास में पकड़े गए युवक को पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कटघर निवासी रोहित यादव पड़ोसी गांव करीमपुर बिन्द अंतर्गत शेखाही मतदान केन्द्र पर कथित तौर पर शनिवार शाम फर्जी मतदान करने का प्रयास कर रहा था। मतदान केंद्र पर तैनात भाजपा एजेंटों ने देखा कि उक्त युवक इस गांव का निवासी नहीं है तो उसे पकड़कर पुलिस क्या सौंप दिया। मामले में स्थानीय एक ब्यक्ति द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171डी, 504, 506 के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को चालान न्यायालय भेज दिया।

### उमस भरी गर्मी से लोग परेशान

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** नौतपा का असर अब पूर्वांचल में दिखने लगा है। गर्मी एवं धूप से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। सूर्यदेव के तपन से लोग पसीने से लबालब हो रहे हैं। नौतपा के पहले दिन यानी 25 मई शनिवार को दिन के साथ रात भी गर्म रही। दिन में हवा न चलने से अधिकतम तापमान बढ़कर 44 .3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान 29 .5 रिकॉर्ड किया गया। दूसरे दिन रविवार को भी सुबह से ही तेज धूप निकल गयी जिससे गर्मी से लोग परेशान दिखे और घरों में छिपने को मजबूर रहे। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2 जून तक इसी तरह का मौसम रहने के आसार हैं। इस सप्ताह के शुरुआत हवा में नमी के साथ ही बूंदाबांदी से हुई। दिन के साथ रात में भी लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की लेकिन अचानक मौसम बदल गया है। दो दिन से तेज धूप हो रही है और उमस भी अन्य दिनों की तुलना में बढ़ गयी है। इस बीच शनिवार से नौतपा की भी शुरुआत हो गई। जानकारों के अनुसार नौतपा में नौ दिन तक सूरज की रोशनी सीधे पृथ्वी पर पड़ने से तापमान में बढ़ोतरी रहेगी। पहले दिन के साथ रात भी गर्म रही। एसी चलाने के बाद भी लोगों को राहत नहीं मिली। वहीं पंखा भी गर्म हवा दे रहा था। शनिवार का अधिकतम तापमान सामान्य से 2 .3 डिग्री अधिक रहा। कुल मिलाकर सावधानी बरतने की जरूरत है, अन्यथा जीवन के लिए बड़ा खतरा संभव है। हीटवेव के शिकार हो सकते हैं।

# मैजिक की टक्कर से किशोर की मौत

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** मैजिक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार किशोर की मौत हो गई,जबकि किशोरी घायल हो गई। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। काफी मशक्कत के बाद जाम हटाया गया।

लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अचकवापुर निवासी हरिलाल यादव पुत्र द्वारिका यादव अपने 12 वर्षीय बेटे आदित्य यादव और बेटी 16 वर्षीय अंजली यादव को बाइक से लेकर अरुहारी गांव रिस्तेदारी जा रहे थे। जैसे ही वह महेशगंज थाना क्षेत्र के अरुहारी श्रीपुर के ईंट भट्ठे के पास पहुंचे तभी हरनाहर की तरफ से आ रही अनियंत्रित मैजिक ने सड़क किनारे खड़े बच्चों समेत बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही

▸▸ **किशोरी घायल, आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने जाम किया जलेशरगंज-हीरागंज मार्ग**

आदित्य सड़क पर गिर गया मैजिक उसे रौंदते हुए चली गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ कर पहुंचे।बाइक सवार तीनों घायलों को इलाज के लिए ले जाने का प्रयास किया,एम्बुलेंस आने से पहले ही आदित्य यादव की मौके पर ही मौत हो गई। आस पास के लोगों ने घायल अंजली यादव को इलाज के लिए भेजा। आदित्य की मौत की सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजन व आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक महेशगंज श्रवण कुमार सिंह, थानाध्यक्ष जेठवारा धर्मेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पिकअप की टक्कर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि पीछे बैठे वृद्ध को भी चोटें आई। युवक की मौत की खबर पर परिजन बिलखने लगे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रानीगंज के राजापुर में लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर रविवार शाम करीब 5.30 बजे अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक चला रहे 35 वर्षीय मनोज प्रजापति पुत्र हीरालाल निवासी रस्तीपुर की मौत हो गई। पीछे बैठे 60 वर्षीय जंगीलाल बनवासी गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों लोगों को ट्रामा सेंटर रानीगंज ले आई। यहां डाक्टर ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। घायल जंगीलाल को इलाज के लिए राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया। युवक की मौत से परिजन बिलखते रहे।

# शराबी पिता ने बेटी से की अश्लील हरकत, बेटी मानने से किया इनकार

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** शहर में रिश्तों को तार तार कर देने वाला एक मामला संज्ञान में आया है। जहां एक शराबी पिता ने अपनी नौ साल की बेटी को अपना खून मानने से इनकार कर दिया। साथ ही बेटी के साथ अश्लीलता की। जिसके बाद पत्नी ने पति के खिलाफ शिवकुटी थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

महिला का आरोप है कि उसका पति शराब के नशे में अपनी नौ साल की बेटी के साथ अश्लील हरकतें कर रहा था। जब पत्नी ने विरोध किया तो उसके पति ने उसे जमकर मारा पीटा। महिला के मुताबिक वह रोज शराब पीकर इस तरह की हरकते करता है। वह अपनी बच्ची को बेटी नहीं मानता। इसके बाद महिला ने डीएनए टेस्ट कराने की बात कही, जिसके बाद भी वह बेटी को अपनाने

▸▸ **विरोध करने पर पत्नी को पीटा, महिला ने शिवकुटी थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया**

को तैयार नहीं हुआ। महिला ने शिवकुटी थाने पहुंचकर पति के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। वही पति घर से फरार हो गया है। मामले की जांच पुलिस कर रही है। प्रतापगढ़ के बाघयराय थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला की शादी 2010 में शहर के शिवकुटी थाना क्षेत्र के तेलियरगंज इलाके में एक व्यक्ति से हुई थी। महिला के मुताबिक उसका पति रोज शराब के नशे में मारपीट करता है। घर में रखे गहने और घर का पूरा सामान बेच दिया। महिला के मुताबिक 19 मई की रात शराब के नशे में उसने अपनी नौ साल की बेटी को मारापीटा और जबरजस्ती करते हुए उस्के साथ अश्लील हरकतें की। जब विरोध किया भी वह पत्नी को जमकर मारापीटा। पीड़ित महिला अपने तीनों बच्चों को लेकर घर से किसी तरह से पहुंच मायके पहुंच गयी। मायके वालो ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घर पहुंच आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ 151 की धारा में कार्रवाई कर दी। जिसके बाद महिला ने पुलिस अधिकारियों से मिलकर पूरी घटना को बताते हुए शिकायती की। जिसके बाद पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति के साथ नंदोई के खिलाफ मारपीट करने, छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। मामले में महिला के अधिवक्ता सत्य प्रकाश पांडेय ने बताया कि आरोपी पति को प्राइवेट नौकरी दिलाई गई। वह सारे रुपये शराब पर खर्च कर देता है। उसे ई-रिक्शा चलवाने को दिलाया गया। वह भी बेच दिया। अब वह अपनी पत्नी पर शक करते हुए अपनी बेटी को नहीं अपना रहा है।

## पीठासीन अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत

**संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार :** मतदान ड्यूटी से वापस लौट रहे पीठासीन अधिकारी की देर रात हार्ट अटैक से मौत हो गयी। घटना के बाद वह झूंसी में सड़क के किनारे पड़े मिले। जानकारी होने पर पुलिस मौके ।ओर पहुंची और मृतक के परिजनों जो सूचना कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सज्जन कुमार पुत्र महादेव 58 वर्ष निवासी चपरो खीरी के थे। वह उच्च प्राथमिक विद्यालय ओबरी कोरांव प्रयागराज में सहायक अध्यापक थे। उनकी ड्यूटी लोकसभा चुनाव में पीठासीन अधिकारी के तौर पर 391 संत रविदास प्राथमिक विद्यालय सोहबतियाबाग कमरा नंबर तीन में मतदान स्थल पर लगाई गयी लगी थी। शनिवार को चुनाव सम्पन्न कराने के बाद वह ईवीएम मशीन मुंडेरा मंडी में जमा कर वापस घर लौट रहे थे। रात करीब दो बजे झूंसी के गोविंद बल्लभ पंत स्कूल के पास वह बेहोश होकर गिर पड़े। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से एसआरएन अस्पताल भेजा।जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों को बांटी दैनिक उपयोग की वस्तुएं

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजय सिंह, सचिव संतोष कुमार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार गौतम के निर्देशन में चीफ डिफेन्स काउन्सिल विकास गुप्ता एवं उनके विधिक टीम तथा उच्च न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता महिमा मौर्या एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश कुशवाहा द्वारा जिला कारागार प्रयागराज का निरीक्षण किया गया।



बंदियों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं देते विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव।

इस अवसर पर प्रभारी अधीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उप कारापाल अरविन्द कुमार सिन्हा, उप कारापाल सौरभ सिंह यादव एवं रोटरी क्लब के अध्यक्ष ईशान अग्रवाल, सचिव सुयश गुप्ता मौजूद रहे। इस दौरान सामग्री वितरण कार्यकम के अन्तर्गत सर्व प्रथम कारागार के पाकशाला में प्रथम पाली के भोजन का निरीक्षण किया गया तथा तत्पश्चात नव वयस्क बंदियों, गरीब असहाय निर्धन एवं अन्य लगभग 100 बंदियों उनके जरूरत के अनुसार लोअर, टी-शर्ट, चप्पल एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएँ वितरित की गयी। कारागार में बनाये जा रहे सायंकालीन भोजन का भी निरीक्षण किया गया। कारागार में भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं बंदियों के कल्याण को चलाये जा रहे शिक्षा एवं विधिक कार्यक्रमों की सराहना की गयी। प्रभारी जेल अधीक्षक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# प्रयागराज में गर्मी से लोग बेहाल, पारा 45 डिग्री पार

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** जिले में रविवार को भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। सुबह से ही तेज धूप देखकर दोपहर महसूस कर रहा है। गर्मी के कारण लगातार तापमान बढ़ता रहा सुबह 10:00 बजे के बाद 45 डिग्री सेल्सियस पार कर रहा है।

तेज रही धूप में निकलने से पहले लोग सोच रहे हैं। रविवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच सकता है। इस भीषण गेमी और हीट वेव की चपेट में कोई भी आ सकता है। डॉक्टरों की सलाह है कि धूप में ना निकले। बहुत जरूरी हो तभी घर से निकले। शरीर को पूरी तरह से ढककर निकले। पानी का सेवन ज्यादा करें, ओआरएस, नींबू पानी का सेवन ज्यादा करें, ताकि शरीर में पानी की कमी ना हो सके।

▸▸ **हीट वेव से बीमार पड़ रहे लोग**

### हीट वेव की चपेट में आ रहे लोग

तेज धूप में निकलने वाले लोग हीट वेव की चपेट में आ रहे है। जिसमें पेट दर्द, शरीर में दर्द और बुखार की समस्या ज्यादा आ रही है। ऐसे में लोग अस्पतालों का चक्कर लगा रहे है।

### रेलवे स्टेशन पर पसरा रहा सन्नाटा

भीषण गर्मी को लेकर प्रयागराज की जनता काफी परेशान है। रविवार का दिन काफी गर्म रहा। शहर से बाहर जाने वाले यात्री भीरेलवे स्टेशनों पर नदारत दिखे। बस स्टॉप हो जा रेलवे स्टेशन हर जगह सन्नाटा पसरा रहा। गर्म के चलते बाहर निकलने से घबरा रहे है।

# पुलिस अभिरक्षा में जमा कराई गई हैं ईवीएम: सहायक निर्वाचन अधिकारी

संवाददाता, जौनपुर।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र मांदड़ के निर्देश के क्रम में सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. ज्ञान प्रकाश ने बताया कि 25 मई को मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न होने के पश्चात अप्रयुक्त ईवीएम रिजर्व मशीन को आवंटित वाहन से जिला मुख्यालय स्थित वेयर हाउस पहुंचाया जा रहा था।

इसी क्रम में प्रभारी अधिकारी तहसीलदार मछलीशहर पूर्व निर्धारित स्थल 368-मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा मुख्यालय विकास खंड कार्यालय मुंगरा बादशाहपुर से जिला मुख्यालय स्थित वेयर हाउस के लिए आवंटित वाहन से जमा करने हेतु प्रस्थान किया गया। तहसीलदार मछलीशहर अजीत कुमार अपने हमराही के

▸▸ **25 मई को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई थी मतदान प्रक्रिया**

साथ रिजर्व ईवीएम को जमा करने हेतु शासकीय वाहन से निर्धारित रूट से जिला निर्वाचन वेयरहाउस के लिए रवाना हुए। जब अजीत कुमार विश्वविद्यालय वाली रोड पर पहुंचे तो वहां जाम लगा हुआ था। विश्वविद्यालय पर संकलन केंद्र होने के कारण सभी विधानसभा के पोलिंग पार्टियों की गाड़ी आ जाने से जाम की स्थिति बन गई थीं। इसी दौरान अचानक काफी संख्या में लोगों ने स्टीकर वाली ईवीएम गाड़ी को घेर लिया। अजीत कुमार द्वारा उच्च अधिकारियों को प्रकरण से अवगत कराने पर उक्त वाहन को सबसे पहले सुरक्षित स्थल विश्वविद्यालय गेट के अंदर खड़ा कराया गया। इसी दौरान सपा के प्रत्याशी एवं एजेंट मौके पर पहुंच गये। जिलाधिकारी ने समझाते हुये बताया कि वाहन में रिजर्व ईवीएम रखे गए हैं जो 368-मुंगराबादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र को रिजर्व के रूप में आवंटित की गई थी। मॉकपोल अथवा वास्तविक मतदान के दौरान ईवीएम खराब होने की स्थिति में इन्हीं रिजर्व ईवीएम से उसको रिप्लेस किया जाता है। उनके संदेह के निवारण हेतु मौके पर कुछ रिजर्व ईवीएम का सूची से मिलान कराया गया जिससे संतुष्ट होने पर प्रकरण का पटाक्षेप हो गया। समाजवादी पार्टी प्रत्याशी एवं विधायक को भी उक्त तथ्य से अवगत करा दिया गया है। इसके पश्चात जिला प्रशासन द्वारा ससमय प्रत्याशी एवं उनके एजेंट से बात करने पर शांतिपूर्ण ढंग से निराकरण कराकर ईवीएम को जिला मुख्यालय स्थित वेयरहाउस में पुलिस प्रशासन की अभिरक्षा में ले जाकर सकुशल जमा कर दिया गया है।

# राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में आज से होगा सीटी स्कैन

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** मेडिकल कालेज से सम्बद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में सीटी स्कैन सोमवार से शुरू हो जाएगा। जब तक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाता तब तक यह निःशुल्क होगा। अभी तक सीटी स्कैन की सुविधा अस्पताल में न होने से मरीजों को बाहर अधिक पैसे खर्च कर कराना पड़ता था।

मेडिकल कालेज प्रशासन ने करीब डेढ़ करोड़ की लागत से इस्राइल से अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन मंगाई है। इसकी क्षमता 128 स्लाइस की है। इससे बारीक से बारीक जांच हो सकेगी। मेडिकल कालेज से सम्बद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में स्थापित की गई सीटी स्कैन मशीन को इंस्टाल करने के लिए लखनऊ के इंजीनियर को बुलाया गया था। इंजीनियर ने

**सहूलियत**

▸▸ **शुल्क निर्धारित न होने तक निःशुल्क होगा सीटी स्कैन**

फरवरी माह में ही मशीन इंस्टाल कर दिया था। अब लाइसेंस मिल गया है। सोमवार से सीटी स्कैन होने लगेगा। सीएमएस डा. सौभाग्य प्रकाश ने बताया कि लाइसेंस मिल गया है। सोमवार से सीटी स्कैन होने लगेगा। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा.सलिल श्रीवास्तव ने बताया कि सीटी स्कैन मशीन राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में इंस्टाल करने के लिए लखनऊ से इंजीनियर बुलाए गए थे। इसके बाद लाइसेंस के लिए आवेदन किया गया था। अब लाइसेंस मिल गया है। सोमवार से मरीजों को इसकी सुविधा मिलने लगेगी। जब तक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाता तब तक यह निःशुल्क किया जाएगा।

# युवाओं को रोबोटिक्स, ई-वाहन तकनीक का मिलेगा प्रशिक्षण

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में अब युवाओं को रोबोटिक्स और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए संस्थान में आधुनिक कार्यशाला तैयार की जा रही है। नए शैक्षिक सत्र से रोबोटिक्स, एडवांस ऑटोमोबाइल, थ्रीडी प्रिंटिंग,इलेक्ट्रिक व्हीकल कोर्स का संचालन होगा।

कटरा रोड पर स्थित राजकीय आईटीआई में नई तकनीक पर कोर्सों का संचालन टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड व व्यावसायिक शिक्षा और

**कोर्स की अवधि और सीट**

| कोर्स | अवधि | सीट |
|---|---|---|
| रोबोटिक्स | एक वर्ष | 30 |
| थ्रीडी प्रिंटिंग | एक वर्ष | 30 |
| इले.व्हीकल | दो वर्ष | 30 |
| ऑटोमोबाइल | दो वर्ष | 30 |

कौशल विकास विभाग संयुक्त रूप से करने जा रहा है। इसके तहत युवाओं को आधुनिक दौर में जरूरत वाले संसाधनों के लिए तैयार किया जाएगा। इन नए कोर्स के शुरू होने से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। कोर्स में प्रवेश लेने वाले युवाओं का प्रशिक्षण के बाद परिसर से ही कैरियर प्लेसमेंट कराया जाएगा। यह कोर्स शार्ट टर्म व लांग टर्म के रहेंगे। संस्थान में इन कोर्सों के प्रशिक्षण के लिए प्रयोगशाला को तैयार किया जा रहा है। मशीन स्थापित की जा रही है। नए शैक्षिक सत्र में युवाओं को इन कोर्स के लिए प्रवेश मिल सकेगा। इस सम्बन्ध में आईटीआई प्रधानाचार्य बीबी सिंह ने बताया कि नए कोर्स के लिए जल्द ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। इस समय मांग के अनुसार यहां युवाओं को प्रशिक्षण दिए जाने के लिए कोर्स शुरू किए गए हैं। आधुनिक प्रयोगशाला तैयार की जा रही है।

## श्री सालासर बालाजी का हुआ संगीतमय सुन्दर काण्ड

**जौनपुर।** श्री श्याम भक्त मण्डल द्वारा श्री सालासर बालाजी का संगीतमय सुन्दर काण्ड का आयोजन लक्ष्मी नारायण मन्दिर सुतहट्टी चौराहा, गल्ला मण्डी में हुआ। इस मौके पर सालासर बालाजी का भव्य दरबार एवं भजनों की गंगा को सभी भक्तों ने प्रवाहित किया। उक्त कार्यक्रम में मोहित शर्मा, मनोज हरलालका, सोनू हरलालका, रजनीश, अनूप अग्रवाल, विशाल बरनवाल, विमल अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, सुरेंद्र कानोड़िआ, अनिल भावसिंहका आदि शामिल हुये। श्याम भक्त मण्डल हर वर्ष भजन कीर्तन धूमधाम से इसी मन्दिर में मनाता है।

## एक नजर

### तीन दंपति एक साथ रहने के लिए हुए राजी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर परामर्शदाताओं ने बिछुडे. जोड़ों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। 3 जोड़े को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने के लिए राजी किया किया। इस दौरान गंगाधर शुक्ला, संतोष ओझा, शशि भारती, राजमंगल मौर्या, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव, शाहिना बानो, ज्योति राजभर रहीं।

### कृषि इकाई पर पहुंचा धान और उड़द का बीज

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक मुख्यालय पर स्थापित राजकीय कृषि बीज भंडार पर धान व उड़द का बीज उपलब्ध हो गया है। गोदाम प्रभारी नीरज ने बताया कि इन बीजों का वितरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किसानों को वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन बीजों के मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान की धनराशि मौके पर ही भुगतान होगी।

### तीन माह से प्रिंट नहीं हो पा रही पासबुक

**बेलसर, अमृत विचार :** रगड़गंज कस्बे में स्थित इंडियन बैंक में बीते तीन माह से पास बुक नहीं किया जा रहा है, जिससे ग्राहकों को अपने खाते में लेनदेन की जानकारी नहीं मिल पा रही है। बेलसर के रगड़गंज कस्बे में संचालित इंडियन बैंक में बीते तीन माह से पास बुक प्रिंट नहीं किया जा रहा है जिससे बैंक में जमा निकासी का विवरण पता नहीं चल पा रहा है। शिक्षक कृष्ण नारायण तिवारी ने बताया कि बीते तीन माह से बैंक का चक्कर काट रहे हैं लेकिन पास बुक प्रिंट नहीं हो रहा है। बताया जब भी बैंक आते हैं अगले दिन आने के लिए कहा जाता है। प्रिंटर अब तक नहीं बन सका है।

# सावधान! 6.5 मीटर तक पहुंच गया भूगर्भ जलस्तर

## सूर्य की तपिश से सिमट रहा भू-जलस्तर, सूखने लगे जलस्रोत



सूखा तालाब। अमृत विचार

**अरुण कुमार मिश्र, गोंडा**

**अमृत विचार:** नदी, पोखरे व अन्य जल स्रोत सूख गए हैं। पिछले तीन माह से बारिश न होने तथा भीषण गरमी के साथ बढ़ते तापमान ने जलस्तर को गिराना शुरू कर दिया है। कुछ क्षेत्रों में जलस्तर तो सामान्य है लेकिन कुछ क्षेत्रों में 6 मीटर से अधिक पहुंच गया है। यह खतरे की घंटी है और सात मीटर से अधिक जाने पर जल संकट उत्पन्न हो सकता है।

ऊपर से सूर्य की तपिश और नीचे से खिसकता भूगर्भ जल संकट के दिन ला सकते हैं। सामान्य तौर पर गोंडा जिले में तीन से चार मीटर ही पानी का स्तर माना जाता है। लेकिन पिछले छह माह में ठीक से बारिश न होने के कारण भूगर्भ जलस्तर दो मीटर नीचे खिसक गया है।

मौजूदा समय शहरी क्षेत्र में छह मीटर के करीब जलस्तर पहुंच गया है। तेजी से गिर रहे जलस्तर को बढ़ाने के लिए वाटर रिचार्ज की नौबत न आए तो बेहतर होगा लेकिन जिस तरह से भूगर्भ जल का दोहन हो रहा है उससे स्थिति और भी गंभीर होने वाली है। जिले की जीवनदायिनी टेढ़ी, मनोरमा, बिसुही सहित अन्य छोटी नदियों में पानी सूख गया है। कहीं कहीं पानी तो दिख रहा है लेकिन प्रवाह पूरी तरह से ठप हो गया है। जिले के करीब पांच हजार तालाबों में पानी नहीं बचा है। कुछ तालाब हैं जिसमें पानी तो है लेकिन अधिकांश तालाब व पोखरे में पानी सूख गए हैं। जिले भर में बनाए गए 1400 अमृत सरोवर में तो पानी बिलकुल नहीं है। पंडरी कृपाल, इटियाथोक में छह मीटर से नीचे पानी जा चुका है। सात मीटर तक खिसकने पर ग्रे जोन में आ जाएगा। ऐसी स्थिति न उत्पन्न हो उसके लिए जल का प्रयोग लोगों को सोच समझ कर करना होगा।

### बिना लाइसेंस व एनओसी चल रहे 200 आरओ प्लांट

जिले में पानी दोहन के लिए जगह-जगह बने आरओ प्लांट बिना किसी इजाजत के चल रहे हैं। एक भी आरओ प्लांट को लाइसेंस निर्गत नहीं है। कोई आरओ प्लांट लगाने के लिए भूगर्भ विभाग से एनओसी लेनी होती है लेकिन यहां एक भी आरओ प्लांट संचालक ने एनओसी नहीं ली है। केवल दो पैकेज इंडस्ट्री के लिए एनओसी ली गई है जिसमें एक का संचालन शुरू हो गया है लेकिन एक अभी चालू नहीं हो पाया है।

### वाहनों की धुलाई में रोज होता है हजारों लीटर पानी का दोहन

जिले में हर एक किलोमीटर पर वाहनों को धुलने के लिए धंधा चल रहा है। प्रतिदिन 50 रुपए से लेकर 200 रुपए तक कमाई करने वाले बिना रोकटोक के वाहनों की सड़क किनारे धुलाई करते हैं। पानी जो बेकार जाता है उसे पुन: रिचार्ज करने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

### शहर के जलस्रोतों पर हो रहा कब्जा

गोंडा शहर में दो दर्जन से अधिक तालाब खाते में दर्ज हैं इसमें अभी एक दर्जन तालाब तो अस्तित्व में हैं लेकिन करीब एक दर्जन तालाबों पर अतिक्रमण हो चुका है। शहर में करीब तीन लाख की आबादी शहरी है और जल संरक्षण के लिए बने तालाबों पर मकान बन गए हैं। कई तालाबों का दायरा भी सिकुड़ गया है। इसके अलावा जल संरक्षण के बड़े स्रोत के रूप में कुएं खत्म हो गए हैं। घरों में बारिश के पानी से वाटर रिचार्ज की व्यवस्था न के बराबर है। बारिश का पानी सीधे तालाबों व नदियों में चला जाता है। इसलिए रिचार्ज न होने की दशा में जल स्तर का गिरना स्वाभाविक है।

> पानी की बचत करनी चाहिए। घर से लेकर व्यवसाय करने वाले लोगों को पानी दोहन के साथ उसके रिचार्ज की व्यवस्था करनी चाहिए। जिले भर में चल रहे आरओ प्लांट अवैध है। सभी को कई बार नोटिस दी गई है। फिलहाल वाटर लेवल ठीक है लेकिन पानी दोहन इसी तरह से होता रहेगा तो दिक्कत हो सकती है।
>
> -अजीत कनौजिया, सीनियर हाइड्रोलॉजिस्ट

## पेयजल व्यवस्था करने की मांग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** फल व सब्जी मंडी में पीने की पानी की व्यवस्था नहीं है। गर्मी प्रचंड रूप में पड़ रही है। पानी टंकी से सप्लाई न होने से किसानों व्यापारियों को समस्या हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि प्रत्येक माह हम लोग टैक्स देते हैं लेकिन मंडी प्रशासन की ओर से कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है। काफी समय से पानी की टंकी से पानी नहीं आ पा रहा है। मंडी प्रशासन से कई बार पानी की व्यवस्था करने की मांग की गई । लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। पीने के पानी की समस्या को देखते हुए कुछ व्यापारियों ने व्यक्तिगत रूप से नल भी लगवा लिया है। हामिद, फिरोज आदि ने पेयजल व्यवस्था की मांग की है।



प्रमाण पत्र के साथ महिला सदस्य। अमृत विचार

## नमो-नमो फाउंडेशन ने प्रमाण पत्र देकर दिलाई सदस्यता

**संवाददाता, करनैलगंज, अमृत विचार :** रविवार को नमो नमो क्रांति फाउंडेशन ने करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम सभा खरथरी में सदस्यता अभियान चलाया। फाउंडेशन की जिला उपाध्यक्ष दयावती सिंह ने ग्रामीण महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सदस्यता दिलाई। दयावती सिंह ने बताया कि जिले में संगठन धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। हमारा लक्ष्य 1000 महिलाओं को संगठन में जोड़ने का है उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में भी सभी को बताया था हर योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। बहुत जल्द गांव-गांव में चौपाल लगाया जाएगा संगठन के द्वारा जिससे सभी को योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसका पूरा लाभ ग्रामीण तक नहीं पहुंच पाता उसको पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर ज्ञानवती सिंह, करिश्मा सिंह , रूबी पांडे नंदनी सिंह, साधना सिंह, मंजू सिंह खुशबू सिंह, मोना सिंह आदि महिलाएं रहीं।

# विलुप्त हो रहीं लोक कलाएं, इन्हें बचाएं

## बेलसर में 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन संस्कार गीतों की कार्यशाला शुरू

**संवाददाता, बेलसर**

**अमृत विचारः** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ संस्कृत विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से ग्रीष्मकालीन संस्कार गीतों की प्रस्तुति परक 15 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत बेलसर के अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र प्रताप सिंह रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शैलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोनू सिंह ने कहा कि संस्कार गीत, मानव जीवन की यर्थाथ एवं नैसर्गिक अभिव्यक्ति का एक सशक्त साधन हैं। लोक-जीवन की सम्पूर्ण अभिव्यक्ति करना संस्कारों का मुख्य उद्देश्य हैं। संस्कार गीतों में साधारण ग्रामीण जीवन के पहलुओं की सहज एवं सरल व्याख्या मिलती है। इन गीतों के माध्यम से किसी क्षेत्र के रीति-रिवाज एवं परम्पराओं को जाना जा सकता है परंतु आज आधुनिकता के दौर में में लोक कलाएं विलुप्त हो रही हैं आज उन्हें बचाने की आवश्यकता है। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक शिवपूजन शुक्ला ने बताया कि इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को सोहर, अन्नप्राशन, मुंडन संस्कार, जेवनार गीत, विवाह गीत, मेला गीत, ऋतु गीत आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत रिया सिंह एवं रिया मोदनवाल ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक कुमार ने किया।

इस अवसर पर रामेश्वर प्रताप सिंह, मोहम्मद यूनुस, कुंवर भगवती सिंह, पवन कुमार सिंह,अमित वर्मा, योगेंद्र कुमार तिवारी, राजेश वर्मा, अरुण कुमार, राकेश आर्य, रुचि शर्मा आदि उपस्थित रहे।



संस्कारशाला गीत कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

# 5 विधान सभा सीटों वाले संसदीय क्षेत्र में जातीय समीकरण रहा भारी

## धरी रह गई बड़े नेताओं की जनसभा, गिर गया भाजपा का मतदान प्रतिशत

**मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** भारत को प्रधानमंत्री देने वाली इस इलाहाबाद संसदीय सीट पर हुआ चुनाव काफी दिलचस्प रहा है। इस लोकसभा चुनाव में मतदाता विकास, राष्ट्रवाद, कानून-व्यवस्था के मुद्दों को मत किया गया। इस चुनाव में जातिवाद ने कड़ी टक्कर दी है।

लोकसभा चुनाव के छठवें चरण का मतदान शनिवार 25 मई को संपन्न हो गया है। पांच विधानसभा सीटों वाले इस संसदीय क्षेत्र में इस बार विकास और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर जातीय समीकरण भारी रहा है। वहीं, लोकसभा चुनाव के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में मतदाताओं में वोटिंग के प्रति कम रुचि दिखाई देना बीजेपी के लिए खतरे का सबब बन सकता है।

बता देंकि चुनाव आयोग के मुताबिक पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट में कुल 53.4 प्रतिशत वोटिंग हुई थी,जबकि इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में 51.75 फीसदी ही मतदान हुआ है। इस बार के आंकड़े ने पिछली बार की तुलना में 1.95 प्रतिशत काफी कम है।

इलाहाबाद सीट प्रदेश की सबसे हॉट सीट मानी जा रही है। जहां दो नेताओं में एक दिवंगत केसरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी तो दूसरे कुँवर रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्ज्वल रमण सिंह के बींच कड़ा मुकाबला रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी वोटिंग पिछले चुनाव के मुकाबले कम मतदान हुआ। वोटिंग में आई इस कमी को कुछ चुनावी महारथी बीजेपी के लिए बेहतर नहीं समझ रहे हैं। पिछले चुनाव के मतदान प्रतिशत की बात करें तो जब-जब मतदान का प्रतिशत कम रहा है, तब बीजेपी के लिए खतरे की घंटी बजी है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इस बार हाट इलाहाबाद संसदीय सीट पर बीजेपी की मजबूती कम दिखी। पोलिंग बूथ 51 मतदाताओं का घर से न निकलना क्या संदेश दे रहा है। 2014 और 2019 के वोटिंग प्रतिशत की तुलना 2024 के चुनाव से करें तो 2019 में इस सीट पर लगभग दो हजार कम मतदान हुआ था। फिर भी भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी ने विजय हासिल करते हुए परचम लहराया था। प्रयागराज में प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अमित शाह की लगातार रैली के बावजूद यह कयास लगाया गया था कि इस बार चुनाव का प्रतिशत 60 के ऊपर होगा। इस चुनाव में कम मतदान कम हुआ। पिछले चुनावों से तुलना में इस बार लोगो में उत्साह कम देखने को मिला है। चुनावी विश्लेषक भी इस बार मतदान का प्रतिशत कम होने की वजह का कई कारण बता रहे हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि मतदाता बीते दो चुनाव के लहर जैसे ही इस बार भी बीजेपी की ही जीत को मान रहे थे। इस वजह से वो मतदान में उत्साह कम रहा। इसके साथ ही इस बार मतदाता धर्म के आधार पर भी वोट डालने को तैयार नही हुआ। विश्लेषक यह मान रहे हैं कि इस बार भी चुनावों में बीजेपी की इलाहाबाद सीट पर जीत आसान नही है।

### बूथों पर बिखरते रहे मतदाता

महंगाई, बेरोजगारी थे साथ जातीय समीकरण को लेकर इस बार जहां बूथों पर मतदाता बिखर गये। भाजपा के चुनिंदा मतदाताओं के बिखरने से भाजपा के माथे पे चिंता की लकीरें दिखाई दे रही है। मोदी के नाम पर इलाहाबाद में भाजपा पास होना आसान नहीं है।

### दो दिग्गज नेताओं के बेटों में कड़ी टक्कर

इलाहाबाद सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता रहे पं. केशरीनाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी और कांग्रेस के टिकट पर लड़ रहे सपा नेता रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्ज्वल रमण सिंह के बीच कड़ी चुनौती रही है। वहीं बसपा से रमेश पटेल चितौरी मैदान में थे। लेकिन किसी भी बूथों पर बसपा के पोलिंग एजेंट नहीं दिखे।

# दबंगों ने पीटा, मामला दर्ज

**संवाददाता, नवाबगंज**

**अमृत विचारः** दबंगों ने दलित परिवार को पीट दिया। पीड़िता की तहरीर पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट तथा दलित उत्पीड़न के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

कस्बा के पड़ाव मोहल्ला निवासी कीर्ति देवी पत्नी बजरंगी प्रसाद ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार की शाम को करीब चार बजे मोहल्ले के मनोज कुमार साहू, लवकुश साहू, सीमा देवी तथा बहादुर रास्ते पर पाइप लगा रहे थे। जब उसने मना किया तो उक्त सभी लोग जातिसूचक गाली देते हुए मारने लगे। शोर सुनकर कर बीच बचाव करने आए उसके पिता बजरंगी प्रसाद तथा मां विंध्यवासिनी देवी को भी मारा-पीटा जिससे सभी लोगों को काफी चोटें आई। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर मार-पीट तथा दलित उत्पीड़न के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट के आरोपी गिरफ्तार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में कौड़िया के मिताई पुरवा कटुवा नाला गांव निवासी गुल्ले, रामतेज व हंसराम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को पुलिस द्वारा न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

# प्रतापगढ़ में ईवीएम की निगरानी के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा

**प्रतापगढ़**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद ईवीएम में कैद प्रत्याशियों के भाग्य की निगरानी के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एसएसबी,पीएसी व पुलिसकर्मी की तैनाती की गई है। गेट पर विधिवत जांच के बाद ही महुली मंडी परिसर में प्रवेश दिया जा रहा है।

लोकसभा सीट कौशांबी का 20 व प्रतापगढ़ लोकसभा सीट का मतदान 25 मई को संपन्न हो गया। मतों की गिनती चार जून को होनी है। कौशांबी सीट के कुंडा व बाबागंज विधानसभा की मतगणना महुली मंडी परिसर में होनी है। कुण्डा, बाबागंज के अलावा प्रतापगढ़ सीट का ईवीएम भारी सुरक्षा के बीच महुली मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में रखा गया है। मंडी के अंदर सुरक्षा के लिए सबसे पहले एसएसबी के जवान, फिर पीएसी व तीसरे चक्र में पुलिसकर्मी ईवीएम की निगरानी कर रहे हैं। साथ ही मंडी परिसर में होने वाली गतिविधियों को कैद करने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। मंडी गेट के अंदर आने वाले व्यक्ति की मेटल डिटेक्टर से जांच पड़ताल के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है।



महुली मंडी परिसर में तैनात सुरक्षाकर्मी।



परिजनों के साथ अपने आवास पर सपा उम्मीदवार डॉ. एसपी सिंह पटेल।



कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी संगम लाल।



आवास पर परिजनों के साथ बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र।

## मुंडेरा मंडी में ईवीएम स्ट्रांग रूम में घुसा कुत्ता, हड़कंप

**प्रयागराज, अमृत विचारः** मुंडेरा मंडी में बने स्ट्रांग रूम के एक कमरे से रविवार देर शाम करीब एक कुत्ता घुस गया। किसी को इसकी जानकारी में हो पाई। जब कुत्ते के भोकने की आवाज सुनाई दी तो स्ट्रांग रूम के चारों तरफ मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने पहले तो चारो तरफ देखा, लेकिन कोई कुत्ता नहीं दिखा। इसकी जानकारी पुलिस-प्रशासन को को दी गई। स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखे होने के कारण अधिकारियों में खलबली मच गई। तत्काल सभी दलों के प्रत्याशियों को फोन करके मुंडेरा मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में बुलाया गया है। उनकी मौजूदगी में सील स्ट्रांग रूम के कमरे को खोला गया। काफी देर के बाद कुत्ते को बाहर निकाल कर फिर उसी तरह से स्ट्रांग रूम को बंद कर दिया गया।

## सार-संक्षेप

### परसिया में फंदे से लटककर युवक ने दी जान

**इटियाथोक, अमृत विचार :** ग्राम परसिया बहोरीपुर के युवक अमन (21) पुत्र नानमून मिश्रा ने शनिवार की रात कमरे के भीतर अज्ञात कारणों से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह होने पर परिजनों को जानकारी हुई। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जाता है कि युवक का एक माह पूर्व विवाह हुआ था। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि युवक के आत्महत्या किये जाने की सूचना नहीं मिली है।

### बालिका के अपहरण का वांछित गिरफ्तार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** चार दिन पहले कौड़िया के एक गांव की अवयस्क बालिका के अपहरण की घटना में न्यायालय से वांछित चल रहे कोचवा गांव निवासी रामगोपाल सोनी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया गिरफ्तार किए गए वांछित को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वांछित की गिरफ्तारी पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत गुप्त व आरक्षी हरिओम शर्मा द्वारा की गई है।

### जयनगरा में ग्रामीणों को मिली गंदगी से निजात

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** विकासखंड पंडरी कृपाल अंतर्गत जयनगरा गांव में शास्त्री मार्केट के आसपास कूड़े का अंबार लगा हुआ था जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था। शनिवार को स्थानीय विकासखंड के कई गांव के सफाई कर्मचारियों की टीम ने मिलकर सफाई अभियान चलाकर कूड़े को हटाया। जयनगरा गांव के रहने वाले शिवशंकर पाठक, अनुराग तिवारी, आशु, राजा, सूरज लोगों ने बताया कि कूड़ा इकट्ठा हो जाने के कारण बदबू हो रहा था।

### हल्की बारिश से बढ़ी उमस, बिजली गुल

**बेलसर, अमृत विचार :** अचानक हुई हल्की बरसात से बेलसर क्षेत्र की बिजली गुल हो गई,उमस बढ़ने से लोगों का हाल बेहाल हो गया। रविवार को दोपहर में हाली बरसात होने से बिजली गुल हो गई। बरसात होने से उमस बढ़ गई। उधर बिजली गुल होने से बेलसर के रगड़गंज कस्बे सहित आसपास क्षेत्र में लोगों को गर्मी से परेशान होना पड़ा। उधर हल्की बरसात से ही परसपुर रोड पर जलभराव हो गया।

### चोरी से काटे गए साखू की नौ बोटा लकड़ी बरामद

**मनकापुर, अमृत विचार :** टिकरी रेंज के लिदेहना ग्रंट गांव बगल जंगल मे साखू पेड़ काटने के वायरल वीडियो की जानकारी होने पर टिकरी रेंज अधिकारी विनोद कुमार नायक ने जंगल से लकड़ी व एक गांव से बाइक बरामद कर की लकड़ी चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। टिकरी रेंज के लिदेहना ग्रंट गांव के बगल जंगल में साखू पेड़ काटने का एक वीडियो वायरल होने की जानकारी मिलते ही वन विभाग सक्रिय हो गया। 24 घंटे के अंदर ही बाइक और नौ बोटा साखू लकड़ी बरामद कर लिया है। रेंज अधिकारी विनोद कुमार नायक ने बताया कि एक बाइक और नौ बोटा साखू की लकड़ी बरामद कर लिया है।



बरामद की गई साखू की लकड़ी। अमृत विचार

# 43 डिग्री तापमान में आग के सामने बैठकर तप कर रहे साधु की मृत्यु

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

▸▸ गांव बेनीपुर चक में परिक्रमा मार्ग पर गोरक्षा, विश्व शांति और जगत कल्याण के लिए तपस्या कर रहे थे पागल बाबा

**अमृत विचार :** जिले के कैला देवी थाना क्षेत्र में भीषण गर्मी में पंचाग्नि (आग के सामने बैठकर) तप कर रहे साधु बाबा की हालत बिगड़ने के बाद मृत्यु हो गई। बाबा ने विश्व शांति, जगत कल्याण एवं गोरक्षा के लिए 23 मई से तप शुरू किया था। बाबा के निधन की सूचना से सेवादारों और श्रद्धालुओं में शोक व्याप्त गया।

पागल बाबा के नाम से पुकारे जाने वाले श्रीपाल तिवारी (72 वर्ष) अमेठी जिले के शिव धाम निकट सगरा महाकाल के गांव रामसेजल भवानी के रहने वाले थे। बाबा ने संभल के गांव बेनीपुर चक में 43 डिग्री तापमान की भीषण गर्मी में अग्नि प्रज्वलित कर बीच में बैठकर तपस्या शुरू की थी। 23 मई से शुरू हुई तपस्या 27 मई तक की जानी थी। बाबा के सेवादार बताते हैं कि इसके लिए प्रशासन ने अनुमति भी ली गई थी। रविवार को सुबह से ही बाबा तपस्या में लीन रहे। सुबह करीब 11 बजे बाबा की हालत बिगड़ी तो मौजूद सेवादार गांव बेनीपुर चक के निवासी गजराम ने दूसरे सेवादार भारत यादव को सूचना दी। इस बीच बाबा को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। यह देख सेवादार गजराम बाबा को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सीडीओ भरत कुमार मिश्रा, एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली । जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.अनूप कुमार अग्रवाल ने कहा कि बाबा यहां मृत अवस्था में लाए गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत की वजह स्पष्ट होगी।



आग के सामने बैठकर तप कर रहे पागल बाबा (फाइल फोटो)।

# प्रयागराज : घर से भागी किशोरी को आरपीएफ ने चाइल्ड लाइन भेजा

**संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** हरियाणा की एक किशोरी परिजनों से नाराज होकर ट्रेन पर सवार हो गई। प्रयागराज स्टेशन पर आरपीएफ ने उसे गाड़ी से उतारकर चाइल्ड लाइन भेज दिया। साथ ही परिजनों को भी सूचित कर दिया गया।

बताया जाता है कि महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों ने 15 साल की एक किशोरी को सफर करते देखा। वह अकेले थी। डरी सहमी थी। उसकी गतिविधियां संदिग्ध देख यात्रियों ने रेलवे कर्मचारियों को बताया। इसके बाद ट्रेन जब प्रयागराज जंक्शन पहुंची तो सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद आरिफ ने लड़की से बातचीत कर उसे ट्रेन से उतार लिया। महिला कांस्टेबल अंजु यादव के साथ लड़की को बाल कल्याण समिति के पास भेजा गया। वहां से लड़की को चाइल्ड लाइन भेज दिया गया। किशोरी महेंद्रगढ़ हरियाणा की रहने वाली है।

वहीं दूसरी ओर प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो पर दो लड़के घूमते हुए मिले। आरपीएफ के जवानों ने उसने पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह ट्रेन में बैठने के लिए आए हैं। पूछताछ में एक ने अपना नाम गणेश पुत्र संतोष उम 9 साल निवासी रामबाग प्रयागराज बताया। दूसरे का नाम अब्दुल हाशिम है। उसकी उम्र 14 साल है। वह कीडगंज के रहने वाले अब्दुल कादिर का बेटा है। उप निरीक्षक नितिन कुमार ने दोनों लड़कों को चाइल्ड लाइन पहुंचा दिया।

## ब्राह्मण प्रत्याशी उतार कर भाजपा को घेरने के सपा के दांव में बसपा का यादव उम्मीदवार बढ़ा रहा मुसीबत

# सपा की बिछाई बिसात में बसपा की चाल से भाजपा को राहत की सांस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** कभी युवा तुर्क के नाम से मशहूर रहे, खांटी समाजवादी नेता पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सियासी जमीन बलिया में उनके जीवन काल में कभी भगवा नहीं फहरा पाया, लेकिन 2014 की मोदी लहर में यहां पहली बार कमल खिला और अब इस बार के चुनाव में चंद्रशेखर के ही बेटे नीरज शेखर भाजपा को लगातार तीसरी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए हैं। पूर्वांचल इलाके में बिहार की सीमा से लगने वाली बलिया लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं।

### 2019 का चुनाव परिणाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | वीरेंद्र सिंह मस्त | 4,69,114 | 47 .40 प्रतिशत |
| सपा | सनातन पांडेय | 4,53,595 | 45 .83 प्रतिशत |
| सुभसपा | विनोद | 35,900 | 3 .63 प्रतिशत |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | भरत सिंह | 3,59,760 | 38 .18 |
| सपा | नीरज शेखर | 2,20,324 | 23 .38 |
| कौमी एकता | अफजाल अंसारी | 1,63,943 | 17 .40 |
| बसपा | वीरेंद्र कुमार पाठक | 1,41,684 | 15 .04 |
| कांग्रेस | सुधा राय | 13,501 | 1 .43 |

- 2014 की मोदी लहर में सपा का किला ध्वस्त करने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने को तत्पर
- 2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ था कांटे का संघर्ष, 15,559 मतों से भाजपा से हार गई थी सपा मुकाबला

### आठ बार पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने दर्ज की जीत

- ब्राह्मण और राजपूत बहुल मानी जाने वाली बलिया लोकसभा सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के परिवार का दबदबा रहा है। चंद्रशेखर आठ बार इस सीट से सांसद चुने गए। इसमें छह बार लगातार जीतने का रिकार्ड भी उनके नाम पर है। चंद्रशेखर के निधन के बाद उनके बेटे नीरज शेखर समाजवादी पार्टी से दो बार सांसद चुने गए। नीरज शेखर पहली बार पिता के निधन के बाद साल 2007 में हुए उपचुनाव में जीते फिर 2009 के चुनाव में भी सपा से ही सांसद चुने गए। लेकिन 2014 के चुनाव में मोदी लहर के आगे नीरज शेखर भाजपा के प्रत्याशी भरत सिंह मस्त से 1.39 लाख वोटों से हार गए और सपा का किला ध्वस्त कर भाजपा ने इस सीट पर अपनी पहली जीत दर्ज की। हालांकि सपा की हार का कारण कौमी एकता दल से चुनाव लड़े अफजाल अंसारी को माना गया, जिन्हें 1.63 लाख वोट मिले थे। 2014 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद सपा ने नीरज शेखर को राज्यसभा में भेज दिया। लेकिन साल 2019 में नीरज सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें दूसरी बार राज्य सभा के लिए नामित किया और वह राज्यसभा के सांसद चुन लिए गए।

### नीरज शेखर के पाला बदल की परीक्षा

- वर्तमान में राज्यसभा सांसद रहते हुए ही भाजपा ने उन्हें बलिया लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। नीरज शेखर के खिलाफ सपा ने दूसरी बार सनातन पांडेय पर अपना भरोसा जताया है। 2019 का चुनाव वह भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त से कांटे के मुकाबले में 15 हजार से कुछ अधिक मतों से हार गए थे। सपा ने ब्राह्मण, यादव और मुस्लिम मतों के सहारे इस बार भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने की व्यूह रचना की है। लेकिन सपा की इस कोशिश में बसपा के प्रत्याशी गाजीपुर निवासी पूर्व सैनिक लल्लन सिंह यादव रोड़ा अटकाते नजर आ रहे हैं। वह बसपा के कॉडर वोट को लामबंद करने के साथ सपा के परंपरागत यादव मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं।

### जातीय समीकरण अनुमानित

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण | 15% |
| राजपूत | 13.5% |
| दलित | 16% |
| भूमिहार | 09% |
| यादव | 12 % |
| मुसलमान | 08 % |
| अनुसूचित जनजाति | 2.5 % |
| अन्य | 24 % |

**2014** की मोदी लहर में टूटा था समाजवादी तिलिस्म और पहली बार बागी बलिया की धरती पर खिला था कमल

### बलिया सीट पर मतदाता

- कुल वोटर 19,12,864
- पुरुष मतदाता 10,26,474
- महिला मतदाता 8,86,316
- थर्ड जेंडर मतदाता 74



### तीन विधानसभा सीटें सपा के पास, भाजपा व सुभासपा का एक-एक पर कब्जा

बलिया लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें बलिया सदर, फेफना, बैरिया, जहूराबाद और मोहम्मदाबाद आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में बलिया सदर में भाजपा विजयी रही थी। तीन सीटों बैरिया, फेफना और मोहम्मदाबाद में सपा ने जीत हासिल की थी। जहूराबाद सीट सुभासपा के खाते में गई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्रों में बैरिया, बलिया सदर और फेफना में भाजपा आगे रही थी, जबकि मोहम्मदाबाद और जहूराबाद में सपा ने बढ़त बनाई थी।

**02** जिलों गाजीपुर और बलिया में फैला है यह लोकसभा क्षेत्र, गाजीपुर की दो और बलिया जिले की तीन विधानसभा सीटें यहां पर हैं

# सातवें चरण में 11-2 के स्कोर से आगे बढ़ पाएगा इंडिया गठबंधन

चुनाव डेस्क



**अमत विचार।** उत्तर प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में पहली जून को मतदान होगा। इसमें गाजीपुर और घोसी लोकसभा सीट 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में जीती थी। इस बार दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। सपा का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। सपा के समर्थन से देवरिया और महराजगंज सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी ताल ठोंक रहे हैं । इस तरह सपा 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले भाजपा अंतिम चरण की 10 सीटों पर ही चुनाव मैदान में है। मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) चुनाव लड़ रहा है, तो घोसी सीट पर सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर भाजपा की मदद से अपने बेटे अरविंद राजभर को संसद में पहुंचाने के लिए दिन-रात एक किए हैं।

अंतिम चरण की मतदान वाली 13 सीटों में से 11 पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी। इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा ने सभी 13 सीटें जीतने के लिए जोर लगा रखा है। रविवार को भीषण गर्मी के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिर्जापुर, मऊ और देवरिया में चुनावी रैलियां करके सात लोकसभा सीटों पर जीत के समीकरण साधे। इस दौरान मोदी ने जनता से इंडिया गठबंधन पर पूर्वांचल का प्रहार करने, साजिश के तहत पूर्वांचल को पिछड़ा बनाए रखने और सपा-कांग्रेस पर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए संविधान बदलने का आरोप लगाकर एनडीए के लिए 400 पार की हुंकार भरी। एनडीए गठबंधन को मात देकर पिछली बार से ज्यादा सीटें झटकने के लिए इस बार सपा-कांग्रेस गठबंधन ने जातीय समीकरणों पर भरोसा करते हुए न सिर्फ प्रत्याशी उतारे हैं।

### बलिया, चंदौली और राबर्ट्सगंज सीटें कड़े मुकाबले वाली

- पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सातवें चरण में औसतन 52 प्रतिशत वोट जबकि विपक्ष को 38 प्रतिशत वोट ही मिले थे। 2019 के चुनाव परिणाम के लिहाज से बलिया और चंदौली सर्वाधिक कड़े मुकाबले वाली सीटें हैं। यहां दो प्रतिशत से कम वोटों के अंतर से भाजपा को जीत मिली थी। चंदौली में भाजपा को 47 .07 और सपा-बसपा को 45 .79 फीसद जबकि बलिया में भाजपा को 47 .40 और सपा-बसपा को 45 .43 फीसद वोट मिले थे। इसी तरह राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट भी नजदीकी मुकाबले में छह प्रतिशत वोटों के अंतर से भाजपा के हाथ लगी थी। यहां भाजपा को 45 .32 और सपा-बसपा को 39 .82 प्रतिशत वोट मिले थे।

- 10 सीटों पर 2019 में सपा-बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर भी 10 फीसदी से ज्यादा था वोटों का अंतर
- इस बार सपा 11 और भाजपा 10 सीटों पर लड़ रही है चुनाव, कांग्रेस-दो, अपना दल (एस) दो सीटों पर मैदान में

### 2019 में 13 सीटों पर यह था मत प्रतिशत

| सीट | भाजपा | सपा-बसपा |
|---|---|---|
| गाजीपुर | 40 .40% | 51.20% |
| घोसी | 39 .56% | 50 .30% |
| बलिया | 47 .40% | 45 .83% |
| चंदौली | 47 .07% | 45 .80% |
| राबर्ट्सगंज | 45 .32% | 39 .82% |
| सलेमपुर | 50 .72% | 38 .52% |
| महराजगंज | 59 .2 .% | 31.45% |
| गोरखपुर | 60 .54% | 35 .07% |
| कुशीनगर | 56 .69% | 24 .64% |
| देवरिया | 57 .19% | 32 .57% |
| बासगांव | 56 .14% | 40 .57% |
| मिर्जापुर | 53 .34% | 32 .42% |
| वाराणसी | 63 .62% | 18 .40% |

### घोसी में सपा और बसपा ने घेर रखी एनडीए की चुनौती

पिछले चुनाव में घोसी लोकसभा सीट पर बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 मतों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार यहां सपा और बसपा दोनों ने मजबूत उम्मीदवार उतारे हैं। सपा से राजीव राय तो बसपा से बालकृष्ण चौहान मैदान में हैं। बालकृष्ण यहां से एक बार सांसद रह चुके हैं। एनडीए ने इस सीट पर सुभासपा के अनिल राजभर को उम्मीदवार बनाया है। वह सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बेटे हैं। भाजपा सपा विधायक दारा सिंह चौहान को पार्टी में लेकर चुनाव हारने के बाद भी मंत्री बना चुकी है, ताकि चौहान (नोनिया) वोटों का फायदा हो सके। लेकिन बसपा उम्मीदवार भी नोनिया जाति से होने के कारण यह फायदा भाजपा को मिलता नहीं नजर आ रहा है। इसी तरह भाजपा को मिलने वाला भूमिहार वोट भी बंट रहा है, क्योंकि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजीव राय भूमिहार समुदाय से ही आते हैं। घोसी लोकसभा सीट पर अब तक 17 चुनाव हुए हैं। यहां 14 मौके पर राय, राजभर अथवा चौहान प्रत्याशी ही जीतते रहे हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल इन्हीं जातियों पर भरोसा जताते रहे हैं। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले में इन्हीं जातियों के बीच संघर्ष है। घोसी सीट पर भाजपा एक बार सिर्फ मोदी लहर में 2014 में यहां चुनाव जीत सकी है।

# जालंधर में बहुकोणीय मुकाबले में साख पर प्रतिष्ठा

चुनाव डेस्क

पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर चारों प्रमुख दलों आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। इसके चलते आधी से ज्यादा सीटों पर त्रिकोणात्मक और बाकी सीटों पर चतुष्कोणीय के साथ एक-दो स्थानों पर बहुकोणीय मुकाबले की तस्वीर देखने में नजर आ रही है। ऐसी ही एक सीट जालंधर की भी है, जहां आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील रिंकू भाजपा से और शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक पवन टीनू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी तो शिरोमणि अकाली दल से वरिष्ठ नेता मोहिंदर सिंह केपी के साथ बसपा की चुनौती भी कमजोर नहीं आंकी जा रही है।



चरणजीत सिंह चन्नी।



सुशील रिंकू।

आप ने जालंधर सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी है। पिछले साल उपचुनाव में पार्टी ने इस सीट को जीतकर लोकसभा में फिर से अपनी जगह बनाई थी। यहां से जीते सुशील रिंकू आम आदमी पार्टी के एकमात्र सांसद थे।

इस बार भी आप ने उनको टिकट दिया था, लेकिन टिकट की घोषणा होने के बाद रिंकू भाजपा में शामिल हो गए। रिंकू अब भाजपा प्रत्याशी के रूप में जालंधर से ताल ठोंक रहे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से हो रहा है। इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी से उतरे अकाली दल के दो बार के विधायक पवन टीनू भी हैं, तो बसपा से बलविंदर कुमार मैदान में हैं।

बलविंदर कुमार की चुनौती को हल्के में इसलिए नहीं लिया जा रहा है, क्योंकि 2019 में भी उन्होंने बसपा से चुनाव लड़ा था और दो लाख से अधिक मत हासिल करके सबको चौंका दिया था। अकाली दल ने यहां से पूर्व सांसद मोहिंदर सिंह केपी पर दांव लगा रखा है। मजे की बात यह है कि मोहिंदर सिंह और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी के बीच आपस में समधी का रिश्ता है। मोहिंदर सिंह की बेटी की शादी चन्नी के भतीजे के साथ हुई है। दोनों दलित नेता के रूप में पहचान रखते हैं और कई चुनाव जीत चुके हैं।

भाजपा प्रत्याशी रिंकू आप में शामिल होने से पहले कांग्रेस के टिकट पर जालंधर पश्चिमी से विधायक रहे चुके हैं। जानकार उन्हें मजबूत मान रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और अकाली दल के अनुभवी प्रत्याशियों ने उनके लिए कड़ी टक्कर का मैदान तैयार कर दिया है। उधर आम आदमी पार्टी से उतरे पवन कुमार टीनू 2012 से 2022 तक आदमपुर सीट से शिअद के विधायक रहे हैं, अप्रैल 2024 में शिअद का दामन छोड़कर वह आप में शामिल हुए थे।



**मैच जीतेंगे** जादवपुर सीट से टीएमसी प्रत्याशी सयानी घोष के लिए सभा करने पहुंची सीएम ममता बनर्जी ने मंत्री अरूप विश्वास के साथ जनता की तरफ फुटबाल फेंकी।

### ओवैसी ने काराकाट में दिलचस्प बना दिया चुनावी मुकाबला

**चुनाव डेस्क।** काराकाट लोकसभा सीट पर 2019 में मिली हार का बदला लेने को आतुर रालोसपा चीफ उपेंद्र कुशवाहा इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे हुए हैं। यहां से भाजपा नेता एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह ने भी उनकी मुश्किल बढ़ा रखी है। पवन यहां से निर्दलीय मैदान में हैं। ऐसे में भाजपा के कोर मतदाता भी असमंजस में हैं कि वे पवन के साथ जाएं या गठबंधन धर्म निभाते हुए उपेंद्र कुशवाहा को वोट दें। इन सबके बीच एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के एक दांव ने यहां की लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। ओवैसी की पार्टी की उम्मीदवार प्रियंका चौधरी के पक्ष में अतिपिछड़ा और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के जुटान ने पवन सिंह के साथ ही सीपीआईएमएल के उम्मीदवार राजाराम कुशवाहा को भी परेशान कर दिया है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा को अपनी जीत आसान दिख रही है पर वे भाजपा के कोर मतदाताओं को समझाने की कोशिश में कितना सफल होते हैं या समय बताएगा। भाजपा के मतदाता उनके साथ जाएं इसके लिए पार्टी नेता भी रात दिन एक कर रहे हैं।

# मुख्तार अंसारी की मौत के बाद अब माफिया को मिलेगी चुनावी मात?

- भाजपा ने पिछली हार का बदला लेने के लिए अफजाल अंसारी के खिलाफ झोंक रखी है पूरी ताकत
- आज हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद साफ होगी सपा से प्रत्याशिता की तस्वीर, बेटी भी मैदान में

**गाजीपुर लोकसभा सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** माफिया डॉन की छवि वाले मुख्तार अंसारी की मौत के दो माह बाद गाजीपुर में पहली जून को लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में 28 मार्च को मौत हो गई थी। सपा ने इस बार गाजीपुर लोकसभा सीट पर मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी को चुनाव मैदान में उतार रखा है। वह 2019 में सपा के साथ हुए गठबंधन में बसपा से यहां से चुनाव जीते थे और फिलहाल गैंगस्टर एक्ट में चार साल की सजा सुनाए जाने के बाद हाईकोर्ट से सोमवार को आने वाले फैसले का इंतजार कर रहे हैं। पिता की प्रत्याशिता पर संकट होने की संभावना के मद्दे नजर उनकी बेटी नुसरत अंसारी कवर प्रत्याशी के रूप में निर्दलीय मैदान में हैं। भाजपा से यहां पारसनाथ राय ताल ठोंक रहे हैं। उन्हें इस सीट के पूर्व सांसद और लोकसभा क्षेत्र में खासा प्रबाव रखने वाले जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का करीबी माना जाता है। मनोज सिन्हा के चुनावों की जिम्मेदारी उठाने वाले पारसनाथ इलाके के भूगोल और मतदाताओं के गणित से अच्छी तरह वाकिफ हैं। भाजपा और सपा के बीच सीधे संघर्ष के मैदान में बसपा तीसरा कोण बनाने की कोशिश में है, लेकिन उसके प्रत्याशी डॉ. उमेश कुमार सिंह की चुनौती बहुत मजबूत नहीं मानी जा रही है। भाजपा ने पिछले चुनाव की हार का बदला लेने और माफिया का वर्चस्व समाप्त करने के लिए गाजीपुर में पूरी ताकत झोंक रखी है। रविवार को यहां चुनावी सभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफजाल अंसारी की प्रत्याशिता को लेकर सपा पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि सपा के 'शहजादे' ने कभी कहा था कि माफिया की 'इंट्री' पर रोक लगाएंगे लेकिन वह तो माफिया के ही चरणों में जाकर बैठ गए। सपा ने माफिया को पाला पोसा और टिकट दिया। सपा के राज में प्रदेश में माफिया लालबत्ती में घूमते थे, खुली जीप में कानून को चेतावनी देते थे। विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। दरइसल, अंसारी परिवार का गाजीपुर के साथ पड़ोस के बलिया, मऊ, और वाराणसी जिलें तक में प्रभाव माना जाता है।



### मनोज सिन्हा को 1.20 लाख वोटों से दी थी मात

- अफजाल अंसारी ने 2019 के चुनाव में भाजपा के मनोज सिन्हा को मात दी थी। अफजाल को पांच लाख 66 हजार 82 वोट और मनोज सिन्हा को चार लाख 46 हजार 690 वोट मिले थे। सुभासपा के रामजी को 33 हजार 877 और कांग्रेस के अजीत प्रताप कुशवाहा को 19 हजार 834 वोट मिले थे। इस बार सुभासपा भाजपा तो कांग्रेस सपा के साथ है।

### एक विधान सभा सीट पर सुभासपा बाकी में समाजवादी पार्टी का कब्जा

मुख्तार की मौत के बाद परिवार सहानुभूति वोट बटोरने की कोशिश में लगा है। गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र जखनिया (सुरक्षित), सैदपुर (सुरक्षित), गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जामनिया आते हैं। इनमें से जखनिया को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर सपा का कब्जा है। जखनिया में सुभासपा के त्रिवेणी राम विधायक हैं। 2022 का विधानसभा चुनाव सपा और सुभासपा ने मिलकर लड़ा था। अब सुभासपा ने सपा से रिश्ता तोड़ लिया है, भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।

### बाप और बेटी प्रचार में एक दूसरे के लिए मांगते घूम रहे हैं वोट

गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी सपा से तो उनकी बेटी नुसरत अंसारी निर्दलीय मैदान में हैं। अफजाल अंसारी को एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने 29 अप्रैल 2023 को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार देकर चार साल की सजा सुनाई थी। हालांकि बाद में उनकी सजा पर हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए जमानत दे दी थी। अब मामले में हाईकोर्ट में फैसला आना है। 27 मई को सुनवाई है। अगर फैसला हक में आता है तो अफजाल मैदान में होंगे अन्यथा नुसरत ही सपा-कांग्रेस के समर्थन से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में होंगी, क्योंकि सजायाफ्ता व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता है। चूंकि नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। ऐसे में अफजाल की उम्मीदवारी तो रद नहीं हो पाएगी लेकिन वे चुनाव जीत जाते हैं तो पद छोड़ना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में अफजाल खुद के बजाय बेटी के लिए ही वोट मांगेंगे। इस परिस्थिति से सपा-कांग्रेस के मतदाता असमंजस में हैं, तो भाजपा और समर्थक वोटरों की निगाह भी हाईकोर्ट के निर्णय पर टिकी है। अभी तो अफजाल लोगों से खुद की जीत के लिए वोट मांग रहे हैं, साथ में बेटी नुसरत अंसारी का प्रचार भी चल रहा है। । यही काम उनकी बेटी भी कर रही हैं, ताकि राहत नहीं मिलने की स्थिति में बेटी का चुनाव निशान हर किसी को याद रहे और समर्थकों के वोट उसे मिल सकें।

# वर्क फ्रॉम होम के बारे में सुना है, वर्क फ्रॉम जेल के बारे में पहली बार सुना: राजनाथ

## चंडीगढ़ की चुनावी रैली में रक्षा मंत्री ने अरविंद केजरीवाल के काम पर कसा तंज

चंडीगढ़, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने वर्क फ्रॉम होम (घर से काम करने) के बारे में तो सुना है लेकिन वर्क फ्रॉम जेल (जेल से काम करने) के बारे में वह पहली बार सुन रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब से भाजपा के उम्मीदवार गेजा राम वाल्मीकि के समर्थन में खन्ना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा-यहां आम आदमी पार्टी सत्तारूढ़ है। आपको इस बारे में ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है कि वह किस तरह का काम कर रही है। सिंह ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा-दिल्ली में भी 'आप' सरकार है, लेकिन आप नेता को शराब घोटाले को लेकर जेल में डाल दिया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर किसी भी नेता पर कोई आरोप लगता है तो उसमें तब तक के लिए अपने पद से इस्तीफा देने का नैतिक साहस होना चाहिए जब तक वह आरोपों से मुक्त न हो जाए।

### भाजपा सरकार के तहत लोगों के जीवन में कोई प्रगति नहीं हो रही: प्रियंका गांधी



**फतेहगढ़ साहिब/पटियाला।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए पूछा कि अगर देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तो लोगों के जीवन में प्रगति क्यों नहीं हो रही। फतेहगढ़ साहिब सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अमर सिंह के समर्थन में पंजाब में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए झूठ बोलने और जनता से खोखले वादे करने का आरोप लगाया। प्रियंका ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में 70 करोड़ युवा बेरोजगार हैं और बेरोजगारी 45 साल में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत सरकारी क्षेत्र में 30 लाख पद रिक्त हैं।

### केरल: रेस्तरां में खाना खाने के बाद करीब 70 लोग बीमार

**त्रिशूर (केरल)।** मध्य केरल के त्रिशूर जिले में एक दिन पहले एक रेस्तरां में खाना खाने वाले लगभग 70 लोगों को कथित तौर पर विषाक्त भोजन के चलते बीमार पड़ने पर विभिन्न अस्पतालों में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मूननुपीडिका क्षेत्र में एक रेस्तरां में खाना खाने वाले 60 से 70 लोगों ने विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराया।

अधिकारी ने कहा-उनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारियों को संदेह है कि संबंधित लोग कुझिमंथी नामक व्यंजन के साथ दी जाने वाली मेयोनीज खाकर बीमार पड़े। कैपमंगलम थाने के एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद अधिकारियों ने पूरे होटल को सील कर दिया है।



नई दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान एक आदमी कबूतरों और कौवों को खाना और पानी पिलाता हुआ। ● एजेंसी

## एक नजर

### मप्र में शराब पीने से एसएएफ के दो जवानों की हुई मौत

**छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में शराब पीने के बाद राज्य पुलिस के विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के दो जवानों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि एसएएफ की आठवीं बटालियन के दानीराम उइके (55) और प्रेमलाल काकोड़िया (50) ने शनिवार रात शराब पी थी। गोल्हानी ने बताया कि दोनों को उल्टी होने लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उइके की तुरंत मौत हो गई और काकोडिया ने रविवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### जम्मू में मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरा

**जम्मू।** रविवार को जम्मू के पास एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जब मालगाड़ी जम्मू से उधमपुर की ओर जा रही थी उस दौरान दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जम्मू शहर के बाहरी इलाके मनवाल के पास संगर में यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना से रेल यातायात की सेवाओं में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि प्रभावित ट्रैक को बहाल करने के लिए एक क्रेन भेजी गई।

## 22 लोगों का 16 लाख करोड़ कर्ज माफ हिमाचल को नहीं दिए 9,000 करोड़

शिमला, एजेंसी

● राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर लगाया आरोप



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 साल में 22 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफ कर दिया, लेकिन वह पिछले साल मॉनसून में बारिश के कारण आई आपदा से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को 9,000 करोड़ रुपये नहीं दे सके।

गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की मदद करने के बजाय मोदी ने राज्य की चुनी हुई सरकार को चुराने का प्रयास किया। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का कांग्रेस सरकार द्वारा अनुचित वितरण किए जाने का आरोप लगाया था और इसके खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया था। शिमला (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के नाहन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मोदी ने सेब की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सभी भंडारण सुविधाओं को एक व्यक्ति को सौंप दिया। उन्होंने दावा किया कि जब भी नरेन्द्र मोदी शपथ लेते हैं, अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनियों के शेयर की कीमतें अपने आप ही बढ़ जाती हैं।

### चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानें : शाह



**औरंगाबाद/भभुआ।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे। शाह ने रविवार को काराकाट लोकसभा क्षेत्र के तहत औरंगाबाद जिले के दाउदनगर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव पर जमकर तंज कसा और कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे।

## विज्ञापनों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा को चुनावी विज्ञापन जारी करने से रोकने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। एकल पीठ ने 20 मई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चार जून तक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने से रोक दिया था। इस फैसले के खिलाफ भाजपा ने खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन खंडपीठ ने 22 मई को कहा था कि वह एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील पर विचार करने की इच्छुक नहीं है।

## नमूने एकत्र और पीड़ितों की पहचान करना बना चुनौती

ठाणे, एजेंसी

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

महाराष्ट्र में डोंबिवली केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट के बाद पुलिस को मृतकों की सटीक संख्या का पता लगाने और उनकी पहचान सुनिश्चित करने के कठिन कार्य से जूझना पड़ रहा है क्योंकि कई शव इस कदर जल गए हैं कि उनकी पहचान करना मुमकिन नहीं है।

इस विस्फोट में 10 लोगों की जान चली गई जबकि 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अहम सबूत, जिसमें जले हुए अवशेष और शवों के हिस्से के नमूने शामिल हैं, सावधानी पूर्वक एकत्र करके फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी में डीएनए जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि उनके रिश्तेदारों से इसका मिलान किया जा सके। ठाणे जिले के डोंबिवली एमआईडीसी के फेज- 2 में स्थित अमुदान केमिकल्स में बॉयलर के फटने और इसके कारण लगी आग में 10 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

## देश में 80,455 करोड़ रुपये के 10.46 लाख सड़क दुर्घटना दावे लंबित

नोएडा, एजेंसी

● आरटीआई अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से हुआ खुलासा

देश में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े 80,455 करोड़ रुपये के लगभग 10,46,163 दावे लंबित हैं और 2018-19 से 2022-23 के बीच इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हुई। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से यह जानकारी मिली है।

अप्रैल में उच्चतम न्यायालय के वकील के. सी. जैन के आवेदन के जवाब में भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने यह विवरण प्रदान किया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से पूछे गए प्रश्न में जैन ने राज्य और जिलेवार विवरण के साथ-साथ देश में लंबित मोटर दुर्घटना दावों की कुल संख्या बताने का अनुरोध किया था। उन्होंने पिछले पांच वर्षों के दौरान शुरू किए गए, निपटाए गए व शेष दावों का वार्षिक विवरण और मोटर दुर्घटना दावों के शीघ्र निपटान के लिए केंद्र द्वारा की गई पहल, यदि कोई हो, के बारे में पूछा था। आईआरडीएआई की जानकारी के मुताबिक वित्त वर्ष 2018-19 में 52,713 करोड़ रुपये के 9,09,166 दावे, 2019-20 में 61,051 करोड़ रुपये के 9,39,160 दावे, 2020-21 में 70,722 करोड़ रुपये के 10,08,332 दावे, 2021-22 में 74,718 करोड़ रुपये के 10,39,323 दावे, 2022-23 में 80,455 करोड़ रुपये के 10,46,163 दावे थे। क्षेत्रीय स्तर की जानकारी के बारे में आईआरडीएआई ने कहा, मोटर थर्ड पार्टी दावों का जिला-वार और राज्य-वार विवरण आईआरडीएआई के पास उपलब्ध नहीं है, क्योंकि आईआरडीएआई ऐसी विस्तृत जानकारी एकत्र या बरकरार नहीं रखता है।



## पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर केंद्र से कोई जवाब नहीं: जी परमेश्वर

बेंगलुरु, एजेंसी

● महिलाओं के यौन शोषण मामले में बोले कर्नाटक के गृहमंत्री

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर राज्य को केंद्र से अभी तक कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस कथित बयान पर निशाना साधते हुए जिसमें कहा गया था कि प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, परमेश्वर ने जानना चाहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक मई लिखे गए पत्र का क्या हुआ।

परमेश्वर ने कहा-जहां तक मुझे पता है, हमें अब तक (केंद्र से) कोई सूचना या पत्र नहीं मिला है। मैंने देखा है कि विदेश मंत्री ने मीडिया से कहा है कि वे कार्रवाई कर रहे हैं और एक दो दिनों में वे इसे (राजनयिक पासपोर्ट) रद्द कर देंगे, लेकिन हमें इस पर कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने एक मई को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की मांग की थी और उसके बाद आरोपों की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल ने भी केंद्र को इसी अनुरोध के साथ पत्र लिखा था।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### भारतपे, फोनपे ने पे पर लंबे समय से चल रहे विवादों को निपटाया

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों... भारतपे ग्रुप और फोनपे समूह ने प्रत्यय 'पे' के साथ ट्रेडमार्क के उपयोग से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे सभी कानूनी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, भारतपे और फोनपे पिछले पांच वर्षों के दौरान कई अदालतों में लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवादों में रही हैं। यह समझौता सभी खुली न्यायिक कार्यवाही को समाप्त कर देगा। बयान में कहा गया कि भारतपे और फोनपे ने लंबे समय से चले आ रहे सभी ट्रेडमार्क विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया। बयान के अनुसार, अगले कदम के रूप में पार्टियों ने ट्रेडमार्क रजिस्ट्री में एक-दूसरे के खिलाफ सभी विरोधों को वापस लेने के लिए पहले ही कदम उठा लिया है, जिससे उन्हें अपने संबंधित ट्रेडमार्क के पंजीकरण के साथ बढ़ने में मदद मिलेगी।

### गड़बड़ी से स्पाइसजेट का विमान वापस लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जा रहा स्पाइसजेट का एक विमान रविवार सुबह कुछ गड़बड़ी की वजह से दिल्ली वापस लौट आया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि करीब 135 लोगों को लेकर लेह जा रहा यह विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी गई। यह उड़ान एसजी 123 10 :30 बजे रवाना हुई थी और करीब 11 बजे वापस लौट आई। सूत्र ने कहा कि इंजन में कंपन के कारण विमान वापस लौटा। उड़ान निगरानी वेबसाइट फ्लाइटरडार-24 पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बोइंग 737-7 विमान उड़ान भरने के कुछ समय बाद राजधानी लौट आया।

## चौथी तिमाही में 6.1-6.7% रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

### विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने जताई उम्मीद, 31 को जारी होगा वृद्धि दर का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 से 6.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। यह इससे पिछली तिमाहियों में दर्ज आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान लगाया है। सरकार चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और पूरे वित्त वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान 31 मई को जारी करेगी।

अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर 7.6-7.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा कि मुख्य आंकड़े व्यापक रूप से मजबूत वृद्धि का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा- विनिर्माण गतिविधियां भी अच्छी रही हैं, और निर्माण से जुड़े और निवेश क्षेत्रों का प्रदर्शन भी बेहतर रहना चाहिए। हालांकि, कृषि क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ सकती है। हमारा अनुमान है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहेगी और पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.6 प्रतिशत के करीब रहेगा। 31 मई, 2023 को जारी अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह आंकड़ा सात प्रतिशत था। भारद्वाज ने कहा-हम सेवा क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में कुछ नरमी देख रहे हैं। यही कारण है कि चौथी तिमाही में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 5.7 प्रतिशत और जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। जीडीपी एक निश्चित अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य होता है।

### घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान जता रहे सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान




ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान दोनों 2024-25 में भारत के लिए सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान जता रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा-बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर संभवत: 6.5 प्रतिशत से अधिक रहेगी। ऐसे में पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.8 प्रतिशत रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) का अनुमान भी यही है। एक अन्य रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का अनुमान है कि 2023-24 की चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहेगी। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा था कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी की वृद्धि दर चार तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ जाएगी।

## वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे एजेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**नई व्यवस्था**

● प्रदेश में खरीफ से होगी शुरुआत एआईडीई एप से होगा बीमा

● कंपनियां बनाएंगी ब्लॉकों पर एजेंट, किसानों को मिलेगी सुविधा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा गांव-गांव जाकर एजेंट करेंगे। नई व्यवस्था के तहत बीमा कंपनियां ब्लॉकों पर अपने एजेंट बनाएंगी। जो गैरऋणी किसानों से संपर्क कर एडवांस्ड इंट्रूजन डिटेक्शन एनवायरनमेंट (एआईडीई) एप पर वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे। एजेंटों को 30 से 32 रुपये कमीशन कंपनियां देंगी।

केंद्र सरकार ने 2023 में एआईडीई एप लांच किया था और शुरुआत मध्य प्रदेश व राजस्थान ने की थी लेकिन, पूरी तरह से एप का संचालन नहीं हो पाया था। नतीजा पुरानी व्यवस्था के तहत फसलें बीमित हुईं। लेकिन, इस वर्ष केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में एजेंट बनाकर बीमा कराने पर जोर दिया है। इससे की ज्यादा से ज्यादा फसलें बीमित की जा सके। उत्तर प्रदेश में इस खरीफ सीजन में यह प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए केंद्र ने अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को वर्चअुल प्रशिक्षण दिया है।



**कॉमन सर्विस सेंटर लेते ज्यादा शुल्क:** गैरऋणी किसान यानी जो किसान क्रेडिट कार्ड धारक नहीं है वह कॉमन सर्विस सेंटर से सीधे फसलों का बीमा कराते हैं। इसमें किसानों को भागदौड़ करना होता है। कभी पोर्टल नहीं चला तो कहीं ओटीपी की समस्या भी झेलते हैं। बीमा करने पर संचालक सुविधा शुल्क लेते हैं। जबकि प्रक्रिया निशुल्क है और बीमा कंपनी पॉलिसी होने पर खुद शुल्क अदा करती है। हालांकि सेंटरों पर पहले की तरह बीमा किए जाएंगे। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड धारकों की फसलों का बीमा बैंकें ही करेंगी।

> खरीफ में एजेंटों के माध्यम से फसलों का बीमा कंपनियां करेंगी। जबकि पुरानी प्रक्रिया भी चलेगी। किसान सुविधानुसार बीमा करा सकते हैं। कॉमन सर्विस सेंटरों पर सुविधा शुल्क लेने पर कार्रवाई करेंगे।
>
> **-उमा शंकर सिंह,** उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

## आरबीआई को संभवत: हुआ है तीन लाख करोड़ का लाभ : सुभाष चंद्र गर्ग

नई दिल्ली, एजेंसी

● पूर्व वित्त सचिव बोले-सरकार को रिकॉर्ड लाभांश देने का है कारण



पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का सरकार को रिकॉर्ड 2.11 लाख करोड़ करोड़ रुपये का लाभांश देने का कारण संभवतः अधिक लाभ का होना है। हालांकि, इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है।

उल्लेखनीय है कि आरबीआइ के केंद्रीय निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह 608वीं बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दी है। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। गर्ग ने कहा-आरबीआई के अत्यधिक लाभांश का सबसे स्पष्ट कारण बड़ा मुनाफा हो सकता है। हालांकि, अभी आरबीआई की बैलेंस शीट प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन इसके लगभग तीन लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

### एफपीआई ने अब तक शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि को लेकर चिंता के बीच एफपीआई ने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। वहीं एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था।

## भारत के शीर्ष 10 साझेदारों में से नौ के साथ हुआ व्यापार घाटा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान चीन, रूस, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया समेत शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में नौ के साथ व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

व्यापार घाटा, आयात और निर्यात के बीच का अंतर है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि बीते वित्त वर्ष में 2022-23 की तुलना में चीन, रूस, दक्षिण कोरिया और हांगकांग के साथ घाटा बढ़ गया। दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, रूस, इंडोनेशिया और इराक के साथ व्यापार घाटे में कमी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 85 अरब डॉलर, रूस के साथ 57.2 अरब डॉलर, दक्षिण कोरिया के साथ 14.71 अरब डॉलर और हांगकांग के साथ 12.2 अरब डॉलर हो गया। चीन के साथ दोतरफा व्यापार 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर रहा, और वह अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 118.28 अरब डॉलर रहा।

### नियुक्ति में विफल रहने पर आईओसी, गेल व ओएनजीसी पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल, ओएनजीसी और गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित सार्वजनिक क्षेत्र की कई तेल एवं गैस कंपनियों पर सूचीबद्धता अनिवार्यता को पूरा करने के लिए निदेशक मंडल में जरूरी संख्या में निदेशकों की नियुक्ति में विफल रहने को लेकर 34 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), हिंदुस्तान पे. कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पे. कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी), ऑयल इंडिया लि. आदि पर जुर्माना लगाया है।

# 10 साल बाद केकेआर ने जीता खिताब

## कोलकाता नाइट राइडर्स ने तीसरी बार हासिल की आईपीएल ट्रॉफी, हैदराबाद को सस्ते में समेट कर आठ विकेट से हराया






चेन्नई, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर के नाबाद अर्धशतक से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के एकतरफा फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर तीसरा खिताब अपनी झोली में डाला। केकेआर ने गौतम गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। अब गुरु गंभीर ने कुशल रणनीतिकार के तौर पर केकेआर को तीसरी ट्रॉफी दिलाई। केकेआर इस तरह चेन्नई सुपर किंग्स (पांच) और मुंबई इंडियंस (पांच) के बाद तीन आईपीएल खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बनी।

गंभीर के अलावा मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने इस खिताब को दिलाने में अहम भूमिका निभाई जो जानते हैं कि रणजी ट्रॉफियां



कैसे जीती जाती हैं। इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर (तीन विकेट पर 287 रन) बनाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद फाइनल में लड़खड़ा गई और टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के बाद 18.3 ओवर में महज 113 रन पर ढेर हो गई।

यह आईपीएल फाइनल का सबसे कम स्कोर भी रहा। इस सत्र में शुरू से दबदबा बनाने वाले केकेआर के लिए यह लक्ष्य बनाना महज औपचारिकता थी, उसने वेंकटेश अय्यर (नाबाद 52 रन) और रहमनुल्लाह गुरबाज (39 रन) की मदद से यह स्कोर 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर हासिल कर लिया। वेंकटेश अय्यर ने 26 गेंद में चार चौके और तीन छक्के लगाये जबकि गुरबाज ने 32 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। गुरबाज ने स्टंप के पीछे तीन शानदार कैच भी लपके। कप्तान के तौर पर यह श्रेयस अय्यर का दूसरा फाइनल था, उन्होंने तीन गेंद में नाबाद 6 रन बनाए। केकेआर की जीत के नायक रहे उसके गेंदबाज जिसमें मिचेल स्टार्क नीलामी में मिली रिकॉर्ड राशि को सही साबित करते हुए तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। आंद्रे रसेल ने मध्य के ओवरों में शिकंजा कसा और 2.3 ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट झटके। हर्षित राणा ने चार ओवर में एक मेडन से 24 रन देकर दो विकेट लिए। केकेआर की शानदार गेंदबाजी के सामने सनराइजर्स हैदराबाद का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका।

**हैदराबाद 113/10** — 18.3 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा बोल्ड स्टार्क | 2 | 5 | 0/0 |
| ट्रेविस हेड कैच गुरबाज बो वैभव | 0 | 1 | 0/0 |
| राहुल त्रिपाठी कैच रमनदीप बो स्टार्क | 9 | 13 | 1/0 |
| एडेन मारक्रम कैच स्टार्क बो रसल | 20 | 23 | 3/0 |
| नीतिश रेड्डी कैच गुरबाज बो हर्षित राणा | 13 | 10 | 1/1 |
| हेनरिच क्लासेन बोल्ड हर्षित राणा | 16 | 17 | 1/0 |
| शहबाज अहमद कैच नरेन बो वरूण | 8 | 7 | 0/1 |
| अब्दुल शमद कैच गुरबाज बो रसल | 4 | 4 | 0/0 |
| पैट कमिंस कैच स्टार्क बो रसल | 24 | 19 | 2/1 |
| जयदेव उनादकट पगबाधा नारायण | 4 | 11 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-14-2, वैभव अरोरा 3-0-24-1, हर्षित राणा 4-0-24-2, नारायण 4-0-16-1, आंद्रे रसल 2.3-0-20-3, वरूण चक्रवर्ती 2-0-9-1

**कोलकाता 114/2** — 10.3 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज पगबाधा शाहबाज | 39 | 32 | 5/2 |
| नारायण कैच शाहबाज बोल्ड कमिंस | 6 | 2 | 0/1 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 52 | 26 | 4/3 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 6 | 3 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर कुमार 2-0-25-0, पैट कमिंस 2-0-18-1, थंगारसु नटराजन 2-0-29-0, शाहबाज अहमद 2.3-0-22-1 जयदेव उनादकट 1-0-9-0, एडन मारक्रम 1-0-5-0

## खेल डायरी

### एशियाई चैंपियनशिप में दीपा ने स्वर्ण जीत रचा इतिहास

**ताशकंद।** शीर्ष भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर रविवार को यहां महिला वॉल्ट स्पर्धा में पीला तमगा हासिल कर एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पहली जिमनास्ट बन गईं। दीपा (30 वर्ष) ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन वॉल्ट फाइनल में 13.566 का औसत स्कोर बनाया। उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13.466) और जो क्योंग ब्योल (12.966) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था। प्रणति नायक ने भी 2019 और 2022 चरण में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। डोपिंग उल्लघंन के कारण 21 महीने के निलंबन के बाद पिछले साल वापसी करने वाली दीपा आगामी पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं।

### फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में पहुंची ओसाका

**पेरिस।** जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन 2024 के शुरुआती दिन रविवार को यहां लूसिया ब्रोंजेटी के खिलाफ महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। फ्रेंच ओपन टेनिस में सातवीं बार खेल रही ओसाका ने शुरुआती सेट की निराशा से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में 48वें पायदान पर काबिज ब्रोंजेटी पर 1-6, 6-4, 7-5 की जीत दर्ज की। रोलां गैरां में ब्रोंजेटी की तीन प्रयास में यह तीसरी हार है। दयान यास्त्रेमस्का ने अजला टोमलजानोविक को शिकस्त दी तो वहीं डोना वेकिच के खिलाफ पीठ दर्द की समस्या के कारण लेसिया त्सुरेंको पहले सेट के बीच में ही मैच से हट गईं। पुरुषों के ड्रा में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव ने टारो डेनियल को हराया।

### श्रीहरि ने मेयर नोस्ट्रम तैराकी में रजत जीता

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने फ्रांस में चल रहे 30वें मेयर नोस्ट्रम तैराकी टूर्नामेंटमें 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके नटराज ने 25.50 सेकंड का समय निकालकर हंगरी के एडम जास्जो के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के स्कॉट गिब्सन को कांस्य पदक मिला। नटराज का इस वर्ग में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.11 सेकंड का है। 50 मीटर बैकस्ट्रोक ओलंपिक स्पर्धा नहीं है। पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक कोई भारतीय तैराक क्वालीफाई नहीं कर सका है। तोक्यो ओलंपिक में साजन प्रकाश और नटराज ने क्वालीफाई किया था।

### भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम चरण में हार का सिलसिला जारी रहा और उसे रविवार को अर्जेंटीना से 0-3 से पराजय मिली। भारत के बेल्जियम चरण के अंतिम मैच में अर्जेंटीना के लिए सेलिना डि सैंटो (पहले मिनट), मारिया कैंपॉय (39वें) और मारिया ग्रेनाटो (47वें मिनट) ने गोल किए। अर्जेंटीना ने पहले ही मिनट में बढ़त बना ली जब डि सैंटो ने ग्रेनाटो के शॉट पर गोल दागा। दीपिका भारतीय टीम को मिले एक पेनल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा सकीं। भारत को तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन कोई गोल नहीं हुआ।

### लिम से हारी दीपिका, विश्व कप से लौटेंगी खाली हाथ

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** मां बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दीपिका कुमारी तीरंदाजी विश्व कप में लगातार दूसरे पदक से चूककर दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज लिम सिहियोन और तीसरे नंबर की अलेजांद्रा वालेंशिया से हार गई। भारतीय तीरंदाजों को विश्व कप के दूसरे चरण से रिकर्व वर्ग से खाली हाथ लौटना पड़ेगा जबकि कंपाउंड वर्ग में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। रिकर्व स्पर्धाएं ओलंपिक का हिस्सा हैं। भारत ने कंपाउंड वर्ग में महिला टीम स्पर्धा का स्वर्ण और मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता है लेकिन दीपिका को छोड़कर रिकर्व वर्ग में कोई तीरंदाज पदक दौर में नहीं पहुंचा। दक्षिण कोरिया की 20 वर्ष की लिम ने सेमीफाइनल में जीत दर्ज की।

## फाइनल में फिर नरम पड़ी सिंधू की कलाई

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का पिछले दो साल से चला आ रहा खिताब का इंतजार और लंबा हो गया क्योंकि उन्हें मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज चीन की वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू तीन गेम तक चले 79 मिनट के मुकाबले के निर्णायक गेम में 11-3 की बड़ी बढ़त के बावजूद 21-16 5-21 16-21 से हार गई। वांग ने वापसी करते हुए आखिरी 23 में से 18 अंक जीत कर खिताब अपने नाम किया।

विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। पांचवी वरीयता प्राप्त सिंधू अगर चैंपियन बनती तो



• मलेशिया मास्टर्स के खिताबी मुकाबले में वांग से हारीं सिंधू

सोने पर सुहागा होता लेकिन फाइनल तक के सफर में इस प्रभावशाली प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। सिंधू मैच के अधिकांश मौजूदा एशियाई चैंपियन वांग के खिलाफ दबदबा बनाने में सफल रही लेकिन निर्णायक गेम में ब्रेक के बाद उन्होंने लय गंवा दी और वांग ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

दिलचस्प बात यह है कि सिंधू ने अपना पिछला फाइनल सिंगापुर ओपन में वांग के खिलाफ ही जीता था। वह हालांकि पिछले साल आर्कटिक ओपन में वांग से हार गई थीं, लेकिन उन्होंने इससे पहले तीन मुकाबलों में चीन की खिलाड़ी को दो बार हराया था।

सिंधू ने पिछले काफी समय से कैरोलिना मारिन, ताई त्जु यिंग, चेन यू फेई और अकाने यामागुची जैसी बड़ी खिलाड़ियों को हराने में विफल रही है और पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। घुटने की चोट से उबर कर खेलों में वापसी कर रही सिंधू का फाइनल में पहुंचने से आत्मविश्वास जरूर बढ़ेगा। सिंधू अब मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी। यह खिलाड़ी बेंगलुरु के प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में अभ्यास करती हैं। वह वांग के खिलाफ जीतने की स्थिति में होने के बावजूद मैच गंवाने की खामी को दूर करना चाहेंगी।

## टी20 में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराया

**किंगस्टन।** रॉस्टन चेज नाबाद (67) और कप्तान ब्रैंडन किंग (36) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गुडाकेश मोती की 22 रन पर तीन विकेट की घातक गेदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

शनिवार देर रात सबाइना पार्क में 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 81 रन जोड़े। डिकॉक 17 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हेंड्रिक्स 18 गेंदों में 34 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी और 16 रन से मुकाबला हार गई।

## प्रशासक की नियुक्ति के बाद विकल्प तलाश रहा है ईएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) अपने कामकाज के संचालन के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा तदर्थ समिति के गठन के बाद कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है। ईएफआई ने कहा कि अदालत के इस फैसले से इस गरीब खेल महासंघ पर भारी वित्तीय बोझ पड़ जाएगा जो या तो समिति को फीस दे सकता है या खेल के विकास के लिए काम कर सकता है। अदालत ने राजस्थान घुड़सवारी संघ की याचिका पर यह फैसला सुनाया था।

आरईए ने ईएफआई कार्यकारी समिति के सदस्यों के कार्यकाल में विस्तार को चुनौती देते हुए कहा था कि यह खेल कोड के खिलाफ है। एक अलग याचिका में आरईए ने आरोप लगाया था कि ईएफआई ने क्लबों और संस्थानों को मताधिकार देकर खेल कोड का उल्लंघन किया



है क्योंकि प्रदेश संघों को ही मतदान का अधिकार है। ईएफआई के एक सूत्र ने कहा हमारा सालाना राजस्व दो करोड़ रूपये हैं और कम से कम एक करोड़ तदर्थ समिति की फीस में चला जाएगा अगर वह एक साल तक काम करती है। आदेश के तहत ईएफआई को समिति के अध्यक्ष को प्रतिमाह पांच लाख रूपये और दो सदस्यों को एक एक लाख रूपये देने होंगे। ईएफआई गरीब महासंघ है और इतना पैसा एक समिति को नहीं दे सकता। ईएफआई के चयनित सदस्यों ने अपने काम के लिये एक रूपया तक नहीं लिया है। वे निस्वार्थ काम करते आये हैं। अगर समिति को भुगतान करना पड़ा तो कोचिंग शिविर बंद करने पड़ेंगे तथा टूर्नामेंटों की संख्या में कटौती करनी होगी।

## अमेरिका में ऐतिहासिक होगा टी-20 विश्व कप : प्रधान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

न्यूयॉर्क में भारत के महा वाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा है कि अमेरिका में टी20 विश्व कप ऐतिहासिक टूर्नामेंट होगा जिसे लेकर भारतवंशियों के साथ अमेरिकी लोगों में भी इसे लेकर काफी उत्साह है और क्रिकेट को देश में मुख्यधारा में लाने में यह अहम भूमिका निभाएगा।

प्रधान ने कहा पहली बार अमेरिकी धरती पर क्रिकेट का विश्व कप खेला जा रहा है। इसे लेकर भारतवंशियों में ही नहीं बल्कि अमेरिका के लोगों में भी भारी उत्साह है।अमेरिकी कांग्रेस सदस्य, सीनेटर, जन प्रतिनिधि सभी इसके बारे में बात कर रहे हैं। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में दो से 29 जून तक खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ यहां नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत और पाकिस्तान का मैच यहां नौ जून को होना है। प्रधान ने कहा मुझे यकीन है कि यह ऐतिहासिक आयोजन होगा। टीम इंडिया कई तरह से भारत का प्रतिनिधित्व करती है। हम उनका स्वागत करने को बेताब हैं और उनकी हौसलाअफजाई भी करेंगे। भारतीय टीम पहली बार अमेरिका की टीम से खेलेगी, यह बड़ा पल होगा। भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उन्होंने कहा इसे लेकर काफी उत्साह है। कई जानी-मानी हस्तियां इसे देखने पहुंचेंगी। बाकी मैच भी महत्वपूर्ण हैं लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा चर्चा का केंद्रबिंदु रहता है।

ICC MEN'S T20 WORLD CUP WEST INDIES & USA 2024

## बॉलीवुड हलचल



### मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही, मनोरंजन से भरपूर फिल्म है और उसमें दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। राजकुमार राव ने बताया है कि फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। उन्होंने बताया, मिस्टर एंड मिसेज माही यह आप सभी की कहानी है। इस फिल्म में मेरे किरदार का नाम है महेंद्र, जो एक असफल क्रिकेटर है। महेंद्र अपना सपना पत्नी के जरिए जीते हैं। पहले महिमा क्रिकेट खेलती थीं और महेंद्र उन्हें सपोर्ट करेंगे। शरण शर्मा द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियो और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को रिलीज होगी।

### मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब बोनी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 1987 में अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीशपुरी को लेकर सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया बनाई थी। शेखर कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर इंडिया, 25 मई 1987 को प्रदर्शित हुई थी। मिस्टर इंडिया के सीक्वल पर बोनी कपूर ने एक अपडेट दिया है। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 'मिस्टर इंडिया' के सेट से पर्दे के पीछे की कई फोटोज हैं। बोनी ने कैप्शन में लिखा, दिखाई नहीं देने वाली घड़ी अभी भी ऑर्बिट में है। इसने 37 साल पूरे कर लिए हैं। इस जादू को फिर से चलाने के लिए रिचार्ज हो रहा हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## पुणे कार हादसा

# निंदा के लिए दुर्घटनास्थल पर 100 लोगों ने लिखा निबंध

पुणे, एजेंसी

- निबंध प्रतियोगिता का विषय था मेरी पसंदीदा कार, यदि मेरे पिता एक बिल्डर हों और शराब के दुष्प्रभाव



पुणे में कांग्रेस की युवा शाखा ने विरोध प्रकट करने और हादसे की निंदा के लिए रविवार को उस स्थान पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जहां 19 मई को पोर्श कार दुर्घटना में दो इंजीनियरों की मौत हो गई थी।

निबंध प्रतियोगिता में लगभग 100 लोगों ने भाग लिया, जिनमें अधिकतर युवा थे। उन्हें मेरी पसंदीदा कार, यदि मेरे पिता एक बिल्डर हों और शराब के दुष्प्रभाव जैसे विषय पर निबंध लिखने को कहा गया। प्रतियोगिता में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक रवींद्र धांगेकर ने भी भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। यह प्रतियोगिता कल्याणी नगर इलाके में दुर्घटना स्थल पर आयोजित की गई। इस कार को कथित तौर पर एक नाबालिग चला रहा था। पुलिस का दावा है कि जब यह हादसा हुआ उस समय किशोर शराब के नशे में था। किशोर को शुरू में किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत दे दी थी और उसे सड़क दुर्घटनाओं पर एक निबंध लिखने के लिए भी कहा था।

## पाक में आतंकवादियों ने बस जलायी, यात्रियों को किया प्रताड़ित

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने एक बस को जला दिया और उसके यात्रियों को प्रताड़ित किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

यह घटना शनिवार को उस समय हुई जब द्राजिंदा से डेरा इस्माइल खान जा रही बस को दराबान तहसील में टीटीपी आतंकवादियों ने रोक लिया और यात्रियों को जबरन उतार दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा घटना के दौरान टीटीपी आतंकवादियों ने यात्रियों को उतारने के बाद बस को जला दिया। उन्होंने सबसे पहले यात्रियों को प्रताड़ित किया और बाद में सरकार का समर्थन करने की वजह से उन्हें धमकी दी। बाद में भागने से पहले आतंकियों ने बस को जला दिया। हालात पर काबू पाने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

# सस्ते में मिले कार पॉलिसी तो सावधान इंश्योरेंस लेने से पहले चेक करें ये चीजें



एक मिडिल क्लास व्यक्ति के लिए कार खरीदना एक बड़ी उपलब्धि है। जब भी हम कोई कार खरीदते हैं तो अगला कदम उसका इंश्योरेंस करवाना होता है। इंश्योरेंस आपको कार के क्षतिग्रस्त होने, चोरी होने, एक्सीडेंट होने या किसी अन्य तरह के नुकसान पर आर्थिक सुरक्षा देता है। इंश्योरेंस सेक्टर इन दिनों बूम पर है। इसमें कई छोटी और मंझोली कंपनियों ने भी इंवेस्ट किया है। इस भीड़ का फायदा उठाकर कुछ सेल (खरीदने-बेचने वाली) कंपनियां भी इस सेक्टर में घुस गई हैं। यही वजह है कि इंश्योरेंस स्कैम का खतरा भी काफी बढ़ गया है। कार इंश्योरेंस स्कैम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हर साल सैकड़ों की संख्या में लोग इस स्कैम का शिकार हो रहे हैं। लोग सस्ता इंश्योरेंस लेने के चक्कर में इन स्कैमर्स के जाल में फंस जाते हैं। जब उस इंश्योरेंस के जरिए गाड़ी ठीक कराने की बारी आती है, तब पता चलता है कि उनके साथ फ्रॉड हो गया है। लोग कार खरीदते समय मॉडल से लेकर कलर तक खूब जांच-पड़ताल करते हैं, लेकिन कार इंश्योरेंस पर इतना ध्यान नहीं देते क्योंकि ज्यादातर लोगों लगता है कि वाहन का इंश्योरेंस एक अनावश्यक खर्च है।

### इस तरह चैक करें इंश्योरेंस असली है या नकली

ज्यादातर कार इंश्योरेंस स्कैम ऑनलाइन किए जाते हैं, जिसमें लोगों को हैवी डिस्काउंट का लालच दिया जाता है। लोगों को लगता है कि शॉपिंग वेबसाइट्स की तरह यहां भी कोई डिस्काउंट सेल चल रही है। ध्यान रहे कि सही इंश्योरेंस कंपनी द्वारा ऑनलाइन या ऑफलाइन ऑफर वाली प्रीमियम प्राइसिंग में कोई अंतर नहीं आता है। ऑनलाइन बस आप यह आसानी से देख सकते हैं कि आपको यह पर्टिकुलर सर्विस चाहिए या नहीं। इसलिए प्राइसिंग में अंतर होने पर सतर्क हो जाएं।

### इस तरह बचें स्कैम से, बरतें यह सावधानियां

बीमा कंपनी और एजेंट के बारे में रिसर्च जरूर करें। इंश्योरेंस से जुड़ी सभी शर्तों को बहुत ध्यान से पढ़ें। इसके अलावा पॉलिसी से जुड़ी जानकारी को कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाइन जरूर चेक करें। बीमा कंपनी द्वारा दी जा रही कार पॉलिसी का नंबर जरूर चेक करें। जिस कंपनी से आप बीमा करा रहे हैं, उस नाम की कोई कंपनी है या नहीं, यह जानने के लिए इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन चेक जरूर करें। हर बीमा कंपनी को एक यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर दिया जाता है। यह नंबर इंश्योरेंस पॉलिसी में भी रहता है। अगर आपकी इंश्योरेंस पॉलिसी में यूआईडी नंबर नहीं है तो पॉलिसी नकली है।

### कार इंश्योरेंस स्कैम क्या है

कार इंश्योरेंस स्कैम फर्जी बीमा कंपनियों, धोखाधड़ी करने वाले एजेंट या बिचौलियों के द्वारा किया जाता है। स्कैमर मार्केट रेट से काफी कम रूपये में कार का इंश्योरेंस करने का लालच देते हैं। इसलिए लोग आसानी से उनके झांसे में आ जाते हैं और इंश्योरेंस करवा लेते हैं। इस स्कैम को इतनी सफाई से अंजाम दिया जाता है कि धोखाधड़ी का शिकार लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगती। वे लगातार अपने इंश्योरेंस की सालाना किस्त भरते रहते हैं। धोखे का पता तब चलता है, जब कभी गाड़ी चोरी हो जाए या एक्सीडेंट हो जाए और मुआवजा लेने की नौबत आए।

### कार इंश्योरेंस के प्रकार

कार इंश्योरेंस मुख्य रूप से तीन तरह के होते हैं। थर्ड पार्टी इंश्योरेंस– मोटर व्हीकल एक्ट ऑफ इंडिया, 1988 के मुताबिक सभी वाहनों के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस लेना अनिवार्य है। यानी अगर आपकी कार से किसी को कोई चोट या नुकसान पहुंचता है तो इंश्योरेंस कंपनी उसके लिए मुआवजे का भुगतान करेगी। ऑन डैमेज इंश्योरेंस– इसमें सड़क दुर्घटना होने पर वाहन को होने वाले नुकसान को कवर किया जाता है। यह इंश्योरेंस शारीरिक चोट या मृत्यु के लिए भी कवरेज देता है। कॉम्प्रेहेंसिव इंश्योरेंस– इस पॉलिसी में हादसा होने, वाहन चोरी होने और प्राकृतिक आपदा होने पर भी क्लेम मिलता है।

## एक नजर

### वानुआतू में भूकंप के तेज झटके, कोई हताहत नहीं

**मेलबर्न।** दक्षिण प्रशांत द्वीप देश वानुआतू में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए लेकिन इससे सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप से किसी प्रकार की क्षति होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के अनुसार, भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह 9:23 बजे महसूस किए गए और इसकी प्रारंभिक तीव्रता 6.3 थी। भूकंप का केंद्र राजधानी पोर्ट विला से 83 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 29 किलोमीटर की गहराई पर था।

### फिलीपींस में संदिग्ध आतंकी को मार गिराया

**मनीला।** फिलीपींस की सेना ने दक्षिणी फिलीपींस के मागुइंदानाओ डेल सुर प्रांत में मुठभेड़ में एक संदिग्ध आतंकवादी को मार गिराया है। सेना ने कहा कि कथित बंगसामोरो इस्लामिक फ्रीडम फाइटर्स आतंकवादी को ग्रामीणों की ओर से इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली। सूचना के बाद दातु सालिबो शहर के गांव में पांच मिनट की मुठभेड़ के बाद शनिवार सुबह मार दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सैनिकों ने मुठभेड़ वाली जगह से 45 कैलिबर की पिस्तौल और विस्फोटक जब्त किए।

### ब्रिटेन में विमान दुर्घटना आरएएफ पायलट की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन के लिंकनशायर में ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) बेस के पास स्पिटफायर के दुर्घटनाग्रस्त होने से आरएएफ के एक पायलट की मौत हो गयी। आरएएफ के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। ब्रिटिश मीडिया ने बताया कि विमान अंतरराष्ट्रीय समय के मुताबिक 12.20 बजे से कुछ समय पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटनाग्रस्त स्पिटफ़ायर ब्रिटेन के युद्ध स्मारक कार्यक्रम में भाग ले रहा था।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में पुलिस कांस्टेबल बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। पिछले साल उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि अनधिकृत रूप से लंबे समय तक बिना बताए अनुपस्थिति रहने और मादक पदार्थों की तस्करी में कथित संलिप्तता के आरोप में यहां के एसएसपी ने कांस्टेबल तारिक हुसैन शाह को बर्खास्त किया है।

### पूर्वी चीन में मकान ढहने से दो की मौत, एक घायल

**बीजिंग।** पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत में एक घर के आंशिक रूप से ढहने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। वेनचेंग काउंटी सरकार के सूचना कार्यालय के अनुसार दुर्घटना शनिवार को शाम करीब 7:20 बजे हुई और इस हादसे में तीन लोग मलबे में दब गए। बचावकर्मी लगभग 20 मिनट बाद उनमें से एक को बाहर निकालने में कामयाब रहे, जिसे जल्द ही अस्पताल ले जाया गया।

### सूडान में संघर्ष में 100 से अधिक लोगों की मौत

**काहिरा।** सूडान के पश्चिम में स्थित दारफुर क्षेत्र में सेना और एक विद्रोही अर्धसैनिक बल के बीच पिछले दो सप्ताह से जारी संघर्ष में कम से कम 123 लोग मारे गए हैं। एक अंतरराष्ट्रीय सहायता समूह ने रविवार को यह जानकारी दी। डॉक्टर्स विदआउट बॉर्डर्स ने कहा कि अल–फसर शहर में हुए इस संघर्ष के दौरान 930 से अधिक लोग घायल हुए हैं। समूह ने कहा कि यह संख्या संघर्ष की भयावहता को दर्शाती है।

# इजराइल में नेतन्याहू का विरोध

## प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प, गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की वापसी की मांग

यरूशलम, एजेंसी

गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के लोगों को वापस लाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ तेल अवीव में प्रदर्शन कर रहे लोगों और इजराइली पुलिस के बीच झड़प हुई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारी हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइलियों को छुड़ाने की मांग कर रहे थे। हमास ने इजराइल पर पिछले साल सात अक्टूबर को हमला कर 1,200 लोगों की हत्या की थी और 250 को बंधक बना लिया था।

प्रदर्शनकारियों ने अब भी बंधक बनाकर रखे गए दर्जनों लोगों को वापस लाने के लिए सरकार से कोई समझौता करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इस्तीफे और चुनाव कराए जाने की भी मांग की। सभी बंधकों की वापसी के लिए महिला विरोध प्रदर्शन समूह की सदस्य हिलिट सागी ने कहा सरकार द्वारा बंधकों को अपने हाल पर छोड़ दिए जाने के बाद हम चुप नहीं बैठ सकते। इजराइल के हमले के कारण गाजा मानवीय संकट से जूझ रहा है और वहां सहायता सामग्री पहुंचाने के प्रयास जारी हैं। इजराइल ने कहा कि सहायता सामग्री उत्तरी गाजा और अमेरिका द्वारा निर्मित पोतघाट के माध्यम से फलस्तीनी क्षेत्र में पहुंचाई जा रही है।



तेल अवीव में प्रदर्शन करते लोग।

### सैन्य नौका समुद्र में बही

इस बीच एक छोटी अमेरिकी सैन्य नौका और संभवत: डॉक क्षेत्र की एक पट्टी दक्षिणी इजराइली शहर अशदोद के पास एक समुद्र तट पर बह गई। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा कि मानवीय सहायता मिशन में शामिल उसके चार पोत अशांत समुद्र के कारण प्रभावित हुए थे, जिनमें से दो गाजा तट पर घाट के पास और दो अन्य इजराइल में थे। सेंट्रल कमांड के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और अमेरिका पोतों को बरामद करने के लिए इजराइली सेना के साथ मिलकर काम कर रहा है।

### गाजा से हमास ने फिर दागे रॉकेट, तेल अवीव में बजे सायरन

**गाजा पट्टी।** हमास ने पिछले कुछ महीनों में पहली बार रविवार को गाजा से रॉकेट दागे जिसके बाद इजराइल के तेल अवीव में हमले के सायरन बज उठे। जनवरी के बाद गाजा से किए गए पहले लंबी दूरी के रॉकेट हमले में किसी के हताहत होने या क्षति की तत्काल कोई सूचना नहीं है। फिलिस्तीनी चरमपंथियों ने तब से गाजा सीमा के पास समुदायों को निशाना बनाकर छिटपुट तरीके से रॉकेट और मोर्टार दागना जारी रखा है। हमले का दावा हमास की सैन्य शाखा ने किया। इजराइली सेना ने कहा कि दक्षिणी गाजा शहर रफह के क्षेत्र से दागे गए आठ रॉकेट इजराइल में गिरे। उसने कहा गया कि कई रॉकेट को बीच में ही रोक दिया गया। इससे पहले रविवार को राहत सहायता के साथ ट्रकों ने दक्षिणी इजराइल से गाजा में प्रवेश किया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि क्या मानवीय सहायता समूह इलाके में जारी लड़ाई के कारण सहायता पहुंचा सकेंगे। मिस्र ने रफह क्रॉसिंग के अपनी ओर के हिस्से को फिर से खोलने से इनकार कर दिया है, जब तक कि गाजा की ओर के हिस्से का नियंत्रण फिलिस्तीनियों को वापस नहीं सौंप दिया जाता। हमास ने उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान एक इजराइली सैनिक को पकड़ने का दावा किया और शनिवार देर रात एक वीडियो जारी किया जिसमें एक घायल व्यक्ति को सुरंग के माध्यम से घसीटते हुए दिखाया गया है।

## 1.75 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी पर मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के 33 वर्षीय व्यक्ति से एक जालसाज ने कथित तौर पर 1.75 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। अंबरनाथ पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की शिकायत के आधार पर शनिवार को संबंधित प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

पीड़ित को 21 मई को एक व्यक्ति का फोन आया जिसने उसे सूचित किया कि जो पार्सल उसने ईरान भेजा था उसे सीमा शुल्क अधिकारियों ने जब्त कर लिया है क्योंकि इसमें लैपटॉप, पेन ड्राइव, कपड़े और चार ईरानी पासपोर्ट के अलावा मादक पदार्थ भी था। पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया कि फोन करने वाले ने उस व्यक्ति को यह भी बताया कि इसके लिए 96,000 रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है और पार्सल कुरियर कंपनी को वापस कर दिया गया है।

जब उस व्यक्ति ने कॉल करने वाले को बताया कि उसने ऐसा कोई पार्सल नहीं भेजा है तो उसने उसे मुंबई साइबर पुलिस से संपर्क करने और अपनी आईडी के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज करने के लिए कहा। फोन करने वाले ने उस व्यक्ति से यह भी कहा कि अगर वह उनके पास आने में देर करेगा तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी।

# रूस का खार्किव पर हवाई हमला, 14 लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

- यूक्रेन की उत्तरी सीमा पर आक्रमण तेज कर सकता है रूस: जेलेंस्की
- खार्किव में हुए हमले में 43 लोग घायल, 16 लापता



रूसी सेना के खार्किव में एक बड़े निर्माण आपूर्ति स्टोर पर हवाई हमला किया। हमले में 14 लोगों की मौत हो गई। खार्किव के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि शनिवार दोपहर को खार्किव हमले में 43 लोग घायल भी हुए और 16 लापता हैं। जेलेंस्की ने खार्किव से एक वीडियो जारी कर कहा कि यूक्रेन की उत्तरी सीमा पर रूस अपना आक्रमण तेज करने की तैयारी कर रहा है। रूस हमारी सीमा के पास सैनिकों का एक और समूह इकट्ठा कर रहा है। उन्होंने यह नहीं बताया कि सैनिकों को कहां इकट्ठा किया जा रहा है, लेकिन यूक्रेन के अधिकारियों ने सुमी क्षेत्र के बारे में कड़ी चिंता व्यक्त की है।

खार्किव शहर और लगभग 250,000 आबादी वाला सुमी, दोनों रूसी सीमा से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। मॉस्को की सेना ने हाल के सप्ताहों में एक व्यापक अभियान के तहत खार्किव क्षेत्र के गांवों पर कब्जा कर लिया है। 10 मई को आक्रमण शुरू होने के बाद से क्षेत्र से 11,000 से अधिक लोगों को निकाला है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ के अनुसार, रूसी सेनाएं अग्रिम मोर्चे पर आक्रामक हमले कर रही हैं, जिसमें दोनेत्स्क क्षेत्र की चासिव यार दिशा में भीषण लड़ाई हो रही है।

### 14 मिसाइल और तीन दर्जन से अधिक ड्रोन दागे

यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि वायु रक्षा इकाइयों ने मायकोलाइव, ओडेसा, निप्रॉपेट्रोस, पोल्टावा, जापोरिजिया, खमेलनित्सकी, किरोवोह्रद, विनित्सिया और चेर्निहाइव क्षेत्रों में रूस द्वारा दागे गए 31 ड्रोन और 12 क्रूज मिसाइलों को रोक दिया। यूक्रेन की वायुसेना के एक बयान के अनुसार, कुल मिलाकर रूस ने 14 मिसाइल और तीन दर्जन से अधिक ड्रोन दागे। यह स्पष्ट नहीं है कि जो मिसाइल और ड्रोन मार गिराये गए, उनसे कितना नुकसान हुआ होगा।

# अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ से 15 लोगों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- बारिश के कारण बगलान प्रांत में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ

अफगानिस्तान के उत्तर-पूर्व क्षेत्र में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से एक ही परिवार के 10 सदस्यों समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई।

असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश देश के कई हिस्सों में कहर बरपा रही है। शनिवार रात आई बाढ़ के कारण उत्तर-पूर्व स्थित बदख्शां और उत्तरी बगलान प्रांत प्रभावित हुए हैं। इस महीने की शुरुआत में भारी बारिश के कारण बगलान प्रांत में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। बदख्शां में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक मोहम्मद अकरम अकबरी ने कहा कि प्रांत की राजधानी फैजाबाद में बाढ़ की चपेट में आकर एक दंपति और उनके आठ बच्चों की मौत हो गई।

बगलान प्रांत में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के प्रांतीय निदेशक इदायतुल्ला हमदर्द ने कहा कि बाढ़ के कारण दोशी जिले में कम से कम 40 घर क्षतिग्रस्त हो गए और कई लोग मारे गए हैं। हालांकि, उन्होंने मृतकों की संख्या के संबंध में अधिक विवरण नहीं दिया। हालांकि, एक स्थानीय अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रांत में बचाव दलों को अब तक पांच शव मिले हैं।

## बाइक रैली



रूस के मास्को स्थित विदेश मंत्रालय की प्रसिद्ध इमारत के पास पारंपरिक स्प्रिंग्स मोटरसाइकिल उत्सव पर मोटरसाइकिल रैली में भाग लेते युवा।

# युवाओं को देंगे अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने पहली बड़ी चुनावी घोषणा की



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी पहली बड़ी चुनावी घोषणा करते हुए कहा कि यदि कंजर्वेटिव पार्टी 4 जुलाई के चुनाव में जीत दर्ज करती है तो वह युवाओं के लिए अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा का एक साहसिक नया रूप पेश करेंगे।

भारतीय मूल के नेता सुनक ने कहा कि उनकी योजना में 18 साल के युवाओं को 12 महीने के लिए पूर्णकालिक सैन्य नियुक्ति का विकल्प दिया जाएगा या एक साल के लिए महीने में एक सप्ताहांत के वास्ते स्वैच्छिक सेवा की योजना दी जाएगी। सैन्य नियुक्ति चयनात्मक होगी, जिसमें पात्रता तय करने के लिए परीक्षा ली जाएगी और इसमें सशस्त्र बल या साइबर रक्षा में काम करना शामिल होगा।

सुनक ने अपनी पार्टी की यह घोषणा करने के लिए एक प्रचार वीडियो में कहा ब्रिटेन में हमारे पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है लेकिन हमारे समाज में एक समस्या यह है कि हमारे पास युवाओं की ऐसी पीढ़ियां हैं जिनके पास वे अवसर नहीं हैं जिनके वे हकदार हैं।

### अब तक 122 नेताओं का चुनाव लड़ने से इनकार

**लंदन।** ब्रिटेन में आम चुनाव की घोषणा के साथ ही पीएम ऋषि सुनक को एक नई समस्या से जूझना पड़ रहा है। सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी में लगातार सासंदों का इस्तीफा जारी है। हाल ही में टोरी पार्टी के पुराने नेता माइकल गोव और आंड्रे लिडसम ने राजनीति को अलविदा कह दिया है। इसके साथ ही सुनक की पार्टी में राजनीति से संन्यास लेने वाले कुल सांसदों की संख्या 78 हो गई है। माइकल गोव से पहले रक्षा मंत्री बेन वालेस, पूर्व पीएम थेरेसा मे, साजिद जाविद, डोमिनिक राब, मैट हैनकॉक, नदीम जहावी जैसे दिग्गजों ने भी अगला आम चुनाव लड़ने से मना कर चुके हैं।

## गर्व के पल — भारतीय फिल्मकारों के लिए शानदार रहा यह साल

# कान महोत्सव में भारत के नाम तीन पुरस्कार

कान, एजेंसी

भारत के लिए इस साल का कान फिल्म महोत्सव शानदार रहा और पायल कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट एफटीआईआई के छात्र चिदानंद एस. नाइक की सनफ्लावर वेयर द फर्स्ट वन्स टू नो, और द शेमलेस की अनसूया सेनगुप्ता को अलग-अलग श्रेणी में प्रमुख पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

शनिवार को संपन्न हुआ 77वां संस्करण निस्संदेह देश के लिए सबसे अच्छा रहा, इस दौरान आठ भारतीय या भारत पर आधारित फिल्मों को पुरस्कार प्रतिस्पर्धाओं में जगह मिली। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा कपाड़िया ने ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट के लिए ग्रां प्री पुरस्कार जीतने वाली पहले भारतीय फिल्म निर्माता बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा हमारी फिल्म को यहां तक लाने के लिए कान फिल्म महोत्सव का शुक्रिया। एक और भारतीय फिल्म के लिए कृपया 30 साल तक इंतजार न करें। फिल्म को पाम डि''ओर के बाद महोत्सव के दूसरे सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रां प्री से सम्मानित किया गया है। अमेरिकी निर्देशक सीन बेकर को अनोरा के लिए सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार पाम डि''ओर से सम्मानित किया गया। कनी कुसरुति, दिव्या प्रभा और छाया कदम अभिनीत मलयाली-हिंदी फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट मुंबई में सड़क यात्रा पर निकलीं तीन महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। कपाड़िया की फिल्म 30 वर्षों में मुख्य प्रतियोगिता में दिखाई गई पहली भारतीय फिल्म और किसी भारतीय महिला निर्देशक की पहली फिल्म है। इससे पहले आखिरी बार शाजी एन करुण की फिल्म स्वाहम (1994) प्रदर्शित की गई थी।

बुल्गारियन निर्देशक कॉन्स्टेंटिन बोजानोव की द शेमलेस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रोडक्शन डिजाइनर सेनगुप्ता अन सर्टेन रिगार्ड श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। इससे पहले, कान महोत्सव के लिए चुनी गईं भारतीय फिल्मों में मृणाल सेन की खारिज (1983), एम एस सथ्यू की गर्म हवा (1974), सत्यजीत रे की पारस पत्थर (1958), राज कपूर की "आवारा" (1953) वी शांताराम की अमर भूपाली (1952) और चेतन आनंद की नीचा नगर (1946) शामिल हैं।



पुरस्कार के साथ पायल कपाड़िया व अन्य। ● एजेंसी

## पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 670 की मौत का अनुमान

**मेलबर्न।** अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने रविवार को अनुमान जताया कि पापुआ न्यू गिनी में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन से 670 लोगों की मौत होने की आशंका है।

दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने कहा कि मौत का संशोधित आंकड़ा यमबली गांव और एंगा प्रांतीय अधिकारियों की इस गणना पर आधारित है कि शुक्रवार को भूस्खलन के कारण 150 से अधिक मकान दब गए हैं, जबकि पहले 60 मकान दबने का अनुमान जताया गया था। एक्टोप्राक ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से कहा वे अनुमान लगा रहे हैं कि 670 से अधिक लोग मिट्टी के नीचे दबे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को भूस्खलन के कारण 100 लोगों की मौत होने की आशंका जताई थी।

# सीमा निगरानी पर अमेरिका और द. कोरिया को चेतावनी

सोल, एजेंसी

- उ. कोरिया ने कहा- देश की संप्रभुता व सुरक्षा का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं

उत्तरी कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर अंतर कोरियाई सीमा पर निगरानी गतिविधियों को बढ़ाने का आरोप लगाया है।



इसी के साथ उत्तर कोरिया ने चेतावनी भी दी कि देश की संप्रभुता और सुरक्षा का उल्लंघन होने पर वह इसके खिलाफ जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा।

उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री किम गैंग ने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया की कठपुतली वायुसेना पूरे दिन बहुत ही कम समय के अंतराल पर हवाई जासूसी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। किम ने आगे कहा जब देश की संप्रभुता और सुरक्षा को खतरा होगा, तो हम तुरंत कार्रवाई करेंगे।

### दक्षिण कोरिया ने मिसाइल की विकसित

दक्षिण कोरिया ने लंबी दूरी तक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एल–एसएएम) प्रणाली का विकास पूरा कर लिया है, जो 50 से 60 किलोमीटर की ऊंचाई पर लक्ष्य को मार गिराने में सक्षम है। योनहाप समाचार एजेंसी ने दक्षिण कोरियाई रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन (डीएपीए) के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया कि एल–एसएएम का उत्पादन अगले साल शुरू होने की उम्मीद है और सशस्त्र बलों को यह प्रणाली 2028 में प्राप्त होगी।